# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 248 । भोपाल, शुक्रवार 8 सितंबर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



दहेज के लिए पत्नी को पन्नी से दागा, आधी रात को घर से निकाला — पृष्ठ 2

▪ हिंदुत्व की जगह सनातन का बाना धारण करने की जुगत
▪ 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का प्रस्ताव लोकतंत्र और संघवाद पर हमला — पृष्ठ 4

▪ रेलवे स्टेशन के टिकट घर में भरा बारिश का पानी, नहीं है निकासी व्यवस्था — पृष्ठ 6

भोपाल में बनेगा सर्वसुविधायुक्त स्टेट मीडिया सेंटर — पृष्ठ 8


## सार-समाचार

### सुभाष चंद्र बोस के पोते ने छोड़ी भाजपा



**कोलकाता, एजेंसी।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पोते चंद्र बोस ने भाजपा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी ने वादा किया था कि वो नेताजी की विचारधारा को आगे बढ़ाएंगें। लेकिन उन्होंने इस पर कोई भी कदम नहीं उठाए। चंद्र बोस 2016 में बीजेपी में शामिल हुए थे। उन्होंने ममता बनर्जी के खिलाफ चुनाव लड़ा था।

उन्होंने जेपी नड्डा को लिखे इस्तीफे में कहा कि जब मैं भाजपा में शामिल हुआ था तो मुझसे वादा किया गया था कि मुझे सुभाष चंद्र बोस और उनके भाई सरत चंद्र बोस की विचारधारा को बीजेपी के मंच से आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। हमने भाजपा में आजाद हिंद मोर्चा बनाने का निर्णय भी लिया था। जिसका उद्देश्य धर्म, जाति, पंथ के बावजूद देश के सभी समुदायों को एक भारतीय के रूप में एकजुट करना था। ऐसा करना देश को एकजुट रखने के लिए जरूरी था। चंद्र बोस के भाजपा छोड़ने पर पश्चिम बंगाल भाजपा के प्रवक्ता समिक भट्टाचार्या ने कहा कि बोस लंबे समय से पार्टी के साथ संपर्क में नहीं थे। चंद्र बोसे पार्टी छोड़ने से पहले भी कई बार पार्टी नेतृत्व पर सवाल खड़े कर चुके हैं। उन्होंने 2019 में सीएए का भी विरोध किया था।

### त्रिपुरा उपचुनाव में मतगणना का बहिष्कार करेगी माकपा

**अगरतला, एजेंसी।** माकपा के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा धनपुर और बॉक्सनगर की दो विधानसभा सीटों पर मंगलवार को हुए उपचुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा के समर्थकों और गुंडों पर बड़े पैमाने पर धांधली व अनियमितता करने और इससे निपटने में चुनाव आयोग की निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को वोटों की गिनती का बहिष्कार करने का फैसला किया है। सीपीआई (एम) के त्रिपुरा राज्य सचिव जितेंद्र चौधरी ने पुलिस और चुनाव अधिकारियों ने डराने-धमकाने के इस नए अंदाज को नजरअंदाज कर दिया।

### जम्मू में आयोजित होगा पहला 'एयर शो'

**श्रीनगर, एजेंसी।** वायु सेना (आईएएफ) के लड़ाकू विमान जम्मू में पहली बार 'एयर शो' में पश्चिमी सीमाओं के करीब आसमान में अपना करतब दिखाएंगे।

जम्मू में शुरू 21 सितंबर को आयोजित होने वाला पहला एयर-शो है, जो भारतीय वायुसेना द्वारा आठ अक्टूबर, 2023 को अपनी 91वीं वर्षगांठ के हिस्से के रूप में मनाएगा। इस दौरान पाकिस्तानी सीमा के निकट आसमान में सुखोई, राफेल जैसे लड़ाकू विमान और अपाचे जैसे युद्ध-हेलीकॉप्टर अपना करतब दिखाते नजर आएंगे।

### टीएमसी ने पुलिस से धरना देने की मांगी अनुमति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (एआईटीसी) ने दिल्ली पुलिस से दो-तीन अक्टूबर को कृषि भवन परिसर में राज्य के उन श्रमिकों को शामिल करने के लिए धरना आयोजित करने की अनुमति मांगी है, जिन्हें कथित तौर पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) 2005 योजना के तहत मजदूरी से वंचित कर दिया गया है। राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने इस बारे में दिल्ली पुलिस को पत्र लिखा था।

### कुनबी मराठों के लिए आरक्षण कोटा का आदेश जारी

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए गुरुवार को 'निजाम युग' के कुनबी जाति (ओबीसी) दस्तावेजी प्रमाण वाले लोगों को कुनबी जाति प्रमाणपत्र देने का आदेश जारी किया।

इसका मतलब यह होगा कि कुनबी जाति प्रमाण के साथ मराठा ओबीसी आरक्षण के लिए पात्र होंगे। इससे जालना में पिछले 10 दिन से भूख हड़ताल पर बैठे मनोज जारांगे-पाटिल की मांगों में से एक पूरी हो जाएगी।

20वां आसियान-भारत शिखर सम्मेलन

# भारत ने सहयोग बढ़ाने 12 सूत्रीय प्रस्ताव दिया

▪ आर्थिक गलियारे की स्थापना करने पर दिया जोर
▪ आसियान-भारत कोष स्थापित होगा



**जकार्ता, एजेंसी।** भारत ने आसियान के साथ अपने सहयोग एवं समग्र रणनीतिक साझीदारी को मजबूत बनाने के लिए 12 सूत्रीय प्रस्ताव रखा है जिसमें कनेक्टिविटी, डिजिटल परावर्तन, व्यापार और आर्थिक जुड़ाव, समकालीन चुनौतियों का समाधान, लोगों के बीच संपर्क और रणनीतिक जुड़ाव को प्रगाढ़ बनाना शामिल है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यहां जकार्ता में 20वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 18वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लिया। विदेश मंत्रालय के अनुसार आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में, प्रधान मंत्री ने आसियान-भारत समग्र रणनीतिक साझीदारी को और मजबूत करने और इसके भविष्य के रोडमैप को तैयार करने पर आसियान भागीदारों के साथ व्यापक चर्चा की। प्रधानमंत्री ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में आसियान की केंद्रीयता की पुष्टि की और भारत के हिन्द प्रशांत महासागरीय पहल (आईपीओआई) और हिन्द प्रशांत पर आसियान के दृष्टिकोण के बीच तालमेल पर प्रकाश डाला। उन्होंने आसियान-भारत मुक्त व्यापार समझौते (एआईटीआईजीए) की समीक्षा को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री ने भारत-आसियान सहयोग को मजबूत करने के लिए 12-सूत्रीय प्रस्ताव प्रस्तुत किया। प्रस्ताव में दक्षिण-पूर्व एशिया-भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप को जोड़ने वाले मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी और आर्थिक गलियारे की स्थापना करने ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### चीन की विस्तारवादी नीतियों पर भारत का प्रहार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आह्वान किया कि दक्षिण चीन सागर में समुद्री कानूनों पर संयुक्त राष्ट्र की संधि (यूएनसीएलओएस) पर आधारित आचार संहिता अमल में लायी जाए तथा इस बात पर जोर दिया कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पूरी तरह अनुपालन करते हुए सभी देशों की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता को सुदृढ़ करने के लिए सबकी प्रतिबद्धता और साझा प्रयास सुनिश्चित किये जाएं। श्री मोदी ने आज यहां 18वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में अपने संबोधन में चीन की विस्तारवादी नीतियों को खारिज कर दिया और उसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों के प्रति जवाबदेह बनने की नसीहत दी।

कांग्रेस ने मनाई 'भारत जोड़ो यात्रा' की पहली वर्षगांठ

# नफरत के बाजार में खुल रही मोहब्बत की दुकानें



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि आज उनकी 'भारत जोड़ो यात्रा' की पहली वर्षगांठ है और तब से नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकानें लगातार खुल रही हैं। श्री गांधी ने एक्स पर लिख, 'भारत जोड़ो यात्रा' का एक साल। नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकानें खुल रही हैं। भारत जोड़ो यात्रा के एकता और मोहब्बत की ओर करोड़ों कदम, देश के बेहतर कल की बुनियाद बने हैं। यात्रा जारी है- नफरत मिटने तक, भारत जुड़ने तक। ये वादा है मेरा।' इसके साथ ही उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा पर एक वीडियो भी पोस्ट किया है जिसमें भारत जोड़ो यात्रा की झांकियां प्रदर्शित की गई है।

### अलग-अलग रूपों में यात्रा आज भी जारी : जयराम

पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा भारतीय राजनीति में एक बेहद परिवर्तनकारी घटना थी। यह यात्रा बढ़ती आर्थिक असमानता, बढ़ते सामाजिक ध्रुवीकरण और राजनीतिक तानाशाही जैसे विषयों पर केंद्रित थी। राहुल गांधी ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने दी बधाई



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने श्री गांधी को इस यात्रा के लिए बधाई दी और कहा 'भारत जोड़ो यात्रा' के एक वर्ष पूरे होने पर, मैं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी, सभी भारत यात्रियों और हमारे लाखों नागरिकों को बधाई देता हूं जो इस यात्रा में शामिल हुए।' उनके इस प्रयास से कांग्रेस को जबरदस्त मजबूती मिली है।

### भारत व इंडिया में भिड़ंत कराने की हो रही साजिश

कांग्रेस ने गुरुवार को कहा देश में भारत और इंडिया की बीच भिड़ंत करने की कोशिश की जा रही है और इस साजिश के पीछे कौन लोग हैं इसका उनकी पहचान हो चुकी है इसलिए उन्हें देश की जनता करारा जवाब देगी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा, सवाल है कि एक जुड़ा हुआ भारत किसे परेशान कर सकता है। वे कौन ताकतें हैं जो 'भारत' को 'इंडिया' से भिड़वा रही हैं। आज यह सवाल बेहद जरूरी है ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

पहली बार दिल्ली से बाहर हुआ आयोजन : मुख्यमंत्री और केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने वितरित किए पुरस्कार

# राष्ट्रीय स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में इंदौर प्रथम



भोपाल को 5वां, जबलपुर को 13वां और ग्वालियर को मिला 41 वां स्थान, सागर और देवास भी हुए पुरस्कृत

**भोपाल, देशबन्धु।** राष्ट्रीय स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2023 में इंदौर ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। देश के 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों में अव्वल रहने पर इंदौर को 1 करोड़ 10 लाख रुपए का प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही भोपाल को 5वां, जबलपुर को 13वां और ग्वालियर को 41 वां स्थान प्राप्त हुआ है। 3 लाख से 10 लाख तक की जनसंख्या वाले शहरों में सागर को देश में 10 वां और 3 लाख से कम आबादी वाले शहरों में देवास को छटवां स्थान प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार कुशाभाऊ ठाकरे इन्टरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस के राष्ट्रीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय पयार्वरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने प्रदान किए। आयोजन की खास बात यह रही कि यह पहला मौका है जब यह आयोजन दिल्ली से बाहर किसी अन्य राज्य में हुआ है।

वहीं इस कार्यक्रम में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में आगरा को एक करोड़ रुपए का द्वितीय और महाराष्ट्र के ठाणे को 50 लाख रुपए का तृतीय प्रदान किया गया। जबकि 3 से 10 लाख आबादी की श्रेणी में अमरावती को पहला पुरस्कार 75 लाख रुपए, मुरादाबाद को दूसरा पुरस्कार 50 लाख और गुंटूर को तीसरा पुरस्कार 25 लाख रुपए का प्रदान किया गया। इधर 3 लाख से कम आबादी की श्रेणी में हिमाचल प्रदेश के परवानू को 37.50 लाख का प्रथम और काला अंब को 25 लाख रुपए का द्वितीय तथा उड़ीसा के अंगुल को 12.50 लाख रुपए का तृतीय पुरस्कार दिया गया।

इसके पहले मुख्यमंत्री श्री चौहान तथा केंद्रीय मंत्री श्री यादव ने दीप प्रज्जवलित कर राष्ट्रीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने मिशन लाइफ, गौ-काष्ठ, अपशिष्ट प्रबंधन, कार्बन कैप्चर, प्रदूषण नियंत्रण के उपाय, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, क्लीन एयर प्रोजेक्ट, सेल्फी कियोस्क, सीमेंट उद्योग में प्रदूषण नियंत्रण, आदि पर केंद्रित प्रदर्शनी का फीता काट कर उदघाटन किया। इस मौके पर शहरों द्वारा वायु प्रदूषण कम करने के श्रेष्ठतम प्रयासों पर केंद्रित पुस्तक सार संग्रह का विमोचन हुआ और स्वच्छ वायु कार्यक्रम की सफलता की कहानियों तथा मिशन लाइफ पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण मंत्री हरदीप सिंह डंग, प्रमुख सचिव गुलशन बामरा सहित भारत सरकार के अधिकारी, विभिन्न नगर निगमों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पर्यावरण अनुकूल शैली अपनाना समय की आवश्यकता : शिवराज

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने राष्ट्रीय कार्यक्रम में पुरस्कार प्राप्त करने वाले नगरों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वायु शुद्ध रखने के लिए किए गए कार्य आगामी पीढ़ियों को सुरक्षित रखने का प्रयास हैं। प्रदेश के पर्यावरण संरक्षण और वायु की शुद्धता के लिए प्रयास निरंतर जारी रहेंगे, क्योंकि यह गतिविधियां प्रदेश को गौरवान्वित करने के साथ मानवता के कल्याण की दिशा में भी योगदान देती हैं। पर्यावरण अनुकूल शैली अपनाना समय की आवश्यकता है। पर्यावरण पर पड़ रहे विपरीत प्रभाव के कारण वर्षा भी असामान्य रूप से होती है। इन संकेतों को हमें समझना होगा और वैश्विक स्तर पर निर्मित हो रही इस स्थिति को सुधारने में अपना योगदान देना होगा।

उन्होंने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण से प्रेम भारत की माटी में है। भारतीय संस्कृति की मान्यता है कि प्रकृति का शोषण नहीं अपितु उसका दोहन किया जाए। हम प्रकृति से उतनी मात्रा में ही संसाधन लें, जिसकी भरपाई की जा सके। श्री चौहान ने कहा कि मैंने ढाई साल पहले प्रतिदिन स्वयं पौधा लागने का संकल्प लिया, मेरे इस प्रयास से लोग जुड़ते गए और अब पौधरोपण प्रदेश में अभियान बन गया है।

### सरकार स्वच्छ वायु सुनिश्चित करने प्रतिबद्ध : यादव

केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि 15 अगस्त, 2020 को प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश के सभी लोगों को स्वच्छ वायु सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त की थी। उन्होंने स्वस्थ और उत्पादक जीवन का आश्वासन देते हुए समग्र दृष्टिकोण के माध्यम से सौ से अधिक शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार करने के उद्देश्य और योजना की घोषणा की थी। इसके अनुपालन में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा भारत में शहर और क्षेत्रीय पैमाने पर वायु प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए कार्यों को रेखांकित करते हुए राष्ट्रीय स्तर की रणनीति के रूप में एक राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) को लागू किया गया। इसके अंतर्गत 131 शहरों को चिन्हित किया गया है। समन्वय, सहयोग, भागीदारी और सभी हितधारकों के निरंतर ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

# जेएनयू में दिव्यांग छात्र की पिटाई, हालत गंभीर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय एक बार फिर सुर्खियों में है। यहां पीएचडी कर रहे एक दिव्यांग छात्र फारुख आलम की पिटाई का मामला सामने आया है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है. फिलहाल गंभीर हालात में छात्र को एम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

**एनएसयूआई ने विद्यार्थी परिषद पर लगाया आरोप, कहा- विवि में अब वैचारिक बहस नहीं, मारपीट होती है**

विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले एनएसयूआई के छात्रों ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों पर मारपीट आरोप लगाया है. उनका कहना है कि जिस तरीके से परिसर के अंदर विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने एक दिव्यांग छात्र के साथ मारपीट की है, यह काफी निंदनीय है.एनएसयूआई छात्रों का कहना है कि जेएनयू परिसर अब पढ़ाई के लिए कम और मारपीट के लिए अधिक जाना जा रहा है. इसके लिए विद्यार्थी परिषद जिम्मेदार हैं, इस संगठन को प्रशासन और राजनीतिक संरक्षण मिला हुआ है। एनएसयूआई के छात्रों ने बताया कि घायल छात्र इस विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रहा हैं। उसकी पीएचडी दो महीने में खत्म होने वाली है.बुधवार दोपहर जेएनयू प्रशासन एक पुराने मामले में कावेरी हॉस्टल में रह रहे पीड़ित छात्र का कमरा खाली कराने के लिए आया था. जेएनयू प्रशासन के साथ विद्यार्थी परिषद से जुड़े कुछ छात्र भी आये थे, जिन्होंने ना सिर्फ लड़ाई झगड़ा किया, बल्कि दिव्यांग होने के बावजूद उसके साथ बुरी तरह से मारपीट की। इस दौरान वह बेहोश हो गया, जिसके बाद उसे एम्बुलेंस से एम्स में भर्ती कराया गया।

जी-20 सम्मेलन के लिए मेहमानों का आना शुरू

# मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनौथ दिल्ली पहुंचे

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** राजधानी दिल्ली में जी-20 समिट के लिए विदेशी मेहमानों का आना गुरुवार को शुरू हो गया है। मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनौथ सम्मेलन के लिए पहुंच गए हैं। उन्होंने सम्मेलन की थीम- वन अर्थ, वन फैमिली एंड वन फ्यूचर के लिए कहा कि मुझे लगता है कि इससे बेहतर थीम हो ही नहीं सकती थी जिसे भारत ने चुना है। इसे संस्कृत के 'वसुधैव कुटुंबक' से लिया गया है।

जुगनौथ ने कहा कि मुझे लगता है कि जब हम जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को देखते हैं तो यह और भी प्रासंगिक है। क्योंकि एक देश जो करता है, उसका असर न केवल उस देश पर बल्कि पूरी दुनिया पर पड़ता है। इसलिए, हमें सामूहिक रूप से यह दिखाना होगा और हमें सामूहिक रूप से इस पर काम करना होगा। हम में से हरेक का कर्तव्य है कि हम ग्रह को बचाएं और पूरी आबादी को बचाएं।




### सम्मेलन से पहले दिल्ली में सुरक्षा बढ़ाई गई

जी20 शिखर सम्मेलन से पहले राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। दिल्ली पुलिस कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए फ्लैग मार्च कर रही है, गश्त और चेकिंग बढ़ा रही है। यह जानकारी गुरुवार को एक अधिकारी ने दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक, शहर के हर जिले में रोजाना फ्लैग मार्च किया जा रहा है।

### 1.5 लाख जवान तैनात किए गए

देश की राजधानी दिल्ली में 9 और 10 सितम्बर को जी-20 सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। सम्मेलन में विश्व नेताओं की सुरक्षा के लिए देशभर के 1.5 लाख जवान तैनात किए गए हैं।

वहीं, दिल्ली पुलिस के जवान राजघाट इलाके में ट्रैक्टर से गश्त कर रहे हैं।



### 10 हजार फीट ऊंचाई पर लहराया जी-20 का झंडा

भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर गजेंद्र ने गुरुवार को 10000 फीट से स्काई डाइविंग करते हुए जी-20 का झंडा फहराया। वीडियो के बैकग्राउंड में बॉलीवुड की फिल्म 83 का सॉन्ग 'लहरादो' गाना बज रहा थी।

### अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन आज पहुंचेंगे



**60 गाड़ियों का काफिला चलेगा साथ**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन 8 सितंबर को 3 दिन के दौरे पर भारत आ रहे हैं। ये राष्ट्रपति बनने के बाद उनका पहला भारत दौरा होगा। वो शाम को एयरफोर्स-1 से दिल्ली पहुंचेंगे। 8 सितंबर को बाइडेन प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। पहले व्हाइट हाउस ने बताया था कि वो 7 सितंबर से दिल्ली के दौरे पर रहेंगे। अब व्हाइट हाउस ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया है कि वो अमेरिका से जर्मनी के रैम्स्टीन शहर जाएंगे। बाइडेन को दिल्ली के आईटीसी मौर्या होटल में ठहराया जाएगा। बाइडेन की सुरक्षा के लिए अमेरिका की सीक्रेट सर्विस की टीम 3 दिन पहले ही भारत पहुंच चुकी है। बाइडेन सीक्रेट सर्विस के 300 कमांडो के सुरक्षा घेरे में रहेंगे। दिल्ली की सड़कों पर निकलने वाला सबसे बड़ा काफिला भी उनका ही होगा, जिसमें 55-60 गाड़ियां शामिल होंगी।

## सार समाचार

### युवती का मोबाईल चुराने वाला गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली पुलिस ने होटल पर नाश्ता करने के दौरान युवती का मोबाईल चुराने वाले चोर को पकड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 वर्षीय एक युवती द्वारा गुना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 1 अगस्त को वह भोपाल में म.प्र. पुलिस का पेपर देकर रात को ट्रेन से गुना वापस आई थी। तभी स्टेशन के बाहर रोड पर उसके एक होटल पर नाश्ता करने दौरान पास ही टेविल पर रखे उसके मोबाईल को कोई चोरी कर ले गया। जिसकी रिपोर्ट पर से अज्ञात आरोपी के विरुद्ध गुना कोतवाली में धारा 379 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है। उक्त मामले में पुलिस ने मुखबिर से प्राप्त सूचना पर मोबाईल चोर अरविन्द पुत्र राजू लोधी निवासी मकरोनिया, जिला सागर को गिरफ्तार कर जिसके कब्जे से युवती का चोरी किया गया 10 हजार रुपये कीमत का मोबाईल बरामद किया है।

### सकतपुर और हमीरपुर में खेत किनारे खड़ी 2 मोटर सायकिलें चोरी

**गुना, देशबन्धु।** कैंट थानांतर्गत सकतपुर रोड स्थित खेत पर गाड़ी खड़ी करके गए किसानों की मोटर सायकिल अज्ञात चोर ले गए। इसके अलावा फतेहगढ़ थानांतर्गत भी खेत पर रोड किनारे खड़ी मोटर सायकिल को चोर ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी मनभ्श ओझा ने बताया कि विगत दिवस रात 8 बजे के करीब वह अपनी मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 08 जेडए 6671 से तालाब के पास सकतपुर रोड स्थित खेत पर गए थे। इस दौरान वह खेत के पास रोड पर ही गाड़ी खड़ी करके खेत की फसल देखने चले गए। करीब एक घंटे बाद वापस आए तो गाड़ी गायब थी। कोई अज्ञात चोर गाड़ी को चुरा ले गया।

ऐसा ही मामला फतेहगढ़ थानांतर्गत हमीरपुर में सामने आया। यहां फरियादी चतर्भुज ढीमर ने बताया कि उनका लडक़ा एवं लडक़ी मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 08एमटी 8606 से खेत पर घास लेने गए थे। यहां उन्होंने खेत पर जाकर रोड किनारे मोटर साइकिल खड़ी कर दी थी, उसके बाद हम घास काटने चले गए थे। करीब बीस मिनट बाद वह घास काटकर लौटे तो मोटर साइकिल नहीं दिखी। उन्होंने काफी जगह बाईक तलाश की कोई पता नहीं चला। कोई अज्ञात चोर उनकी मोटर सायकिलें ले गया।

### विहिप बजरंगदल ने मनाया स्थापना दिवस

**आरोन, देशबन्धु।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंगदल का स्थापना कार्यक्रम ओझा धर्मशाला में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम राम दरबार एवं श्रीकृष्ण जी की पूजा अर्चन की गई। आचार्य पद्धति के साथ बैठक संपन्न हुई। जिसमें प्रखंड मंत्री सौरभ रजक ने विश्व हिंदू परिषद की स्थापना के बारे में विस्तृत जानकारी दी और कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। साथ ही 12 सितंबर को शौर्य यात्रा के बारे में आगामी रूपरेखा तैयार की गई। प्रखंड अध्यक्ष राजेश शास्त्री ने बौद्धिक में बताया कि श्री कृष्ण जन्मोत्सव के ही दिन 1964 को संपूर्ण हिंदुओं को एकत्रित करने संगठित होने और विरोधियों से सनातन धर्म की रक्षा करने के लिए विहिप की स्थापना की गई थी। वक्ताओं ने कहा कि हम सबको सनातन धर्म की मठ मंदिरों की गौ माता की रक्षा करनी है। स्थापना कार्यक्रम के सभी कार्यकर्ताओं से व्रत लिए। नगर मंत्री दीपक ओझा ने शौर्य यात्रा के बारे में विवरण दिया और गांव-गांव समितियों का गठन होना चाहिए और ज्यादा से ज्यादा लोग सनातन धर्म के प्रति जागरूक होकर संगठन से जुड़े। जिसमें काफी संख्या में प्रखंड एवं खंड के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीमा पर चैकिंग के दौरान धरे गए

# 1 लाख की स्मैक के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार



**गुना, देशबन्धु।** जिले की कुंभराज पुलिस द्वारा अंतर्राज्यीय बॉर्डर नाका चैकिंग के दौरान दो स्मैक तस्कर को दबोचकर 1 लाख की 10.01 ग्राम स्मैक पकड़ी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस पुलिस द्वारा अंतर्राज्यीय बॉर्डर नाका चैकिंग पोस्ट ग्राम बड़ागांव पर वाहन चैकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान पुलिस फोर्स को राजस्थान तरफ से बिना नंबर की एक टीव्हीएस रेडोन मोटर सायकिल आते हुये दिखाई दी। जिस पर दो व्यक्ति बैठे हुये थे। जिनके नजदीक आने पर पुलिस द्वारा उन्हें हाथ देकर रोकने का प्रयास किया तो मोटर सायकिल के चालक द्वारा मोटर सायकिल को धीमा किया और फिर एकदम से स्पीड बढ़ाकर भागने का प्रयास किया।

पुलिस फोर्स द्वारा जिनका पीछा किये जाने वह लोग मोटर सायकल पटक कर खेतों तरफ भागे। लेकिन पुलिस फोर्स द्वारा जिन्हें बेमुश्किल घेराबंधी कर दबोच लिया गया। जिनसे नाम पता पूछने पर चालक द्वारा अपना नाम रामसेवक पुत्र श्रीलाल मीना निवासी ग्राम कानाखेड़ी थाना कुम्भराज एवं पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम सतीश उर्फ सत्या पुत्र सुरेशचंद्र सोनी निवासी गायत्री मंदिर के पीछे कुम्भराज के होना बताए। जिनकी तलाशी लेने पर उनके पास से 10.01 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## सिटी कोतवाली पुलिस में दर्ज हुआ पति और सास पर मामला

# दहेज के लिए पत्नी को जलती पन्नी से दागा, आधी रात को घर से निकाला

**गुना, देशबन्धु।** शहर की सिटी कोतवाली थानांतर्गत पति एवं सास के खिलाफ दहेज प्रताडऩा तथा मारपीट का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनीषा पत्नी धर्मेन्द्र अहिरवार ने पुलिस को शिकायत दर्ज की आए दिन उसका पति शराब के नशे में जुआ खेलने के लिए पैसे मांगता है। नहीं देने पर उसके साथ मारपीट करता है। विगत दिवस उसके पति ने प्रताडऩा की जद पार करते हुए गर्म पन्नी से दाग दिया और बोला कि तू अपने पिता के घर से दहेज के पैसे लाकर दे।

वहीं उसकी सास ने भी उसे प्रताड़ित करते हुए धमकी दी कि तू भाग जा मैं अपने बेटे की शादी कहीं और कराओगी। पति और सास ने आधी रात को ही महिला को उसके एक वर्षीय बच्चे के साथ घर से भगा दिया। जिसके बाद वह रोते-बिलखते ट्रेन से इंदौर अपने भाई के पास पहुंची।

गत दिवस सिटी कोतवाली में पुलिस ने पति और सास की शिकायत की। जिस पर पुलिस ने पति और सास के खिलाफ धारा 498 ए, 324, 294, 34 भादवि एवं दहेज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### देशी कट्टे के साथ पारदी बदमाश गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा हड्डीमिल क्षेत्र से एक पारदी बदमाश को देशी कट्टा मय कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि हड्डीमिल स्थित दरगाह के पास एक लडक़ा देशी लोडेड कट्टे के साथ घूम रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। यहां पुलिस को देखकर युवक भागने लगा। जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर धरदबोचा। जिसने पूछताछ में अपना नाम लखन पारदी पिता गुमान पारदी (23) निवासी बीलाखेड़ी थाना धरनावदा हाल निवासी पानी की टंकी के आगे हड्डीमिल होना बताया। जिसकी तलाशी लेने पर पुलिस ने एक देशी 315 बोर का कट्टा मय दो कारतूसों के साथ बरामद किया।

### सट्टा पर्ची काटते हुए एक गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** विजयपुर थाना पुलिस द्वारा एनएफएल में सट्टे की पर्ची काटते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एनएफएल में एक व्यक्ति टंकी के पास पालिका बाजार में एक रूपये के बदले 90 रूपये का प्रलोभन देकर सट्टा पर्ची काट रहा है। उक्त सूचना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बाबाकलाम पुत्र शहजाद खान निवासी पालिका बाजार को सट्टा काटते हुए पकड़ा। जिसके पास से पुलिस ने 2 सट्टा अंक लिखी पर्ची एवं 1450 रूपये नगदी जप्त किए। पुलिस ने आरोपी पर धारा 4(क) ध्रुत क्रीडा अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

## कैरियर काउंसलिंग और युवा कार्यशाला आज



**आरोन, देशबन्धु।** जैन मिलन, युवा जैन मिलन एवं महिला जैन मिलन आरोन के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 8 अक्टूबर को कैरियर काउन्सलिंग एवं युवा कार्यशाला के रूप में एक क्षेत्रीय युवा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को वीर प्रदीप गांधी गुना द्वारा हम होंगे कामयाब नाम दिया गया है। जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 12 के क्षेत्रीय प्रचार मंत्री एवं प्रवक्ता शिक्षक सुनील झंडा ने बताया कि इस युवा सम्मेलन में विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों द्वारा युवाओं को खासतौर पर विद्यार्थियों को कैरियर काउन्सलिंग के लिए मार्गदर्शन दिया जाएगा। जैन समाज एवं ट्रस्ट कमेटी आरोन के सहयोग से इस अभिनव आयोजन को आयोजित करने के लिए संजीव जैन रामपुर अध्यक्ष और प्रदीप जैन झण्डा मंत्री के नेतृत्व में सम्पूर्ण जैन मिलन परिवार आरोन बहुत उत्साहित है। इस संपूर्ण आयोजन की विस्तृत कार्य योजना का क्रियांवयन कराने के लिए विगत दिवस जैन मिलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय जैन गुना, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय जैन, क्षेत्रीय मंत्री पीके जैन, क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एससी जैन, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष प्रमोद चौधरी, एवं डॉ वीके जैन की उपस्थिति में एक बैठक का आयोजन आरोन में किया गया। इस अवसर पर जैन समाज अध्यक्ष विजय डोडिया एवं सभी अतिथियों का स्वागत स्थानीय जैन मिलन महिला जैन मिलन एवं युवा जैन मिलन द्वारा किया। बैइक में जैन मिलन के अध्यक्ष संजीव रामपुर, शाखा मंत्री गोलू झंडा, उपाध्यक्ष संटू कांसल, मोनू वर्णी, प्रवीण बांझल, संजय जैन, जैकी जैन, डॉ राजेश जैन, युवा जैन मिलन के अध्यक्ष शशांक बांझल, शाखा मंत्री मयंक उनारसी, प्राशु मूडरा, शशांक पर्वरिया, संदेश कालादेव, पियूष अजंता, मीना वर्णी, रागिनी जैन, बबीता कांसल, समता भाईजी, सीमा भाईजी, जयंती भूमरिया, प्रीति जैन, ऋतु जैन, संगीता रामपुर आदि उपस्थित थे।

## एकल के 3 दिवसीय नवीन आर्चाय अभ्यास वर्ग हुआ समापन

**गुना, देशबन्धु।** व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास शिक्षा से ही होता है। शिक्षा से ही ज्ञान प्राप्त होता है और ज्ञान से ही व्यक्ति का सर्वांगीण विकास सम्भव है। हम सभी एकल आचार्य अभ्यास वर्ग में शिक्षा का महत्व को समझते हुए इन तीन दिनों में आपको प्राप्त पंचमुखी शिक्षा से बच्चों को शिक्षित करने में सभी आचार्य जनों को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। यह वर्ग का समापन है और आपका सेवा कार्य का आरंभ है। उक्त बात एकल अभियान अंचल गुना के तीन दिवसीय नवीन आर्चाय अभ्यास वर्ग को संबोधित करते हुए मध्य भारत भाग शिक्षा समिति प्रभारी विकास जैन ने कही। समापन वर्ग से पूर्व अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण किया। इस।

इस मौके पर संभाग शिक्षा प्रशिक्षण प्रमुख विजय सिंह, भाग शिक्षा प्रमुख नारायण सिंह, गुना अंचल अध्यक्ष मदन सोनी, कोषाध्यक्ष मुकेश सविता, सुधीर अस्थाना ने आचार्य अभ्यास वर्ग को संबोधित कर पंचमुखी शिक्षा का महत्व बताया। 5 सितंबर मंगलवार को टेकरी मंदिर हाल में तीन दिवसीय वर्ग का आरंभ किया गया था जिसका गुरुवार को समापन किया गया। जिसमे गुना अंचल के 14 सचों के नवीन आर्चाय और बहनों ने सम्मिलित होकर प्रशिक्षण लिया। यह सभी आर्चाय गांव गांव में जाकर पंचमुखी शिक्षा से जनजाति समाज के बच्चों को शिक्षित कर उनके सर्वागीन विकास करेंगे। इस अवसर पर अभियान प्रमुख पप्पू सिंह, धनसिंह बंजारा, नारायण सिंह, ब्रजेश शर्मा, संच प्रमुख कल्याण बंजारा, बलवीर अहिरवार सहित नवीन आचार्य उपस्थित रहे।

# भारत जोड़ो यात्रा की वर्षगांठ पर कांग्रेस ने निकाली रैली



**गुना, देशबन्धु।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा के एक वर्ष पूरे होने पर कांग्रेसजनों ने यात्रा की वर्षगांठ मनाई। इस मौके पर कांग्रसेजनों ने शहर के प्रमुख मार्गों से पैदल यात्रा निकाली। यात्रा का शुभारंभ नेहरु पार्क से हुआ। यहां बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एकत्रित हुए। रैली हनुमान चौराहा, हाट रोड, नीचला बाजार, सदर बाजार, लक्ष्मीगंज स्थित शास्त्री पार्क पहुंची। यहां यात्रा के समापर अवसर पर कांग्रेस के वक्ताओं ने संबोधित किया। इसके पूर्व यात्रा का शुभारंभ नेहरू जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ।

इस मौके पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि देश नफरत से नहीं मोहब्बत से चलेगा। मोहब्बल की दुकान ही भाजपा को हराएगी। राहुल गांधी ने इस यात्रा के दौरान भारत के विभिन्न हिस्सों में जाकर लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना, और उनके साथ संवाद किया। उद्देश्य भारतीय समाज के विभिन्न वर्गों और समुदायों के लोगों के दर्द और तंगी को समझना और उनके बीच के संघर्षों का समाधान ढूंढना था। उल्लेखनीय है कि 7 सितंबर 2022 को राहुल गांधी ने पहली भारत जोड़ो यात्रा का शुभारंभ किया था। हजारों किलोमीटर 12 राज्यों 2 केंद्र शासित राज्यों के 75 जिलों की 76 लोकसभा क्षेत्रों से 136 दिनों में पूरी की थी।

# ठेका कर्मचारियों ने विधायक से भेंट कर दिया ज्ञापन



**सीहोर, देशबन्धु।** आल डिपार्टमेंट आउट, अस्थाई एवं ठेका कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने विधायक सुदेश राय से भेंट कर एक ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर मोर्चा जिलाध्यक्ष अरविन्द शर्मा ने विधायक श्री राय के समक्ष अपनी बात रखते हुए कहा कि सभी विभागों में कार्यरत आउटसोर्स, अस्थाई एवं ठेका कर्मचारियों की मांगों के निराकरण एवं प्रदेश स्तरीय सम्मेलन बुलाने की हमारी मांग प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तक पहुंचाए। इस मौके पर विधायक श्री राय ने मोर्चा की मांगों को सरकार तक पहुंचाने और जल्द पूरा करवाने का आश्वासन दिया।

ज्ञापन में ठेका कर्मचारियों ने 4 प्रमुख मांगों का जिक्र किया था। इस मौके पर ज्ञापन देने वालों में दानिश कुरैशी, हरीश राठौर, राहुल धनगर, अनिल बिरहा, आकाश ठाकुर, सर्वेश, हृदेश कुशवाहा, दीपक कुशवाहा, नारायण राजपूत, जीवन सिंह दांगी, अनूप सिसौदिया, अजय मेवाड़ा, महेश मांझी, सचिन नामदेव आदि शामिल थे।

मोर्चा जिलाध्यक्ष अरविन्द शर्मा ने कहा कि मप्र शासन के सभी विभागों में कार्यरत लाखों आउटसोर्स, अस्थाई एवं ठेका कर्मचारी अब तक के सबसे बड़े अन्याय के शिकार हैं, जिन्हें न तो न्यूनतम वेतन मिलता है, न ही पीएफ जमा होता, कभी भी नौकरी से निकालने का संकट हमेशा बना रहता है। आउटसोर्स एजेंसियों की मनमानी, पीएफ जमा न करना, शासन के निर्देशों की अवहेलना आम बात है।

# झांकियों के साथ निकाला चल समारोह, पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

▸ भगवान श्रीकृष्ण के जय घोष से गूंजा शहर

**सीहोर, देशबन्धु।** कृष्ण जन्माष्टमी पर शहर में सर्व यादव समाज द्वारा चल समारोह निकाल गया। चल समरोह में भगवान श्रीकृष्ण के जमकर जयघोष लगाए गए, जिससे पूरा शहर जयकारों से गूंजमान हो गया। इस मौके पर शहर के खजांची लाइन जोड़ पर सर्व ब्राह्मण समाज के अलावा कोतवाली चौराहे पर विठलेश सेवा समिति सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। स्थानीय राधेश्याम मंदिर ग्वालटोली से गुरुवार को सुबह चल समारोह शुरु हुआ। जो कि शहर के प्रमुख मार्गों



से होते हुए कस्बा स्थित राम मंदिर पहुंचा। जहां पर पूजा-अर्चना के बाद चल समरोह का समापन हुआ। चल समारोह में भगवान श्रीकृष्ण और राधा की मनमोहक झांकी सजाई गई। युवाओं की टोली ढोल मंजीरा थाप पर भागवान कृष्ण के भजनों पर झूमते हुए चल रहे थे। उनके पीछे अखाड़े के कलाकार करतब दिखाते हुए चल रहे है। जगह-जगह चल समारोह में शामिल लोगों को पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। चल समारोह के अध्यक्ष राजू पटेल सहित सैकड़ों की संख्या में समाजजन और क्षेत्रवासी शामिल थे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष तारा यादव ने बताया कि चल समारोह के अध्यक्ष श्री पटेल के नेतृत्व में इस साल ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। चल समारोह में यमुना नदी पार करते हुए वासुदेव और श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकी सजाई गई थी। इसमें शेषनाग भी भगवान कृष्ण को बारिश से बचाते हुए दिखाया गया था। यह झांकी समारोह में आकर्षण का केंद्र रही। एतिहासिक चल समारोह के अध्यक्ष श्री पटेल ने भव्य समारोह को सफल बनाए जाने पर बधाई दी।

# 2 तस्करों से 10 किलो से ज्यादा गांजा बरामद

**शिवपुरी, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश और मार्गदर्शन में थाना दिनारा पुलिस ने 2 तस्करों से 10 किलो 868 ग्राम गांजा बरामद कर गिरफ्तार कर लिया। जप्त गांजे की कीमत करीब 10 लाख 90 हजार रुपए बताई गई है।

पुलिस के अनुसार 6 सितम्बर को थाना प्रभारी दिनारा को मुखबिर से खबर मिली थी कि 2 व्यक्ति एक मोटर साईकिल से अवैध गांजा लेकर झांसी की तरफ से दिनारा की ओर आ रहे हैं, इस सूचना से थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर उनसे निर्देश प्राप्त करने के बाद थाना प्रभारी दिनारा संतोष भार्गव द्वारा अपने थाने के बल के साथ पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निर्देशन में और एसडीओपी अनुभाग करैरा के मार्गदर्शन मे त्वरित कार्यवाही करते हुए सूचना पर से झांसी शिवपुरी हाईवे रोड दिनारा चैक पोस्ट प्रतीक्षालय के पास आने वाले वाहनों को रोककर चैक किया। वाहन चैकिंग के दौरान मुखबिर के बताए हुलिया के अनुसार 2 व्यक्ति एक काले रंग की हीरो स्पलेंडर मोटर साईकिल नंबर एम.पी. 07 एन डी 1722 व गाड़ी पर बैठे दोनों व्यक्ति जिनकी पीठ पर काले रंग के पिट्ठू वैग टंगे हुए थे हमराह स्टाफ की मदद से घेरकर पकड़ा। मोटर साईकिल चालक ने अपना नाम दिनेश पुत्र शिवलाल सेन (33) निवासी ग्राम गढी थाना पिछोर जिला ग्वालियर का होना बताया, जबकि मोटर साईकिल पर पीछे बैठे विकलांग व्यक्ति ने अपना नाम राजकुमार पुत्र बाली सेन (35) निवासी पुराना दिनारा जिला शिवपुरी का होना बताया। तलाशी लेने पर मोटर साईकिल चला रहे आरोपी दिनेश के पास बैग में 4 किलो 451 ग्राम गांजा मिला, दूसरे आरोपी राजकुमार के पास से मिले दो पैकेटों में 6 किलो 417 ग्राम गांजा पाया गया। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## कलाकारों ने समझाया ग्रामीणों को मतदान का महत्व

**शिवपुरी, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में नागरिकों द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने एवं उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए जागरुक करने के मकसद से जिले में उत्साह के साथ मतदाता जागरुकता कार्यक्रम ''स्वीप'' चलाए जा रहे है।

इसी कड़ी में आज कलापथक दल के प्रमुख कलाकार विनोद श्रीवास्तव द्वारा जनपद बैराड़ की ग्राम पंचायत रसेरा में ग्रामीणों को अपने मताधिकार के उपयोग के प्रति जागरुक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के प्रति जागरुक किया गया। प्रमुख कलाकार विनोद श्रीवास्तव ने ग्रामीणों को जागरुक करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। ग्रामीण भी इन कार्यक्रमों में रूचि दिखा रहें और बढ़-चढ़कर जागरुकता अभियान में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी गांव के लोग मताधिकार का उपयोग अवश्य करें।

## *जगह-जगह हुए स्वागत, जन्माष्टमी पर शहर में हुए कई आयोजन*

# *ढोल-नगाड़ों के बीच निकली श्रीकृष्ण की रथ यात्रा*





***गुना, देशबन्धु।*** *भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव जन्माष्टमी शहर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस मौके पर दिनभर मंदिरों एवं घरों में कीर्तन का आयोजन हुआ, तो रात होते हुए मंदिर रोशनी से जगमगा उठे। वहीं मटकी फोड़ प्रतियोगिताओं की तैयारियां दिनभर चलती रही। इस दौरान देर रात तक मटकी फोड़ प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। जन्माष्टमी पर यादव महासभा द्वारा भव्य जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से निकाला गया। जो स्थानीय गायत्री मंदिर से आरंभ होकर हनुमान चौराहा, हाट रोड, नीचला बाजार, सदर बाजार, लक्ष्मीगंज में समापन हुआ। यहां समाज के वरिष्ठजनों ने आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज की एकता पर बल दिया।*

*रथ यात्रा में एक रथ पर सवार भगवान श्री कृष्ण की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी। झांकी के इर्द-गिर्द भक्ति विभोर होकर झूमते-गाते चल रहे श्रृद्धालु भी आकर्षण का केंद्र बने रहे। इस दौरान रथ में विराजमान भगवान कृष्ण की शहर के कई स्थानों पर आरती एवं पूजन हुई। जैसे ही बैंण्ड बाजे और ढोल-ढमाकों एवं डीजे के साथ यह काफिला गायत्री मंदिर से हनुमान चौराहे पर पहुंचा तो मौजूद श्रृद्धालुओं ने आतिशबाजी करके अपनी ओर से आस्था व्यक्त की। वहीं हाटरोड पर लगे अनगिनत तोरणद्वार इस भव्य झांकी का अभिवादन करते नजर आए। बैंड-बाजे और डीजे के साथ निकली शोभायात्रा में आगे-आगे अश्वारोही धर्म पताकाएं फहराते हुए चल रहे थे। इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया, राज्यमंत्री बृजेन्द्र सिंह यादव, नपाध्यक्ष सविता गुप्ता, विधायक गोपीलाल जाटव आदि ने जुलूस में शामिल होकर स्वागत किया।*

***शंखनाद के साथ मनाया जन्मोत्सव :*** *इधर जन्माष्टमी के मौके पर रात 12 बजते ही मंदिरों में शंखनाद के भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया। खुशी से नचाते गाते श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इसके पूर्व शाम से ही भजनों एवं मटकी फोड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने शहर के विभिन्न मंदिरों में पहुंच भगवान के दर्शन किए। शहर के प्रमुख मंदिरों श्री द्वारकाधीश मंदिर, लक्ष्मीनारायण मंदिर, गोपाल मंदिर, हनुमान चौराहा मंदिर सहित सभी कृष्णभक्ति केंद्रों वैष्णव मंदिरों में रात्रि 12 बजे महा अभिषेक के साथ महाआरती हुई। इस मौके पर श्री श्याम रस मंडल द्वारा मानस भवन में धूमधाम से श्रीकृष्ण जी का जन्मोत्सव मनाया गया। जन्माष्टमी को लेकर कई दिनों से तैयारी चल रही थी। समिति के मनीष अग्रवाल और राजेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि रात्रि 9 बजे भजन संध्या आरंभ की गई। जिसमें भगवान श्रीकृष्ण का भव्य श्रृंगार किया गया। कलाकारों द्वारा एक से बढक़र एक भजनों की प्रस्तुति दी गई। वहीं जन्माष्टमी पर घर-घर नन्हें-मुन्हें बच्चों को कान्हा बनाया गया।*

# राजधानी

## सार समाचार

### प्रो. संजय द्विवेदी सम्मानित होंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनसंचार संस्थान (आइआइएमसी) के महानिदेशक रहे प्रो. संजय द्विवेदी को विष्णु प्रसाद चतुर्वेदी स्मृति साहित्य अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा। राजस्थान के पाली में 10 सितंबर को कल्पवृक्ष साहित्य सेवा संस्थान द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रो. द्विवेदी को यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। गौरतलब है कि बाल साहित्यकार, विज्ञान बाल कथा लेखक, कहानीकार और शिक्षाविद् विष्णुप्रसाद चतुर्वेदी की स्मृति में कल्पवृक्ष साहित्य सेवा संस्थान द्वारा इसी साल यह सम्मान प्रारंभ किया गया है। यानी प्रो. द्विवेदी इस अलंकरण से सम्मानित होने वाले पहले शख्स होंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रो. द्विवेदी एक व्याख्यानमाला को भी संबोधित करेंगे।

### मिशन इंद्रधनुष का दूसरा चरण 11 से

**भोपाल, देशबन्धु।** सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 के द्वितीय चरण का आयोजन 11 से 16 सितंबर तक किया जाएगा। मिशन इंद्रधनुष के तहत टीकाकरण से छूटे हुए 5 साल तक के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जायेगा। जिसमें जन्म से 23 माह तक के टीकाकरण से छूटे हुए या आंशिक टीकाकृत बच्चों को आयु आधारित टीके लगाए जायेंगे। टीकाकरण से वंचित गर्भवती महिलाओं को भी अभियान में टीके लगाए जायेंगे।

### 80 मास्टर ट्रेनर को दिया गया प्रशिक्षण

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत सोमवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में मास्टर ट्रेनर का उनमुखीकरण प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में राष्ट्रीय स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ. संजय दीक्षित एवं राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ. पीयूष भटनागर एवं अन्य मास्टर ट्रेनर द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 सम्पन्न कराये जाने के लिए मतदान दल, सेक्टर मजिस्ट्रेट सामग्री वितरण दलों का प्रशिक्षण, मतगणना दल एवं अन्य दलों को प्रशिक्षण दिये जाने के संबंध में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरके वर्मा द्वारा भी मास्टर ट्रेनर को विधानसभा निर्वाचन से संबंधित जानकारी दी गई।

### नशामुक्ति पुरस्कार के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

**भोपाल, देशबन्धु।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के उप संचालक आर.के.सिंह ने बताया कि विवेकानन्द नशामुक्ति पुरस्कार प्रत्येक जिला स्तर पर तीन विवेकानन्द नशामुक्ति पुरस्कार दिया जाना हैं। जिला स्तरीय विवेकानन्द नशामुक्ति पुरस्कार वर्ष-2023-24 के लिये प्रविष्टियां आमंत्रित की गई है। राज्य स्तरीय पुरस्कार की प्रविष्टियां संचालनालय को और जिला स्तरीय विवेकानन्द नशामुक्ति पुरस्कार प्रदान किये जाने की प्रविष्टियां जिला कार्यालय में जमा होंर्गी।

### सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक उपयोग करे : मिश्रा

**भोपाल, देशबन्धु।** भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के संयुक्त सचिव शशांक मिश्रा ने मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के गोविन्दपुरा स्थित मुख्यालय में समीक्षा बैठक में सोलर रूफटॉप को बढ़ावा देने के लिए जनजागृति की आवश्यकता बताई। उन्होंने बताया कि सोलर रूफटॉप को बढावा देने और सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए आमजन को जागरूक करना होगा। श्री मिश्रा ने सोलर रूफटॉप से बिजली की आत्मनिर्भरता और आमजन के साथ ही पर्यावरण को इससे होने वाले लाभ की जानकारी से अवगत कराना होगा। इस दौरान उन्होंने आव्हान किया कि अधिक से अधिक लोग सोलर रूफटॉप का उपयोग करें और सौर ऊर्जा से होने वाले लाभ उठाएं। इस अवसर पर श्री मिश्रा ने मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र में हो रहे सोलर विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में निदेशक (तकनीकी) दीप्तापाल सिंह यादव, निदेशक (वाणिज्य) सुधीर कुमार श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) मेहताब सिंह, उप मुख्य महाप्रबंधक (गैर पारंपरिक ऊर्जा) सौरभ श्रीवास्तव सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# राजधानी में धूमधाम से मनी जन्माष्टमी, मंदिरों में गूंजे जयकारे



**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी के श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आज धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान मंदिरों में जयकारों के बीच भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव का उत्साह व उल्लास नजर आया। यहां सुबह से धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गए। थे, जो देर रात तक जारी रहे।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बरखेड़ी के अहीरपुरा में स्थित यादव समाज के राधाकृष्ण मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इसके उपरांत लड्डू गोपाल को अपने सिर पर बिठाकर मंदिर के बाहर तक लेकर आए, जहां से भगवान श्रीकृष्ण का भव्य चल समारोह निकाला गया। चल समारोह में अनेक झांकियां, ढोल, बैंड तासे और बड़ी संख्या में भक्त शामिल हे। जिंसी चौराहा, जैन मंदिर, काली घाट, इतवारा, घोड़ा नक्कास, होते हुए चल समारोह वापस राधाकृष्ण मंदिर पहुंचा। इसके बाद मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान हुए। वहीं रात 12 बजे श्री कृष्ण की जन्म आरती की गई।

## निकले चल समारोह

वहीं हरिहर महोत्सव समिति द्वारा श्रीनाथ जी मंदिर लखेरापुरा में सुबह छह बजे प्रभु श्रीनाथ जी के पंचामृत स्नान दर्शन कराए गए। दोपहर 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण का तिलक उत्सव एवं आरती की गई। इसके बाद में यहां से एक चल समारोह निकाला गया। यह चल समारोह लोहा बाजार, जुमेराती, मंगलवारा, इतवारा, चौक होता हुआ भवानी चौक सोमवारा पहुंचा। चल समारोह के मार्ग में 21 स्थानों पर मटकियां बांधी गई थीं। चल समारोह में शामिल ग्वाल गोपाल मटकियां फोड़ते हुए चल रहे हैं।

वहीं पुराने शहर में गुरुबख्श की तलैया स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। यहां रात आठ बजे से गीता और सहस्त्रार्चन पाठ हुआ। इसके बाद भजन गायिका सुहासिनी जोशी भक्ति संगीत व भजन प्रस्तुत किए। इसके साथ ही रात 12 बजे जन्मोत्सव आरती की गई। इस दौरान नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की के जयकारे गूंजे। इसी तरह शहर के सबसे बड़े मंदिरों में से एक बिड़ला मंदिर को कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विद्युत से सजाया गया। यहां लक्ष्मी-नरायाण की आदमकद प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार किया गया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्रीकृष्ण मंदिर बरखेड़ा भेल में मथुरा वृंदावन के प्रसिद्ध कलाकार रासलीला एवं बृज की होली की प्रस्तुति दी। मंदिर में पूरे दिन भजन कार्यक्रम चलते रहे। इसी तरह शिवाजी नगर स्थित श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में जन्माष्टमी का त्यौहार पारंपरिक तरीके से मनाई गई। यहां श्रीकृष्ण के लिए आकर्षक झांकी का निर्माण करवाया गया था, जिसे कृष्ण जन्मोत्सव के बाद रात 12 बजे से लगाया गया।

# ननि की बैठक 11 को, अब हमीदिया रोड का नाम बदलेगा

**भोपाल, देशबन्धु।** नगर निगम परिषद की आगामी बैठक 11 सितंबर को होगी। इसको लेकर निगम की ओर से एजेंडा भी जारी कर दिया गया है। लेकिन इसमें नामकरण के अलावा कोई अन्य प्रस्तावों को शामिल नहीं किया गया है।

गौरतलब है कि बीते एक वर्ष में नगर निगम परिषद की आधा दर्जन बैठकें हो चुकी हैं, जिनमें हर बार किसी सड़क, कालोनी या बस स्टाप का नाम बदला गया। अब एक बार फिर से सोमवार को होने वाली बैठक में विकास मुद्दों के नाम पर सड़क, मैदान और आवासीय परिसर के नामकरण के प्रस्ताव आएंगे। इनमें भोपाल टाकीज चौराहे से अल्पना टाकीज तिराहे तक हमीदिया मार्ग का नाम परिवर्तित कर गुरुनानक मार्ग करने, कोकता ट्रांसपोर्ट नगर में प्रधानमंत्री आवासीय परिसर का नाम पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बाबूलाल गौर के नाम पर बाबूलाल गौर आवासीय परिसर करने, मालीखेड़ी प्रधानमंत्री आवासीय परिसर का नाम पूर्व विधायक स्व. गौरीशंकर कौशल के नाम पर गौरीशंकर कौशल आवासीय परिसर करने के साथ ही मालीखेड़ी दशहरा मैदान का नाम पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बाबूलाल गौर के नाम पर बाबूलाल गौर दशहरा मैदान करने का प्रस्ताव आएगा।

## पिछली बैठकों में बदले गए नाम

इसके पहले हुई बैठकों में हलालपुर बस स्टैंड का नाम हनुमानगढ़ी बस स्टैंड करने के साथ ही लालघाटी का नाम महेंद्रनारायण दास महाराज सर्वेश्वर चौराहा रखा गया। गुफा मंदिर से सुल्तानिया इंफ्रेंट्री लाइंस जाने वाली सड़क का नाम ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह मार्ग किया गया। ऐशबाग स्टेडियम का नाम बदलकर पूर्व सांसद स्वर्गीय कैलाश सारंग के नाम पर कैलाश नारायण सारंग हाकी स्टेडियम किया गया। जहांगीराबाद चौराहे से एक्सट्राल कालेज होते हुए पुल-पातरा तक की सड़क का नामकरण पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बाबूलाल गौर के नाम पर किया गया। भेल में बरखेड़ा पठानी का नाम पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लालबहादुर शास्त्री के नाम पर शास्त्री नगर करने का प्रस्ताव पास हुआ। चेतक ब्रिज चौराहा स्थित वार्ड कार्यालय से कस्तूरबा नगर तक सड़क नामकरण प्रसिद्ध चित्रकार स्व. सचिदा नागदेव के नाम पर किया गया। स्मार्ट सिटी के एबीडी क्षेत्र स्थित प्लांट नंबर 91 पर बनाए पार्क का नाम साहित्यकार पार्क किया गया। आनंद नगर तिराहे से इस्कान मंदिर पटेल नगर तक सड़क का नाम स्वामी प्रभुपाद मार्ग किया गया। पटेल नगर बस स्टाप का नाम इस्कान मंदिर किया गया।

## *जनहित के मुद्दे शामिल नहीं करने पर कांग्रेस ने जताया*

*इधर परिषद की बैठक के एजेंडे में जनहित के मुद्दे शामिल नहीं होने पर कांग्रेस पार्षद दल ने इसका विरोध जताया है। कांग्रेस पार्षदों का कहना है कि शहर में सड़कें उखड़ी हैं, कालोनियों में नियमित सफाई नहीं हो रही। सीवेज नेटवर्क ध्वस्त है। लेकिन मूलभूत सुविधाओं पर चर्चा करने की बजाय सत्तापक्ष केवन नाम बदलने तक सीमित है। कांग्रेस पार्षदों ने हर बैठक में जनहित के मुद्दों को नजरअंदाज करने का अरोप लगाते हुए आम जनता से जुड़े मुद्दों को बैठक एजेंडे में शामिल कराने की मांग की है। इसमें शहर में पीने के पानी को शुद्धीकरण की व्यवस्थाएं क्या हैं, इसमें निगम कितना खर्च करता है। गुणवत्ता के क्या मापदंड हैं। कर्मचारियों को सातवां वेतनमान और समय पर वेतन देने से संबंधित प्रस्तावों को एजेंड में शामिल कर परिषद बैठक में चर्चा करने की मांग की है। इसके साथ ही पार्षदों ने कहा कि उन्हें विकास कार्यों के लिए जो बजट दिया गया है, उनके फाइलों में बजट बुक नहीं हो रहा है। जिन फाइलों में बजट जारी हुआ, वो टेंडर कमेटी में अटकी हैं। ऐसे में विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं।*

### *इनका कहना है*

*शहर में सड़क, पानी, सफाई और सीवेज को लेकर जनता परेशान है। लेकिन सत्ता पक्ष को केवल नाम बदलने में विकास दिख रहा है। परिषद बैठक में केवल नाम बदलने के प्रस्ताव आते हैं।*

***शबिस्ता जकी**, नेता प्रतिपक्ष*

# फर्जी दस्तावेज से बेच दिए दूसरे के भूखंड, प्रकरण दर्ज

**भोपाल, देशबन्धु।** निशातपुरा थाना पुलिस ने बिजली कंपनी के कर्मचारी की शिकायत पर एक जालसाज के विरुद्ध धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। बताया गया है कि आरोपी ने दूसरे की जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर कर्मचारी को दो भूखंड बेच दिए थे। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

निशातपुरा थाना पुलिस के मुताबिक अशोका गार्डन निवासी 60 वर्षीय अनवर अली पुत्र हसन अली बिजली कंपनी में नौकरी करते हैं। उन्होंने नवंबर 2020 में नूरमहल शाहजहांनाबाद निवासी मोहम्मद अफसर से ग्राम रुसल्ली एकता नगर स्थित दो भूखंडों का सौदा किया था। जमीन की खरीद-फरोख्त के वक्त मोहम्मद अफसर ने अनवर अली को भूखंड दिखाए और उनका खसरा नंबर बताने के बाद राशि ले ली थी। साथ ही बाकायदा रजिस्ट्री भी करा दी थी। कुछ समय बाद मकान बनाने के इरादे से अनवर अली खरीदे गए भूखंड पर पहुंचे तो पता चला कि उसे जो भूखंड दिखाए गए और खसरा नंबर बताया गया था, उक्त खसरा नंबर का भूखंड किसी अन्य व्यक्ति का है। इसके बाद उन्होंने अपने स्तर पर पड़ताल करते हुए क्षेत्र के पटवारी से खसरा नंबर के आधार पर भूखंड की सही जानकारी जुटाई। तब उन्हें पता चला कि मोहम्मद अफसर ने धोखाधड़ी कर दूसरे का भूखंड दिखाकर गलत खसरा नंबर से भूखंडों की रजिस्ट्री कराई है। जालसाजी का पता चलने पर अनवर ने थाने में लिखित शिकायत की थी। शिकायत की जांच में धोखाधड़ी की पुष्टि होने पर पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# दुष्कर्म में फंसाने की धमकी देकर रेलवे के मुख्य नियंत्रक से साढ़े 5 लाख रूपए वसूले

## साथी मुख्य नियंत्रक ने महिला के साथ मिलकर दिया वारदात को अंजाम

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी में पदस्थ रेलवे के एक मुख्य नियंत्रक के साथ बलात्कार के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। आरोपी भी रेलवे में मुख्य नियंत्रक है। उसने अपनी महिला साथी के साथ मिलकर कई बार में पीड़ित से करीब साढ़े पांच लाख रूपए की वसूली कर ली। परिवार और समाज में बदनामी के डर से पीड़ित आरोपियों की मांग पूरी करता रहा। लेकिन जब आरोपियों की मांग बड़ने लगी तो पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत की। शिकायत की करीब पांच महीने की जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी महिला और उसके साथी की गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय कटारे पुत्र स्वर्गीय जेएस कटारे उम्र 52 साल निवासी शक्ति नगर, डीआरएम कार्यालय में नियंत्रण कक्ष में मुख्य नियंत्रक के पद पर पदस्थ है। गत 30 दिसंबर 2021 को उसके साथी मुख्य नियंत्रक निरपेंद्र सिंह गंगवार ने एमपी नगर की एक होटल में अपने जन्म दिन की पार्टी रखी थी, जिसमें करीब 50-60 लोगों को आमंत्रण था। इस पार्टी में संजय भी गया था। पार्टी में निरपेंद्र ने अपनी महिला मित्र काजल परमार से उसकी पहचान कराई। युवती ने स्वयं को एक एनजीओ का कर्मचारी बताया था। इसके बाद 24 फरवरी 2022 को काजल को फोन कर कहा कि उसे पचास हजार रूपए चाहिये। रकम नहीं दी तो दुष्कर्म का झूठा प्रकरण दर्ज करा बदनाम कर दूंगी। इस मामले में तो जमानत भी नहीं होगी, नौकरी भी चली जाएगी। संजय ने रकम नहीं दी तो काजल ने 3 मार्च 22 तक लगातार फोन कर रकम की मांग को लेकर तंग किया जाता रहा। इस संबंध में संजय ने निरपेंद्र को बताया तो उसने भी कोई मदद नहीं की, बल्कि संजय को ही डरा धमका दिया। लिहाजा संजय ने को पेटीएम के माध्यम से दो बार में पचास हजार रूपए निरपेंद्र के खाते में पहुंचा दिए। संजय ने उससे कहा कि यह रकम काजल को दे देगा। इसके बाद काजल ने दोबारा रकम देने की मांग की। तो संजय ने उसका नंबर ब्लॉक कर दिया। साथ ही तमाम सोशल मीडिया प्लेटफार्म से स्वयं को दूर कर लिया। लेकिन इसके बाद भी काजल अलग नंबर से वॉट्सऐप पर संदेश भेज कर रकम की मांग करने लगी। बात नहीं मानने पर थाने जाकर शिकायत दर्ज कराने की बात कही। इसके बाद निरपेंद्र ने संजय को कॉल आया। उसने बताया कि काजल शिकायत दर्ज कराने जा रही है महिला थाने के बाहर खड़ी है। उसका मुह बंद कराने कुछ रकम दे दो। इसके बाद काजल कभी परेशान नहीं करेगी। संजय ने निरपेंद्र के कहने पर एक बार फिर उसे रकम दी। बाद में निरपेंद्र और काजल आए दिन किसी थाने के बाहर खड़े होकर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर रकम की मांग करने लगे। इस प्रकार अप्रैल 2023 तक दोनों ने संजय से कई बार में करीब साढ़े पांच लाख रुपए वसूल किए। संजय ने इसके प्रमाण शिकायत आवेदन के साथ पुलिस को दिए थे। पुलिस ने इस शिकायत में करीब पांच महीने की जांच के बाद प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी अवधेश सिंह तोमर ने बताया कि आरोपी निरपेंद्र और काजल पर धारा 389 और 120 बी के तहत प्रकरण दर्ज किया है। दोनों आरोपियों की फिलहाल गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है। उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दी थी। दोनों वहां नहीं मिले। जल्द दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# एएसआई ने मंगेतर से किया दुष्कर्म

**शादी से इनकार करने पर पीड़िता ने दर्ज कराया प्रकरण**

**भोपाल, देशबन्धु।** कमला नगर पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर एक पुलिस के सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) पर बलात्कार का प्रकरण दर्ज किया है। दरअसल पीड़ित युवती आरोपी पुलिसकर्मी की मंगेतर रही है। सगाई की रस्म के बाद आरोपी उसके साथ कई बार संबंध बना चुका था। अब आरोपी शादी करने से मुकर गया है। पुलिस का कहना है कि जल्द आरोपी की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। कमला नगर थाना प्रभारी निरूपा पांडे ने बताया कि बैतूल में रहने वाली 24 वर्षीय युवती प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। करीब तीन साल पहले उसकी दोस्ती एएसआई सुभांश कौचे से फेसबुक पर हुई थी, और बाद में मामला प्रेम प्रसंग तक पहुंच गया था। इस दौरान दोनों की शादी की बातचीत तय होने के साथ ही सगाई की रस्म भी हो गई थी। इसी बीच छात्रा भोपाल में पटवारी की परीक्षा देने के लिए आई थी। तभी सुभांश झांसा देकर उसे अपने शासकीय आवास न्यू रेडियो कॉलोनी, भदभदा ले गया था। जहां उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद से वह लगातार पीड़िता का शोषण कर रहा था। कुछ दिन पहले उसने मंगेतर से शादी करने से इनकार कर दिया। इससे परेशान होकर पीड़िता ने पुलिस को लिखित में आवेदन देकर शिकायत की थी। आवेदन की जांच के बाद पुलिस ने एएसआई के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया। हालांकि पुलिस ने उसे अभी तक गिरफ्तार नहीं किया है।


# मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, बीना (सं./सं.) संभाग

क्र./का.अभि.बी./विधिक बीना, दिनांक

**नेशनल लोक अदालत दिनांक 09.09.2023**

नेशनल लोक अदालत का आयोजन दिनांक 09.09.2023 (शनिवार) को बीना (सं./ सं.) संभाग के विद्युत उपभोक्ताओं के लिये माननीय विशेष न्यायालय बीना में किया जा रहा हैं।

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने विवादित बिजली प्रकरणों को नेशनल लोक अदालतों के जरिए निपटाने का फैसला लिया हैं। कंपनी ने यह निर्णय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126 एवं 135 के तहत न्यायालयों में लंबित प्रकरण एवं जो न्यायालय में दर्ज नहीं हो सके हैं ऐसे प्रकरणों के त्वरित निराकरण किया जाना हैं। लिटिगेशन एवं प्रीलिटिगेशन के माध्यम से निराकरण के लिये निम्नलिखित निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू समस्त कृषि, 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को निम्नानुसार छूट दी जावेगी:-

(1) प्रिलिटिगेशन स्तर पर:- कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत् एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत् प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी।

(2) लिटिगेशन स्तर पर:- कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत् एवं आकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत् प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी।

आवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेष देय आंकलित सिविल दायित्व की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। नेशनल लोक अदालत में उपरोक्तानुसार दी जा रही छूट, आंकलित सिविल दायित्व राशि रूपये 50,000/- तक के प्रकरणों के लिये सीमित रहेगी।

अधिक जानकारी के लिये संबंधित वितरण केन्द्र कार्यालय में संपर्क कर पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

"विद्युत चोरी दण्डनीय अपराध है"

**कार्यपालन अभियंता (सं./ सं.)**
**म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. बीना संभाग**


# तीन बार तलाक बोलकर कतर की होटल में छोड़कर भाग गया पति

**भोपाल, देशबन्धु।** कोहेफिजा थाना पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ मुस्लिम महिला विवाह संरक्षण अधिनियम (तीन तलाक) का प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी दुबई में में रहता है। वह कतर में पत्नी और बच्चे को होटल में छोड़कर चला गया था। पत्नी अकेली भारत आई। मायके आने के बाद उसने शिकायत दर्ज कराई।

कोहेफिजा थाना प्रभारी बृजेंद्र मर्सकोले के मुताबिक एनआरआइ कालोनी निवासी 32 वर्षीय महिला ने शिकायत दर्ज कराई है। उसमें बताया कि उसकी शादी अगस्त 2010 में मोहम्मद रिहान से हुई थी। रिहान दुबई में एक निजी फर्म में काम करता है। शादी के कुछ माह तक तो सब कुछ ठीक चला। उनका एक बेटा भी हुआ। बाद में पता चला कि पति के किसी अन्य महिला से भी संबंध हैं। इस बारे में जब उसने पति से पूछताछ की तो वह उसे प्रताड़ित करने लगा। उसके साथ मारपीट भी करने लगा। उससे भारत आने के बात कहते हुए वह उसे कतर की एक होटल में ले गया। वहां उसने तीन बार तलाक बोलते हुए रिश्ता समाप्त होने की बात कही। साथ ही उसे और बच्चे को होटल में छोड़कर चला गया। वह अकेली भारत आई और वर्तमान में मायके में रह रही है। रिहान ने उसे बिना बताए उसके खाते से साढ़े चार लाख रुपये भी निकाल लिए हैं। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ तीन तलाक को प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

## चोरी के वाहन बेचने की फिराक में घूमते दो गिरफ्तार

अशोका गार्डन पुलिस ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर तीन चोरी के वाहन बरामद किए हैं। आरोपी इन चोरी के वाहनों को कम दामों में बेचने की फिराक में घूम रहे थे। थाना प्रभारी जीतेंद्र पाठक के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि एक लड़का औद्योगिक क्षेत्र अशोका गार्डन इलाके में चोरी की मोटरसाइकिल बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर सागर मालवीय निवासी कोलुआ कला थाना अशोका गार्डन को हिरासत में ले लिया। पूछताछ करने पर आरोपी ने अशोका गार्डन क्षेत्र से दो मोटरसाइकिल चोरी करना कुबूल किया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की दोनों मोटरसाइकिलें बरामद कर लीं। इसी प्रकार एक अन्य मामले में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर औद्योगिक क्षेत्र मेनगेट के पास से राजू पंवार निवासी परिहार चौराहा के पास फुटपाथ को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ हिरासत में लिया। आरोपी के पास मिली मोटरसाइकिल उसने अशोका गार्डन क्षेत्र से चोरी करना स्वीकार किया।


# कर्नाटका बैंक लिमिटेड

आपका पारिवारिक बैंक संपूर्ण भारत मे.

**आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा :** द्वितीय तल, ई-ब्लॉक, दी मेट्रोपोलिटन, प्लॉट नं. सी-26 एवं सी-27, बान्द्रा कुरला कॉम्पलेक्स, बान्द्रा (ईस्ट) मुम्बई – 400051

**फोन :** 022-35008017/35128482/35082558
**ई-मेल :** mumbaiarm@ktkbank.com
**वेबसाईट :** www.karnatakabank.com
**CIN :** L85110KA1924PLC001128

## आधिपत्य सूचना

चूंकि, वित्तिय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (यहाँ के बाद **"उक्त अधिनियम"** के रुप में संदर्भित) के अंतर्गत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुपालन में **कर्नाटका बैंक लि.** के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि **रु.23,03,554.20 (रूपये तेईस लाख तीन हजार पाँच सौ चौवन एवं बीस पैसा मात्र)** का भुगतान करने के लिए ऋणियों **(1) श्रीमती अमिता उपाध्याय पति श्री राजेन्द्र उपाध्याय एवं (2) श्री राजेन्द्र उपाध्याय पिता स्व. श्री एस आर उपाध्याय, दोनों का पता- डी-1, यूनिक केम्पस, आश्रम नगर, फेस-2, राजा भोज आर्केड के पास, बागसेवनियां, भोपाल, मध्य प्रदेश- 462043** को बुलाने के लिए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत **दिनांक 16.03.2023** को मांग सूचना जारी की थी।

ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता राशि का भुगतान करने में असफल रहे है, ऋणी/ जमानतदार/ बंधककर्ता और सर्वसाधारण जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि, **प्राधिकृत अधिकारी मौजूदा अधोहस्ताक्षरी ने 06.09.2023** को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत उन्हे प्रदत्त शक्तियों के अनुपालन में यहा नीचे वर्णित संपत्ति का **कब्जा** ले लिया है।

ऋणियों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप धारा (8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय के संदर्भ में प्रतिभूत आस्ति के मोचन हेतुआकृष्ट किया जाता है।

ऋणी को विशेष तौर पर और सर्वसाधारण जनता को संपत्ति के साथ किसी तरह का लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और उस संपत्ति के साथ किया गया कोई भी लेन-देन **रु. 24,00,902.20 (रुपये चौबीस लाख नौ सौ दौ एवं बीस पैसा मात्र) को पीएसटीएल खाता नं. 1277001800033901 में, दिनांक 15.08.2023 तक एवं दिनांक 15.08.2023 से आगे का ब्याज एवं लागत सहित के लिए कर्नाटका बैंक लि., भोपाल शाखा के प्रभार अधिन होगा।**

**अचल संपत्ति का विवरण**

फ्लैट नंबर 304 तीसरी मंजिल, यूनिक रेजिडेंसी में स्थित प्लेटिनम बिल्डिंग खसरा नंबर 289, 290, 313/263/1/1/द (कम्प्यूटरीकृत नं. 289/1/द) और 289, 290, 313/263/2/1/ख (कप्यूटरीकृत नं. 289/2/1/ख) का भाग, पटवारी हल्का नं. 20, ग्राम बाग सेवनिया, तहसील-हुजूर, जिला भोपाल, म.प्र. के आवासीय फ्लैट संपत्ति के मूल शीर्षक विलेख जमा करके साम्यिक बंधक का फ्लैट क्षेत्रफल 1025.00 वर्ग फीट (95.26 वर्ग मीटर) एवं **चर्तुसीमा :** पूर्व : कॉमन पैसेज, पश्चिम : खुला एरिया, उत्तर : गोल्ड बिल्डिंग, दक्षिण : फ्लेट नं. 303

**दिनांक : 06.09.2023**
**स्थान : भोपाल**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**कर्नाटका बैंक लिमिटेड**

भोपाल, शुक्रवार 8 सितम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# धार्मिक मुद्दे को तूल देते पीएम

इसे किसी भी देश के लिये सचमुच दुर्भाग्यपूर्ण कहा जा सकता है कि वहां की सरकार धार्मिक विवादों को शांत करने की बजाये उसे और भड़काये। इतना ही नहीं, ज्यादा दुखद तो यह होता है कि वह उस विवाद में बाकायदा एक पार्टी बन जाये और ऐसे विवादों का सियासी लाभ लेने की हर घड़ी जुगत बिठाये। भारत के साथ यह होता साफ दिख रहा है और वह भी अभी से नहीं बल्कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार केन्द्र में बनी है, इस प्रकार के मुद्दों का उपयोग वह अपनी सत्ता को बचाये रखने या फिर पाने के लिये करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस खेल में दिन-ब-दिन सिद्धहस्त होते जा रहे हैं। ऐसा करने से उन्हें राजनैतिक लाभ तो मिल सकता है परन्तु ऐसा करना न देश के लिये उचित है और न ही समग्र लोकतंत्र के भले में है। संवैधानिक पद पर बैठे किसी भी व्यक्ति के लिये मज़हबी मतभेदों को समाप्त करने की पहल करनी चाहिये, न कि उन्हें और भी तूल देने की।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के पुत्र व मंत्री उदयनिधि का एक बयान इन दिनों सुर्खियों में है जिसमें उन्होंने सनातन धर्म को डेंगू व मलेरिया के वायरस जैसा बतलाते हुए कहा कि जितनी जल्दी उसका उन्मूलन हो उतना ही अच्छा। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक विधानसभा चुनाव हारने से बौखलाई भाजपा और स्वयं मोदी मुद्दों की तलाश में हैं। कांग्रेस की अगुवाई में बने विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' के लगातार मजबूत होने तथा अपने कारोबारी मित्र गौतम अदानी से उनकी कथित सांठ-गांठ के कारण मोदी की छवि काफी दरक चुकी है। ठीक एक साल पहले निकाली गई राहुल गांधी की बेहद सफल 'भारत जोड़ो यात्रा' का सीक्वल आ ही रहा है। इस बार राहुल पश्चिम से पूरब की तरफ देश को अपने कदमों से नापने जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि इससे रही-सही कसर भी पूरी हो जायेगी और पहले से नाजुक स्थिति में चल रही भाजपा की सांसें इसी वर्ष के अंत में होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में पूरी तरह से उखड़ सकती हैं। 2024 के मध्य में होने जा रहे लोकसभा चुनावों के लिये उसे मुद्दों की सख़्त दरकार है क्योंकि उसका साम्प्रदायिक चेहरा मणिपुर, नूंह और जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में हुई घटनाओं से पूर्णत: बेनकाब हो गया है। जनता जान गई है कि देश इसका खामियाजा भुगत रहा है। भाजपा की मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी जान गई है कि मोदी और हिन्दुत्व के चेहरे पर अगले चुनाव की वैतरणी पार होने से रही। यह सरकार जन सरोकार के मामले में पहले ही नाकाम हो चुकी है जिसके कारण वह किसी भी मुद्दे को लेकर जनता को मुंह दिखाने के काबिल नहीं रही। इसलिये उसके सामने ध्रुवीकरण के अलावा कोई चारा दिखाई नहीं देता।

अदानी का मुद्दा देश-विदेश दोनों जगहों पर छाया हुआ है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद हाल ही में वही कहानी दुनिया के दो प्रतिष्ठित अखबारों 'गार्डियन' एवं 'दी फाइनेंशियल टाइम्स' ने आगे बढ़ा दी है। इनमें छपी रपटें बताती हैं कि अदानी ने अनेक तरह की वित्तीय अनियमितताएं कीं और मोदी सरकार उन्हें प्रश्रय देती रही, बचाती भी रही। इसके साथ ही राहुल गांधी सच साबित होते चले गये जिन्होंने अदानी-मोदी रिश्तों की बात उठाई, जिसके कारण अपनी सांसदी खोई। यह अलग बात है कि उनकी लोकसभा सदस्यता छीनने का बहाना एक टुच्चा सा अवमानना का अदालती मामला था जिसके आधार पर उन्हें अधिकतम (दो साल) सजा सुनाई गई ताकि वे सदन से रुख़सत किये जा सकें। सुप्रीम कोर्ट ने सजा रद्द की जिससे राहुल को सदस्यता व शासकीय आवास लौटाया गया। अब राहुल फिर से अनेक यूरोपीय देश जा रहे हैं जहां वे कई जगहों पर भाषण देंगे। पहले की तरह मोदी की मुश्किलें बढ़नी तय हैं।

बहरहाल, विपक्षी गठबन्धन के नाम से परेशान मोदी सरकार ने देश का 'इंडिया' नाम ही हटा दिया और अब वह सरकारी दस्तावेजों से 'इंडिया' शब्द हटाकर 'भारत' लिख रही है। इसे राष्ट्रवाद का नया काढ़ा कहा जा सकता है जो उनके समर्थकों को अपने खेमे में बनाये रखने के लिये तैयार किया गया है क्योंकि भाजपा के चिर-परिचित फार्मूले बेकार साबित हो गये हैं। इनमें चीन को लाल आंखें दिखलाना, पाकिस्तान को घर में घुसकर मारना, 56 इंच आदि शामिल हैं। वैसे इंडिया बनाम भारत का मसला भी पार्टी में पर्याप्त ऊर्जा नहीं भर पा रहा है क्योंकि इसके पहले कि भाजपा के आईटी सेल की रचनात्मकता जोर मारती, केन्द्र के एक मंत्री ने ही कह दिया है कि 'इंडिया' भी रहेगा और 'भारत' भी।

ऐसे में उदयनिधि का बयान भाजपा के लिये अंधे को मिलने वाली दो आंखें साबित हुआ है। बुधवार को हुई केबिनेट की बैठक में मोदी ने अपने मंत्रियों को निर्देश दिये कि इंडिया-भारत के मुद्दे पर चुप रहें लेकिन सनातन वाले मुद्दे पर कसकर जवाब दें। यह इस बात की बानगी है कि मोदी राज में सरकार व भाजपा किस प्रकार से गड्ड-मड्ड हो चुके हैं। मोदी भूल गये कि वे पार्टी बैठक या चुनावी रैली में नहीं बल्कि शासकीय बैठक में बोल रहे हैं। वहां बैठकर उन्हें देश को इस गर्म-गर्मी से बाहर निकालना चाहिये था जिससे देश में साम्प्रदायिक तनाव न बढ़े। संवैधानिक पद पर बैठे पीएम को मंत्रियों को निर्देशित करना चाहिये था कि इस मामले को सौहार्द्रपूर्ण ढंग से सुलटाया जाये। वैसे मोदी से ऐसी उम्मीद करना बेकार है क्योंकि वे स्वयं ही चुनावी आचार संहिता का उल्लंघन कर आम सभाओं में गौमाता, राममंदिर, बजरंग बली आदि के नाम पर वोट मांगते हैं।

# हिंदुत्व की जगह सनातन का बाना धारण करने की जुगत

■ बादल सरोज

तमिलनाडु में साहित्यकारों और कलाकारों की एक वैचारिक सभा में डीएमके के युवा नेता उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म के उन्मूलन वाले बयान के बाद भाजपा और संघ बवाल मचाने में भिड़ा है। सनातन उन्मूलन सम्मेलन में भाग लेते हुए पहले उदयनिधि स्टालिन ने भारतीय मुक्ति संग्राम में आरएसएस का योगदान शीर्षक से व्यंग्य चित्रों वाली एक पुस्तक का विमोचन किया था ; भक्त इसके बारे में एक भी शब्द नहीं बोल रहे, वे इसके बाद दिए गए भाषण में उन्होंने सनातन धर्म को लेकर जो टिप्पणियां की थी उन्हें लेकर भनभनाये हुए हैं। उदयनिधि स्टालिन ने अपने संबोधन में सम्मेलन के शीर्षक को बहुत अच्छा बताया और इसके लिए बधाई देते हुए कहा कि 'सनातन विरोधी सम्मेलन' के बजाय 'सनातन उन्मूलन सम्मेलन' रखा जाना इसलिए ठीक है क्योंकि हमें कुछ चीज़ों को ख़त्म करना होगा। सिर्फ उनका विरोध करने से काम नहीं चल सकता। जैसे मच्छर, डेंगू बुखार, मलेरिया, कोरोना वायरस इत्यादि का विरोध करना काफी नहीं होता, उन्हें खत्म करना होता है ठीक उसी तरह सनातन धर्म भी ऐसा ही है जिसका हमें विरोध नहीं करना है बल्कि इसका उन्मूलन करना है। उन्होंने कहा कि सनातन समानता और सामाजिक न्याय के खिलाफ़ है। 'सनातन सिद्धांत और लोकतांत्रिक सिद्धांत के बीच दो हज़ार साल पुराना संघर्ष है. वे वर्षों पहले मौजूद सनातन सिद्धांत को वापस लाने की कोशिश कर रहे हैं। फासीवादी ताक़तें हमारे बच्चों को पढ़ने से रोकने के लिए कई योजनाएं लेकर आ रही हैं। सनातन की नीति यही है कि सबको नहीं पढ़ना चाहिए। एनईईटी परीक्षा इसका एक उदाहरण है।' उन्होंने चेतावनी दी कि 'अगर सनातन सत्ता में वापस आते हैं, तो वर्णाश्रम और जातिगत भेदभाव फिर से अपना सिर उठाएगा।' इसलिए 'हमारा पहला काम सनातन को हटाना है न कि केवल उसका विरोध करना। सनातन समानता और सामाजिक न्याय का विरोध करता है. इसका मतलब है वो चीज़ जो स्थायी हो यानी ऐसी चीज़ जो कभी न बदली जा सके, जिस पर कोई सवाल न उठाए. यही सनातन का अर्थ है।'

जिस सनातन को लेकर इतना हल्ला मचाया जा रहा है वह सनातन क्या है इस पर आने से पहले यह जानना दिलचस्प होगा कि पिछले कुछ महीनों- अधिकतम एक साल- से आरएसएस और उसके कुनबे की भाषा में अचानक सनातन के इतनी प्रमुखता हासिल करने के पीछे मकसद क्या है? गोलवलकर की 1939 में लिखी किताब 'हम और हमारी राष्ट्रीयता', जिसे आरएसएस ने अभी तक आधिकारिक रूप से स्वीकार नहीं किया, फिलहाल उससे अपनी असंबद्धता ही जाहिर की है, उसमें हिन्दू राष्ट्र में रहने की 5 योग्यतायें गिनाते समय एक धर्म-सनातन धर्म- का उल्लेख छोड़कर अभी तक संघ के प्रचार साहित्य में भी सनातन का उस तरह जिक्र नहीं मिलता जिस तरह हाल के कुछ महीनो में शुरू हुआ है। हर जगह हिन्दू पहचान, हिन्दू धर्म, हिंदुत्व और उस पर आधारित हिन्दू राष्ट्र की बात मिलती है। हिंदुत्व भी वह वाला जिसे उन सावरकर ने परिभाषित किया था जो खुद किसी धर्म में विश्वास नहीं करते थे और घोषित रूप से स्वयं को नास्तिक बताते थे। संघ द्वारा अचानक से हिन्दू धर्म और हिंदुत्व को कब और क्यों गंगा में सिरा दिया गया और बंद अंधेरी गुफा में पड़े सनातन की प्राणप्रतिष्ठा कर दी गई? यह अचानक नहीं हुआ। इसकी भी एक क्रोनोलॉजी है। मुख्य वजह यह है कि हिंदुत्ववादी साम्प्रदायिकता के उभार के बाद से देशभर में चले विमर्श में हिंदुत्व के वर्णाश्रम, जाति श्रेणी क्रम के अमानवीय आधार, लोकतंत्र और समता के निषेध के आपराधिक रूप जनता के सामने आये हैं-नतीजे में इसकी अमानुषिकता उजागर हुई है। इनके कथित सामाजिक समरसता के अभियानों के बावजूद दलितों, आदिवासियों, अन्य पिछड़े समुदायों और महिलाओं के एक बड़े हिस्से में हिंदुत्व के असली चेहरे की भयावहता सामने आई है-उनकी इसके प्रति अरुचि बढ़ी है, अविश्वास बढ़ते-बढ़ते तिरस्कार भाव तक पहुंचने लगा है। इसी के साथ, इसी बीच, हिन्दू शब्द के उद्गम को लेकर आई जानकारियों ने भी इस गिरोह को असुविधा में डाला है। लिहाजा बहुत ही सोचे-समझे तरीके से पिछले कुछ महीनों से इस कुनबे ने सनातन का नया बाना धारण करना शुरू कर दिया है।

> जिस सनातन की ये दुहाई दे रहे हैं वह सनातन क्या और कितना सनातन है? यह बात भी कोई दबी छिपी नहीं है। सनातन एक आधुनिक पहचान है जो विविधताओं से भरी हिन्दू परम्परा के प्रभुत्वशाली ब्राह्मण धर्म में कुरीतियों के विरुद्ध हुए धार्मिक सुधार आंदोलनों के मुकाबले घनघोर पुरातनपंथी रूढ़िवाद की पहचान के रूप में सामने आई।

हालांकि जिस सनातन की ये दुहाई दे रहे हैं वह सनातन क्या और कितना सनातन है? यह बात भी कोई दबी छिपी नहीं है। सनातन एक आधुनिक पहचान है जो विविधताओं से भरी हिन्दू परम्परा के प्रभुत्वशाली ब्राह्मण धर्म में कुरीतियों के विरुद्ध हुए धार्मिक सुधार आंदोलनों के मुकाबले घनघोर पुरातनपंथी रूढ़िवाद की पहचान के रूप में सामने आई। बंगाल के नवजागरण सहित ब्रह्मोसमाज आन्दोलन, दक्षिण के जाति और वर्णाश्रम विरोधी मैदानी और वैचारिक संघर्षों, महाराष्ट्र के सामाजिक सुधारकों की मुहिमों और खासकर उत्तर भारत में मूर्तिपूजा, अंधविश्वास और एक हद तक जाति-विरोधी आन्दोलन आर्य समाज के बरक्स असमानता, ऊंच-नीच और भेदभाव का धुर पक्षधर पुराणपंथ सनातन के नाम पर गिरोहबंद हुआ। 18वीं और 19वीं सदी में सनातनियों का सबसे बड़ा युद्ध जिस आर्य समाज के साथ हुआ था उस आर्य समाज का तो नारा ही वेदों की ओर वापस लौटने का था इसलिए सनातन धर्म का वैदिक धर्म के साथ कोई रिश्ता होने का सवाल ही नहीं उठता। यूं भी चारों वेदों में कहीं सनातन नहीं है, 14 ब्राह्मण ग्रंथों, 7 अरण्यकों, 108 उपनिषदों - जिनमें से ज्यादातर एक दूसरे के खिलाफ भी राय देते हैं -, में इसका कोई महात्म्य नहीं समझाया गया है। एक भागवत को छोड़कर, जो तुलनात्मक रूप से आधुनिक है, 18 पुराणों में भी सनातन का कहीं जिक्र नहीं मिलता।

श्री कृष्ण - जिनके उपदेश वाले ग्रंथ गीता को संघ भाजपा भारत का राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करता रहा है- उन्होंने तो धर्म की जो परिभाषा दी है वह सनातन को अधर्म करार देती है। वे कहते हैं कि 'जो समय के साथ नहीं बदलता, जो अपरिवर्तित और सनातन रहता है वह धर्म नहीं अधर्म है।' प्रश्न यह था कि जब द्रौपदी का चीरहरण किया गया तब द्यूत सभा में मौजूद सभी ज्ञानियों के चुप रहने पर कृष्ण ने अपनी आपत्ति दर्ज की और इसे अधर्म बताया। भीष्म और विदुर ने अपनी-अपनी प्रतिज्ञाओं के पालन का धर्म निबाहने का हवाला देते हुए खुद कृष्ण को कठघरे में खड़ा किया और कहा कि उन्होंने शस्त्र न उठाने का वचन तोड़कर खुद अधर्म किया है। इसके जवाब में कृष्ण धर्म को परिभाषित करते हुए कहते हैं कि 'जिस धर्म का पालन करने की बात आप कर रहे है वह धर्म नहीं है। धर्म किसी वचन से बंधा नहीं होता, वह लगातार बदलता है, जो समय के साथ नहीं बदलता वह अधर्म है।' उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ युद्ध जैसा छेड़े आरएसएस और भाजपा यदि सनातन की सनातनता पर सचमुच में गंभीर हैं तो उन्हें पहले कृष्ण के खिलाफ मोर्चा खोलना चाहिये।

रही सनातन के शाब्दिक अर्थ के हिसाब से अनादिकाल से चले आने की बात है तो पाली भाषा में लिखे ग्रंथों में उन बुद्ध और उनके बौद्ध धर्म को भी सनातन कहा गया है जिन गौतम बुद्ध का खुद का यह कहना था कि 'दुनिया में कुछ भी स्थिर नहीं है। कुछ भी शाश्वत नहीं है। कुछ भी सनातन नहीं है। व्यक्ति और समाज के लिये परिवर्तन ही जीवन का नियम है। वेदों को प्रमाण मानने से इनकार करने वाले, ईश्वर के अस्तित्व को भी न मानने वाले पृथ्वी के इस हिस्से के पहले नास्तिक धर्म में भी 'है भी नहीं भी है' का संशयवाद है- हालांकि इसके बाद भी जैन धर्मावलंबियों का दावा है कि वह भी अनादिकाल से अस्तित्वमान है।

ठीक यही वजह है कि सनातन धर्म में सनातन क्या है यह बात कोई सनातनी भी न खुद समझ पाया है ना ही किसी को समझा पाया है। ताजा विवाद के बाद अचानक धर्मवेत्ता बन गए राजनाथ सिंह का राजस्थान में दिया गया भाषण इसी गफलत का एक और नमूना है। वे सनातन की ठीक उलटी परिभाषा देते हुए वह सब बातें बखानने लगते हैं सनातन जिनके पूरी तरह खिलाफ है। उन्होंने दावा किया कि 'जो जड़ में हैं वही चेतन में है, जो पिंड में है वही ब्रह्माण्ड में है, जो छोटे में है वही बड़े में है, जो मेरे में है वही तेरे में है।' अरक्षनीय का रक्षण करते-करते वे यहां तक बोल गए कि 'जो जात पात और धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करता, न जिसका आदि है न अंत है वही सनातन धर्म है।' जाहिर सी बात है कि वे बता कम रहे थे छुपा ज्यादा रहे थे।

यह कुनबा जिस सनातन धर्म की बात कर रहा है वह वर्णाश्रम पर आधारित, जाति प्रथा और उसके आधार पर ऊंच-नीच यहां तक कि छुआछूत तक में यकीन करने, महिलाओं को शूद्रातिशूद्र मानने को धर्मसम्मत बताने वाली व्याधि है। यह वही जकड़न है जिससे निजात पाने के लिए कबीर से लेकर रैदास, गुरु घासीदास से होते हुए राजा राममोहन राय, ईश्वरचन्द्र विद्यासागर ने अपने तरीकों से जद्दोजहद की। जोतिबा फुले से पेरियार होते हुए अम्बेडकर तक ने निर्णायक चोटें की। ईएमएस नम्बूदिरिपाद और एके गोपालन से होते हुए वाम आन्दोलन ने इसे सुधार से आगे बढ़ाया और सामाजिक बदलाव की लड़ाई से जोड़ा। इन्हीं संघर्षों का असर था जिसने भारत के संविधान के रूप में मूर्त आकार ग्रहण किया। जिसने भारत को मध्ययुगीन यातना गृह से बाहर निकाल एक सभ्य समाज बनाने की पृष्ठभूमि तैयार की। यही बाद में 70 के दशक में देश की राजनीति में सामाजिक प्रतिनिधित्व में गुणात्मक परिवर्तन के रूप में दिखा।

इस तरह यह जहां एक ओर कुख्यात हो गए हिंदुत्व की नई पैकेजिंग है वहीं दूसरी ओर इन ढाई-तीन हजार वर्षों के वैचारिक संघर्षों की उपलब्धियों का नकार भी है। संविधान और उसमें दी गई समता, समानता, लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता का धिक्कार भी है। उनकी ताजा भड़भड़ाहट की वजह यह है कि हिंदुत्व और हिन्दू की जगह सनातन का जाप कर उसी पुराने और त्याज्य पर नया मुलम्मा चढ़ाने की इस कोशिश को लोग समझने लगे हैं। भट्टी सुलगने के पहले ही समता, सामाजिक सुधार, लोकतंत्र और संविधान की हिमायती ताकतें उसे बुझाने के लिए खुद जाग चुकी हैं औरों को भी जगा रही हैं। तमिलनाडु के साहित्यकारों, कलाकारों, बुद्धिजीवियों की वह सभा इसी जागरण अभियान का हिस्सा थी। कहने की आवश्यकता नहीं कि संघ और भाजपा जितना शोर मचाएंगे उतना ही इसके खिलाफ प्रतिरोध भी तेज से तेजतर होगा।

**( लेखक लोकजतन, संयुक्त सचिव अखिल भारतीय किसान सभा )**

# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का प्रस्ताव लोकतंत्र और संघवाद पर हमला

■ पी.सुधीर

नरेंद्र मोदी राज 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के नारे को लागू करके संसदीय लोकतंत्र और संघवाद पर दोहरा हमला शुरू करना चाहता है। सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में आठ सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की है। संदर्भ की शर्तें यह स्पष्ट करती हैं कि समिति का काम सिर्फ यह सिफारिश करना है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने के प्रस्ताव को कैसे लागू किया जाये, और कानूनी और संवैधानिक कदम कैसे उठाये जायें। समिति से वही करने की उम्मीद की जा सकती है जो सरकार चाहती है क्योंकि इसे इस उद्देश्य के लिए चुना गया है और इसमें गृहमंत्री अमित शाह भी शामिल हैं।

जब से भाजपा 2014 में सत्ता में आई है उसके बाद से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समय-समय पर एक राष्ट्र, एक चुनाव की बात करते रहे हैं। उन्होंने 2020 में कहा था कि यह 'बहस का विषय नहीं बल्कि भारत के लिए एक आवश्यकता है'। भाजपा नेता एक साथ चुनाव की आवश्यकता पर घिसे-पिटे तर्क दे रहे हैं कि- इससे बार-बार चुनावों के कारण होने वाले बहुत सारे खर्च बच जाएंगे; बार-बार चुनाव होने से आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है जिससे विकास कार्य बाधित होते हैं इत्यादि।

> एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रस्ताव को लागू करने के निहितार्थ केंद्र में शक्तियों का केंद्रीकरण और एकाधिकार है, और संक्षेप में कहें तो यह संघवाद को नष्ट करना है। भारत के राष्ट्रपति यानी केंद्र सरकार को राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल को कम करने या बढ़ाने का अधिकार राज्यों और उसके निर्वाचित विधायकों के अधिकार को पूरी तरह से कमजोर कर देगा।

मोदी के सत्ता में आने के बाद लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर तीन समितियां बनी हैं। 2015 में, कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर संसदीय स्थायी समिति ने इस मामले पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की। 2017 में, नीति आयोग ने 'एक साथ चुनाव का विश्लेषण' पर अपने चर्चा पत्र में प्रस्तावों का एक सेट बनाया और अगस्त 2018 में, विधि आयोग ने एक साथ चुनावों पर अपनी मसौदा रिपोर्ट प्रकाशित की। उन सभी ने मौजूदा राज्य विधानसभाओं में से कुछ का कार्यकाल छोटा करने या कुछ का कार्यकाल बढ़ाने का प्रस्ताव रखा, ताकि उनका लोकसभा चुनावों के साथ तालमेल बिठाया जा सके।

कुछ लोगों ने पांच साल की अवधि में केवल दो बार चुनाव कराने का सुझाव दिया है - एक सेट लोकसभा और आधी राज्य विधानसभाओं के साथ और दूसरा मध्यावधि में बाकी विधानसभाओं के साथ। यदि राज्य विधानसभा चुनावों को लोकसभा चुनावों के अनुरूप लाने के लिए प्रस्तावित कदम अलोकतांत्रिक हैं और प्रतिनिधित्व और जवाबदेही के संवैधानिक आधार की जड़ पर हमला करते हैं, तो यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाये जायें कि एक साथ चुनावों से कोई विचलन न हो।

सिंक्रोनाइज़ेशन के अर्थात एक साथ चुनाव लागू करने के बाद की अवधि बदतर है। विधायिका या सरकार के कार्यकाल को कम करना या बढ़ाना, दोनों ही पार्टी-आधारित संसदीय लोकतंत्र के सिद्धांत और विधायिका के प्रति कार्यपालिका की जवाबदेही के खिलाफ हैं। इसके अलावा, एक साथ चुनाव कराने और इसे बनाये रखने के लिए विधायिका के प्रति सरकार की जवाबदेही की संवैधानिक योजना में छेड़छाड़ की आवश्यकता होगी।

संविधान के तहत, यदि कोई सरकार अविश्वास प्रस्ताव पर वोट से बाहर हो जाती है, या धन विधेयक पर वोट हार जाती है, तो वह इस्तीफा देने के लिए बाध्य होती है और यदि कोई वैकल्पिक सरकार नहीं बन पाती है, तो सदन भंग कर दिया जाता है और मध्यावधि चुनाव आयोजित किया जाता है। संविधान में लोकसभा या राज्य विधानसभाओं के लिए कार्यकाल की कोई निश्चितता नहीं होगी। कार्यकाल की निश्चितता का मतलब यह होगा कि एक सत्तारूढ़ दल, जिसके पास सदन में स्थिर बहुमत है, वह सदन को भंग कर समय से पहले चुनाव कराने की सिफारिश नहीं कर सकता है। विधि आयोग की रिपोर्ट में यह भी प्रस्तावित है कि यदि लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाया जाता है, तो उसके साथ वैकल्पिक सरकार चलाने के लिए नये नेता के नाम का प्रस्ताव भी होना चाहिए। इसे 'रचनात्मक अविश्वास मत' कहा जाता है। इसका मतलब यह है कि भले ही किसी सरकार को सदन के बहुमत वोट से बाहर कर दिया जाये, उसके बदले कोई वैकल्पिक सरकार होनी चाहिए, जो वास्तव में विपक्ष ही होगा जो लोगों की पसंद का प्रतिनिधित्व नहीं करती है। कार्यकाल की निश्चितता के माध्यम से स्थिरता को प्रधानता दी जायेगी और चुनावी विकल्प अप्रासंगिक हो जायेगा। यह सत्तारूढ़ दल के पक्ष में काम करेगा।

एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रस्ताव को लागू करने के निहितार्थ केंद्र में शक्तियों का केंद्रीकरण और एकाधिकार है, और संक्षेप में कहें तो यह संघवाद को नष्ट करना है। भारत के राष्ट्रपति यानी केंद्र सरकार को राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल को कम करने या बढ़ाने का अधिकार राज्यों और उसके निर्वाचित विधायकों के अधिकार को पूरी तरह से कमजोर कर देगा। एक साथ चुनाव होने के बाद, राज्य विधानसभाओं के प्रति जवाबदेह सरकारों का सिद्धांत और लोगों को अपनी पसंद की सरकार बनाने का अधिकार प्रतिबंधित हो जायेगा।

हम देख रहे हैं कि विपक्ष शासित राज्यों में राज्यपाल राज्य सरकारों और राज्य विधानसभाओं के अधिकारों का उल्लंघन करते हुए कैसा व्यवहार कर रहे हैं। एक साथ चुनाव के नाम पर लाये गये बदलावों के साथ, केंद्रीकृत नियंत्रण का मतलब होगा कि राज्यपाल केंद्र के लिए वायसराय के रूप में कार्य करेंगे।

भारत में व्यापक रूप से भिन्न राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों वाले 28 राज्य हैं (जम्मू और कश्मीर को छोड़कर, जिसे विघटित कर दिया गया है)। अलोकतांत्रिक एकरूपता लागू करने का प्रयास आरएसएस/भाजपा गठबंधन का आदर्श है। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा उनके 'एक राष्ट्र, एक भाषा, एक संस्कृति' के नारे के समान है।

संसद और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए एक बड़ा संवैधानिक बदलाव करना होगा। संविधान में अनुच्छेद 83 (सदन की अवधि), अनुच्छेद 85 (लोकसभा का विघटन), अनुच्छेद 172 (राज्य विधानमंडलों की अवधि), अनुच्छेद 174 (राज्य विधानमंडलों का विघटन), अनुच्छेद 356 (राज्यों में संवैधानिक मशीनरी का फेल हो जाना) में संशोधन करना होगा। इसके अतिरिक्त लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम और अन्य नियमों में संशोधन भी आवश्यक होगा।

यह स्पष्ट है कि रामनाथ कोविन्द के नेतृत्व वाली समिति चाहे जो भी सिफारिश करे, इन संवैधानिक और कानूनी कदमों के कार्यान्वयन में समय लगेगा और इन्हें आगामी लोकसभा चुनावों के लिए समय पर लागू नहीं किया जा सकेगा। लेकिन संकेत मिल रहे हैं कि सरकार इसकी प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। 18 से 22 सितंबर तक बुलाये गये संसद के विशेष सत्र में इस संबंध में कुछ घोषणा हो सकती है। विपक्षी दलों को सतर्क रहना चाहिए और मोदी सरकार के अगले कदम के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्हें तुरंत एक बड़े अभियान के साथ लोगों के पास जाना चाहिए और बताना चाहिए कि एक राष्ट्र एक चुनाव लोकतंत्र और संघवाद के लिए कितना खतरनाक है।

## पावन प्रसंग

# अपनी स्मरणशक्ति बढ़ाएं

याददाश्त बढ़ाने के अचूक नुस्खे की तलाश भी तो सभी को है, लेकिन विद्यार्थीगण इसकी कुछ ज्यादा जरूरत महसूस करते हैं। कैसे जल्दी से याद हो जाए? किस तरह याद किया हुआ फिर से न भूलें? ऐसे अनेक सवाल छात्र-छात्राओं के मन में उमड़ते-घुमड़ते रहते हैं। इनके जवाब के तलाश में वे कभी किन्हीं दवाओं का सहारा लेते हैं कभी कुछ करने बैठ जाते हैं। इन दिनों कई दवा कंपनियां भी विद्यार्थियों की इन परेशानियों का फायदा उठाने में लगी हैं। आकर्षक विज्ञापन, चमत्कारी वायदों के द्वारा छात्र-छात्राओं की इस जरूरत का व्यावसायिक फायदा उठाया जाता है। इतना जरूर है कि याददाश्त बढ़ाने का नुस्खा एक मृग-मरीचिका बना रहता है। इस बारे में एक बात हम सभी को अपनी गहराइयों में आत्मसात कर लेनी चाहिए कि सृष्टि में कहीं भी ऐसे चमत्कार नहीं होते। हर क्रिया, प्रत्येक घटना किसी न किसी नियम-व्यवस्था से ही परिभाषित एवं संचालित होती है, भले ही यह भौतिक नियमों के अंतर्गत हो या फिर आध्यात्मिक नियमों के अनुरूप। याददाश्त बढ़ाने के संबंध में भी ऐसा ही है। याद करने का भी एक विज्ञान है, इसकी भी कुछ तकनीकें हैं जो इसको जानते हैं, समझते हैं, वे आसानी से लाभान्वित होते हैं जो इनसे अपरिचित हैं, वे इधर-उधर भटकते रहते हैं और अनेक कोशिशों के बाद उन्हें सही समय पर मायूस होना पड़ता है। इसलिए बेहतर यही है कि उचित तकनीकों को याद करने की प्रणाली को ठीक तरह से जान लिया जाए और इसका सही सदुपयोग किया जाए। जिनके पास याददाश्त की गड़बड़ी का पिटारा है, उनकी ज्यादातर शिकायतें कुछ यों होती हैं- क्या करे याद ही नहीं होता है, याद तो किया था, पर भूल गए, न जाने क्यों अच्छी तरह से याद ही नहीं होता। याद तो रहा, पर आधा-अधूरा न जाने क्या हुआ सब कुछ याद किया कराया एकदम से भूल गए? ऐसी और इन जैसे अनेक कथनों की लंबी सूची उनके पास रहती है, जो इन परेशानी से पीड़ित हैं। स्थितियां इसके विपरीत भी देखने को मिलती हैं- एक ही बार में याद हो जाता है अथवा जितना भी पढ़ा गया सबका सब याद रहा। न जाने कितने गुजरे हुए जमाने की बात सबकी सब हूबहू याद है।

याद करने के संबंध में इन विरोधाभासी कथनों को समझने के लिए एक बड़ी मार्मिक घटना है। यह प्रसंग स्वामी विवेकानंद के जीवन का है। उन दिनों स्वामी विवेकानंद जी भारत देश में ही प्रव्रज्या कर रहे थे साथ में उनके एक गुरुभाई भी थे। स्वाध्याय, सत्संग एवं कठोर तप का अविराम सिलसिला चल रहा था। जहां कहीं कोई अच्छे ग्रंथ मिलते, वे उनको पढ़ना नहीं भूलते थे। किसी नई जगह जाने पर उनकी सबसे पहली तलाश किसी अच्छे पुस्तकालय की रहती। जिस किसी स्थान पर यह सुयोग मिलता, वे उसका लाभ जरूर उठाते। अपनी इस प्रव्रज्या में एक स्थान पर एक पुस्तकालय ने उन्हें बहुत आकर्षित किया। उन्होंने सोचा-क्यों न यहां थोड़े दिनों तक डेरा जमाया जाए। उनके गुरुभाई ने उन्हें पुस्तकालय से संस्कृत, अंग्रेजी की नई-नई किताबें लाकर देते थे। स्वामीजी उन्हें पढ़कर अगले दिन वापस कर देते। रोज नई किताबें, वह भी पर्याप्त पृष्ठों वाली, इस तरह से देते एवं वापस लेते हुए पुस्तकालय का अधीक्षक बड़ा हैरान हो गया। उसने स्वामी जी के गुरुभाई से कहा- क्या आप इतनी सारी नई-नई किताबें केवल देखने के लिए ले जाते हैं। यदि इन्हें इस तरह देखना ही है तो मैं यों ही दिखा देता हूं। इस पर गुरु भाई ने कहा- ऐसा नहीं है मेरे गुरुभाई हैं जो एक दिन में ही पढ़ लेते हैं। तब लाइब्रेरियन ने कहा- मैं उनसे मिलना चाहता हूं। अगले ही दिन गुरुभाई उन्हें मिलाने ले गए। विवेकानंद जी ने उन्हें आश्वस्त किया कहा-मैंने उन पुस्तकों को अच्छी तरह पढ़ा है तथा अक्षरश: ज्यों का त्यों उन्हें वापस की गई पुस्तक से कुछ अंशों सुना दिए। तब लाइब्रेरियन ने पूछा- यह कैसे संभव है? उन्होंने कहा- इसमें न कोई चमत्कार है न कोई रहस्य। यह तो मात्र एक मानवीय तकनीक भर है। इस तकनीक का पहला चरण है-जो कुछ पढ़ा जाए, या सुना जाए उसे शांत मन से स्थिर होकर सुना जाए। इंद्रियां तो मन को संदेश भेजने का द्वार भर हैं। असली चीज तो मन होता है। मन की धारणा शक्ति या मेधा जितनी होती हैं उतना ही मन पर अंकित हो जाता है। याद करना एवं वापस याद आना तो बस एक प्रक्रिया भर है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# भारत बनाम इंडिया : नाम में क्या रखा है ?

महान नाटककार शेक्सपियर ने कहा है कि 'नाम में क्या रखा है?' अगर गुलाब को किसी अन्य नाम से पुकारें तो क्या वह खुशबु देना बंद कर देगा, नहीं न! ठीक ऐसे ही हम अपने देश को भारत कहें या फिर इंडिया, क्या फ़र्क पड़ता है? फर्क तो इस बात से पड़ेगा कि भारत की जीडीपी कितनी तेजी से बढ़ कर दुनिया के कितने देशों को पीछे छोड़ दिया या फिर भारत का एचडीआई रैंकिंग अब कितनी अच्छी है? या भारत से कितनी गरीबी दूर हो चुकी है? या भारत में महिलाएं अब कितनी सुरक्षित हैं? ये सरकारें भी न बड़ी अजीब होती है! जब उनके पास देश की समस्याओं पर लोगों द्वारा पूछे जाने वाले सवालों का जवाब नहीं होता तो फिर वे कुछ ऐसे ही निर्रथक मुद्दों को उठा कर लोगों की झोली में डाल देती है, जिसके बाद देश की जनता के विमर्श का मुद्दा देश की समस्या न हो कर नाम हो जाता है।

वर्तमान भारत में सबसे बड़ा विमर्श का विषय देश के नाम को लेकर है। इस पूरे बहस की शुरुआत राष्ट्रपति भवन से आए निमंत्रण पत्र से हुई, जिसमें प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया की जगह प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा था, जिसके बाद से विपक्ष ने हाय-तौबा मचा दिया है। हालांकि यह विमर्श संविधान सभा के बहस में भी हुआ था। 18 सितंबर,1949 को डॉ. आंबेडकर ने जब संविधान के ड्राफ्ट को पेश किया, जिसके अनुच्छेद-1 में कहा गया कि इंडिया, जो कि भारत है राज्यों का एक संघ होगा। संविधान की इस पहली पंक्ति पर ही विवाद हो गया। संविधान सभा के सदस्य एचवी कामथ ने इसका खुल कर विरोध किया। उन्होंने सलाह भी दी थी कि भारत या फिर अंग्रेजी में लिखा जाए कि इंडिया राज्यों का एक संघ होगा। इस वाक्य के लिए उन्होंने आयरलैंड के संविधान का तर्क भी दिया था।

काफी बहस के बाद मतदान करवाना पड़ा और उसके बाद यह तय हुआ कि भारतीय संस्कृति, भारतीय भाषाओं में लिखित ऐतिहासिक साहित्य, धार्मिक ग्रंथों, लोगों की आस्थाओं, उनके जुड़ाव और भावनाओं का मान रखते हुए भारत शब्द को उसका सम्मान दिया जाएगा। इन सब पहलुओं पर विचार के बाद ही भारत के संविधान की शुरुआत में लिखा गया, इंडिया दैट इज 'भारत'। यानी कि भारत के संविधान के अनुसार हमारे देश का नाम भारत और इंडिया दोनों को ही समान नजर से देखा गया।

हमारे देश का नाम भारत रखे जाने का इतिहास प्राचीन काल और पौराणिक कथाओं से जुड़ता है।हिन्दू ग्रन्थ स्कन्द पुराण के अध्याय-37 के अनुसार भारत के नाम की कहानी तो सीधे ऋषभदेव के पुत्र भरत से जुड़ती है,जिसके नाम पर भारत नाम पड़ा है। वहीं दूसरी तरफ इंडिया नामकरण को सिंधु नदी से जोड़ा जाता है। सिंधु नदी का दूसरा नाम इंडस भी था जबकि सिंधु सभ्यता के चलते भारत की सिंधु घाटी की सभ्यता को एक और पुरानी सभ्यता युनान जो आज का ग्रीक है वे लोग इंडो या इंडस घाटी की सभ्यता कहा करते थे। ऐसे में इंडस शब्द लैटिन भाषा में पहुंचा तो यह इंडिया हो गया।

उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर दोनों ही नाम भारत की संस्कृति से संबंधित है और इस बात पर बहस कि सांस्कृतिक विरासत के लिए भारत नाम ही उपयोगी है, यह बात कहना पूर्ण न्यायोचित नहीं है बल्कि राजनीति साधने के लिए देश के समस्याओं से ध्यान भटकाने के लिए यह नामकरण का मुद्दा उठाया गया है। इन सबके बावजूद अगर केंद्र सरकार इंडिया की जगह केवल 'भारत' को आधिकारिक नाम बनाने का निर्णय लेती है, तो उन्हें संविधान के अनुच्छेद 1 में संशोधन करने के लिए एक विधेयक पेश करना होगा। इसके लिए कानून संविधान के अनुच्छेद 368 को साधारण बहुमत संशोधन या विशेष बहुमत संशोधन के माध्यम से संशोधित करने की अनुमति देता है। लेकिन अनुच्छेद 1 में कोई भी बदलाव करने के लिए उस सदन में उपस्थित और मतदान करने वाले कम से कम दो-तिहाई सदस्यों के विशेष बहुमत (66 प्रतिशत) की आवश्यकता होगी,जिसके लिए सरकार को मशक्कत करनी पड़ सकती है।

- नृपेन्द्र अभिषेक नृप

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### कार में शराब पीकर कर रहे थे हुड़दंग, 2 युवक गिरफ्तार, 20 हजार जुर्माना




**भेरूंदा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** गत दिवस नगर के शास्त्री कॉलोनी में एक कार में 2 युवक बैठकर कोचिंग के सामने बार –बार बहुत तेज गति से कार निकाल रहे है और कार में ही शराब भी पीकर हुड़दंग कर रहे है। सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और कार क्रमांक एमपी41 सीए 936 को रोका और तलाशी लेने पर बियर की खाली बॉटल मिली। कार चालक ने अपना नाम अनिल जाट निवासी ग्राम बाईबोड़ी व साथ में बैठे युवक ने अपना नाम मनीष जाट निवासी बाईबोड़ी बताया। यह दोनों युवक शराब के नशे में थे और हुड़दंग कर रहे थे। पुलिस ने कार जब्त कर दोनों को गिरफ्तार किया। इसके बाद शासकीय अस्पताल से मेडिकल कराकर पृथक से मोटर व्हीकल एक्ट 185 के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। वाहन जप्ती का इशतगासा न्यायालय प्रस्तुत करने पर गुरुवार को न्यायालय द्वारा वाहन चालक व साथी दोनों को शराब के नशे में होकर 20,000 हजार रुपये की राशि से दण्डित किया गया है।

### पुलिस ने की वारंटियों पर कार्रवाई



**भेरूंदा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को थाने में लंबित गिरफ्तारी व स्थायी वारंटों की तामीली हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग एवं अनु अधिकारी पुलिस दीपक कपूर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भेरुन्दा गिरीश दुबे द्वारा उनि दिनेश सहगल, उनि हरी सिंह परमार,प्र आर महेन्द्र,आर आनंद गुर्जर, आर पुष्पेंद्र जाट, आर शशांक की टीम गठित की जाकर रात्रि गस्त 12 बजे से 5बजे के मध्य देहात व कस्बा भेरुन्दा में पृथक-पृथक स्थानों से 2 गिरफ्तारी वारंट एवं 15 स्थायी वारंट तामील करने में सफलता प्राप्त की है उक्त वारंटी मारपीट, चेक बाउंस, आर्म्स एक्ट के अपराध में लम्बे समय से फरार थे। गिरफ्तार वारंटी मनीराम पिता फूलचंद गोड के 4 एवं रितेश पिता रामनिवास पवार के 2 स्थायी वारंट लंबित थे।

### किसान की बाइक चोरी

**मुलताई,देशबन्धु।** बोरदेही मार्ग पर चंदोरा खुर्द के पास स्थित एक खेत में काम कर रहे किसान की बाइक चोरी होने का मामला सामने आया। किसान कैलाश पिता श्यामू उबनारे ने पुलिस में लिखित शिकायत करते हुए बताया कि रोज की तरह वह अपने खेत पर बाइक लेकर गया हुआ था। मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे बाइक खड़ी कर वह खेत में काम करने लगा। जब वह वापस लौटा तो उसे उसकी बाइक नदारद दिखी। आसपास ढूंढा लेकिन उसकी बाइक कहीं पर भी नहीं मिली। जिसके बाद उसने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई।

मुख्यमंत्री आज पाचौर और निमोटा में करेंगे विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण

# कलेक्टर-एसपी ने कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

**भेरूंदा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 8 सितम्बर को भेरूंदा जनपद के ग्राम पाचोर एवं निमोटा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां मुख्यमंत्री निर्माण एवं विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री चौहान पाचौर एवं निमोटा को कुल 26 करोड़ रूपए से अधिक के निर्माण एवं विकास कार्यों की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर कलेक्टर प्रवीण सिंह तथा एसपी मयंक अवस्थी ने पाचोर एवं निमोटा में कार्यक्रम स्थल पर चल रही तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने बारिश को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एएसपी गीतेश गर्ग, जिला भाजपा अध्यक्ष रवि मालवीय, एसडीम एमएस रघुवंशी, जनपद सीईओ प्रबल अजारिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित है।




**मुख्यमंत्री इन कार्यों का करेंगे भूमिपूजन:** मुख्यमंत्री चौहान निमोटा में 4 करोड़ 75 लाख रूपए की लागत से ग्राम छापरी से सुआपानी तक बनाये जाने वाले 4.50 किलोमीटर लम्बे मार्ग का भूमि पूजन करेंगे। इसका लाभ ग्राम-छापरी एवं सुआपानी के साथ साथ आस पास के क्षेत्र के नागरिको को भी लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री चौहान पाचौर में 05 करोड़ 92 लाख की लागत से सीहोर रोड से भीमगांव मार्ग निर्माण कार्य, 3 करोड़ 12 लाख की लागत से छिदगांव मोजी से भीमगांव मार्ग निर्माण, 03 करोड़ 7 लाख की लागत से तिलाडिया रोड से सरवरगंज मार्ग निर्माण, 2 करोड़ 97 लाख की लागत से टी-03 से जोगला मार्ग निर्माण, 1 करोड़ 68 लाख की लागत से पाचोर से भादाकुई मार्ग, 1 करोड़ 40 लाख की लागत से भीमगांव से ढाडिया मार्ग निर्माण कार्य, 1 करोड़ 28 लाख की लागत से नीलकंठ से चमेटी मार्ग, 1 करोड़ 10 लाख की लागत से छिदगांव काछी से रिछाडिया जदीद मार्ग निर्माण कार्य तथा 75 लाख की लागत से धन्नास से बाईसाद मार्ग के निर्माण कार्य का भूमि पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 8 सितंबर को प्रात: 10:35 बजे भोपाल से प्रस्थान कर 11 बजे निमोटा पहुंचेंगे। यहां वे स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री 11:55 बजे निमोटा से प्रस्थान कर दोपहर 12:10 बजे पाचौर पहुंचेंगे। यहां स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के पश्चात मुख्यमंत्री चौहान दोपहर 1:10 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# स्वास्थ्य मंत्री के आश्वासन पर सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायकों की हड़ताल समाप्त

**गैरतगंज, देशबन्धु।** जनपद पंचायत गैरतगंज में पदस्थ सीईओ को हटाने की मांग को लेकर बीते चार दिनों से सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायकों की चल रही हड़ताल स्वास्थ्य मंत्री के कार्रवाई के आश्वासन के बाद गुरुवार को समाप्त हो गई है। गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री हड़ताल स्थल पर पहुंचे जहां उन्हें ज्ञापन सौंपकर समुचित कार्रवाई की मांग की गई। जनपद क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिवों एवं रोजगार सहायकों द्वारा सामूहिक रूप से जनपद पंचायत में पदस्थ सीईओ युक्ति शर्मा को हटाने को लेकर हड़ताल की जा रही थी। इस दौरान पंचायतों में तालाबंदी, पंचायतों के सभी काम बंद कर कलमबंद हड़ताल करते हुए जनपद परिसर में धरना दिया जा रहा था। गुरुवार को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी धरना स्थल पर पहुंचे तथा संगठनों के प्रतिनिधियों से मिले। उन्होंने उक्त मामले में जल्द ही समुचित कार्रवाई करने की बात कही। इस दौरान तीनो संगठन द्वारा एक ज्ञापन पत्र स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा गया। इसके पहले प्रशासनिक अमले में एसडीएम पल्लवी वैद्य, तहसीलदार अंबर पंथी भी धरना स्थल पर पहुंचे थे तथा बीच का रास्ता निकालकर हड़ताल समाप्त करने की अपील की गई थी। परन्तु सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक नहीं माने। बाद में स्वास्थ्य मंत्री खुद प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे ओर उनके द्वारा कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद हड़ताल समाप्त कर दी गई।

### खेतों में जंगली सुअरों ने मचाया उत्पाद

**मुलताई, देशन्धु।** ग्राम मयावाडी में इन दिनों जंगली सुअरों ने उत्पात मचा रखा है, वर्तमान समय में खेतों में लगी फसलों को जंगली सुअरों द्वारा नुकसान पहुंचाया जा रहा है। ग्राम मयावाडी निवासी कैलाश पुत्र घासीराम डोंगरदिए, पप्पू पुत्र अनंत राव डोंगरदिए आदि ने बताया कि उन्होंने अपने खेतों में मूंगफली बोई थी। आसपास और भी किसानों ने अपने खेतों में मूंगफली आदि फैसले लगा रखी है। जंगली सुअरों का झुंड खेतों में आकर उनकी मेहनत पर पानी फेर रहा है।

# घर-मंदिरों में कृष्ण जन्मोत्सव की रही धूम, निकाला चल समारोह



**भेरूंदा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** नगर में पिछले 14 वर्षों से लगातार श्री राधाकृष्ण मंच समिति तथा नगर एवं क्षेत्रवासियों के द्वारा तन मन धन से सहयोग कर जन्माष्टमी पर्व मनाया जाता है। परंपरागत तरीके से नगर में चल समारोह निकालकर कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें हजारों की संख्या मे भक्तगण सम्मिलित हुए। सीहोर रोड स्थित भारतीय विद्या मंदिर से दोपहर 12 बजे से चल समारोह प्रारंभ हुआ जो मुख्य मार्ग से होते हुए पुराना मिलन गार्डन रोड, रायल मार्केट,जेपी मार्केट, नगर के मोहनलाल शिशिर बस स्टैंड होते हुए संगोष्ठी भवन पहुंचकर चल समारोह का समापन हुआ। वहीं इस चल समारोह में विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे चलित आर्केस्ट्रा द्वारा भजनों की प्रस्तुति साथ में गैर मंडल, गैर डंडा मंडल, अखाड़ा ढोल, घोड़े द्वारा नृत्य आकर्षण का केंद्र रहे। सभी समाजों द्वारा चल समारोह का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। वहीं मुस्लिम समाज द्वारा भी चल समारोह का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। चल समारोह में मथुरा वृंदावन से आऐ कलाकारों द्वारा बरसाना की होली खेली गई एवं गायक कलाकार के द्वारा मधुर स्वर में भगवान की पूजा,अर्चना कर महाआरती की गई। जिसके बाद प्रसादी का वितरण किया गया।

### कुशवाहा समाज ने मनाई जन्माष्टमी



**भेरूंदा/नसरुल्लागंज,देशबन्धु।** ग्राम छिदगांवकाछी में कुशवाहा समाज द्वारा जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष में श्रीराम मंदिर में कुशवाहा समाज के अध्यक्ष माखन सिंह कुशवाहा साद द्वारा मन्दिर में पोशाक चढ़ाया एवं प्रसादी बांटी गई। पंडित सुशील तिवारी द्वारा पूजन कराया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कुशवाहा समाज के लोग उपस्थित रहे।

# जन्माष्टमी पर यादव महासभा ने निकाली शोभायात्रा, विधायक ने किया स्वागत



**सिरोंज, देशबन्धु।** जन्माष्टमी के पवन पर्व पर यादव महासभा द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का स्वागत विधायक उमाकांत शर्मा ने धूमधाम से किया गया। इस मौके पर उन्होंने शोभायात्रा में ग्रामीण क्षेत्रों सहित आसपास के नगरों से पधारे यदुवंशियों का केसरिया पटका पहनाकर एवं पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। गुरुवार को नगर के मुख्य मार्गों पर आयोजित शोभायात्रा के लिए भाजपा संगठन की ओर से स्वागत हेतु विशेष तैयारियां की गई थी।

इस दौरान मशीन से जहां गुलाब जल की फुहारों की वर्षा की जा रही थी वही कार्यकर्ता सुगंधित स्प्रे से शोभायात्रा में शामिल नागरिकों का स्वागत करते दिखाई दिए। चांदनी चौक में आयोजित इस स्वागत कायक्र म से पूरी शोभायात्रा केसरियामय नजर आ रही थी। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित इस भव्य शोभायात्रा में विधायक शर्मा की ओर से नुक्ती के पैकेट प्रसादी के तौर पर भी वितरित किए गए। इस दौरान शोभायात्रा में शामिल राधे कृष्ण की झांकी में बने स्वरूपों का भी उन्होंने माला पहनाकर सम्मान किया एवं उनके द्वारा किए जा रहे नृत्य का अवलोकन भी किया। इसके उपरांत समिति द्वारा आकर्षक मंदिरनुमा रथ में विराजे बांके बिहारी की प्रतिमा के समक्ष विधायक उमाकांत शर्मा सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने पूजा अर्चना कर आरती उतारी। इस दौरान शोभायात्रा में शामिल यादव समाज के बुजुर्ग विधायक शर्मा के हाथों केसरिया पटका से आत्मीय स्वागत कराने के साथ लोक गायन करते भी दिखाई दिए तो वही समाज के युवा विधायक शर्मा को ढोल ताशो के साथ नाचाने को आतुर दिखे। इस दौरान उमाकान्त शर्मा ने भी सबका उत्साहवर्धन करते हुए जमकर लयताल मिलाए। शोभायात्रा में शामिल अखाड़े में करतब दिखा रहे युवाओं का उत्साहवर्धन भी किया। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी चल समारोह समिति को अपनी ओर से पन्द्रह हजार रुपए की राशि भी प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधानसभा विस्तारक कमलेश जायसवाल,हरीबाबू भार्गव,पदम् ताम्रकार,रमेश यादव,हमीर सिंह यादव,शिवकुमार भार्गव, लियाकत भाई,रघुनाथसिंह रघुवंशी, हरिचरण अहिरवार, सचिन शर्मा,संजू सोनी,बलजीत यादव,राजा मियां सहित जनप्रतिनिधिगण एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बाल कलाकारों ने दी प्रस्तुति

**सिरोंज।** कृष्ण जन्मोत्सव समिति द्वारा नगर में छत्रीनाका चौराहा से मुख्य बाजार में से भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर चल समारोह निकाला गया। चल समारोह में बाल कलाकारों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी। यादव समाज के युवाओं ने अखाड़े के करतब भी दिखाये। शोभायात्रा में रथ पर सवार झांकी काफी आकर्षण का केन्द्र रही। शोभायात्रा का सिनेमा चौराहा पर ब्लाक कांग्रेस



व नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इसदौरान अध्यक ईरशाद गौरी, गगनेन्द्र रघुवंशी, लेखराज सिंह बघेल, रजत गौड़, राजेश दिनकर अशोक त्यागी, अतिक मंसूरी आदि ने फूल बरसाकर स्वागत किया गया। साथ ही छत्रीनाका व बड़चौराहा पर युवाओं ने मटकी भी फोड़ी। हाजीपुर में पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र पाटीदार ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा में अनिल यादव, सुनील यादव, समंदर यादव, राम मोहन पाराशर, पंडित प्रंशात पालीवाल, रमेश यादव आदि बड़ी की संख्या में समाजजन शामिल रहे।

# शिकारी की गोलीबारी से लकड़ी बीन रहे ग्रामीण की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**मुरैना, देशबन्धु।** जंगल में वन्यजीवों का शिकार करने आए शिकारियों द्वारा एक मजदूर की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना सामने आई है। सूचना मिलने के बाद निरार थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी शिकारी की तलाश शुरू कर दी है।

मामला निरार थाना क्षेत्र के जंगल का है। बताया जाता है कि उदुआपुरा (टिकटौली) निवासी रोशनलाल कुशवाह बुधवार की सुबह जंगल में लकड़ी वीनने के लिए गया था, तभी जंगल में वन्य जीवों का शिकार करने आए एक दर्जन से अधिक शिकारियों ने शिकार पर फायरिंग करना शुरू कर दिया। इस दौरान गोली वन्य जीव की जगह जंगल में लकड़ी बीन रहे अधेड़ रोशनलाल कुशवाह की कमर में जा धसी, जिस वजह से लकड़ी बीनने गए मजदूर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद आरोपी शिकारी मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश पुलिस जंगल में कर रही है। हालांकि चर्चाएं तो यह भी है कि वन्य जीवों का शिकार करते शिकारियों को मजदूर ने देख लिया था, यही वजह से आरोपी शिकारीयों ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। निरार थाना प्रभारी पीएस यादव का कहना है कि सूचना मिली थी कि फोदी पुरा और उदुआ पुरा के एक दर्जन के लगभग ग्रामीण शिकार खेलने के लिए जंगल गए थे, इस दौरान गोली एक व्यक्ति को लग गई है, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जिस पर निरार थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जाँच प्रारंभ कर दी है। मौके पर एसडीओपी कैलारस रवि सोनेर ने भी पहुंचकर वास्तुस्थिति का जायजा लिया, वहीं परिजनों ने गांव फोदीपुरा निवासी हरीसिंह कुशवाह पर हत्या का आरोप लगाया है। इधर पुलिस अभी मामले को संदिग्ध बता रही है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौप दिया गया है तथा पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## मावई ने किया विधायक कप प्रतियोगिता का शुभारंभ

**मुरैना, देशबन्धु।** पुलिस परेड ग्राउंड मुरैना में मुरैना विधायक राकेश मावई ने विधायक कप वॉलीबॉल प्रतियोगिता कार्यकम का शुभारंभ कर सभी टीमों व खिलाड़ियों से मिलकर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

खिलाड़ियों को संबोधित करते विधायक मावई ने कहा कि खेल जीवन का अनिवार्य हिस्सा है, इससे हमारा तन मन स्वस्थ रहता है एवं हमारे अंदर नई ऊर्जा का संचार होता है। हमारे जीवन का सबसे पुराना खेल वॉलीबॉल हमारे बच्चे खेलने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरा उद्देश्य विधानसभा के बालक-बालिकाओं के लिए खेल की अच्छी सुविधाएं उपलब्ध कराना जिससे कि वे आगे बड़े मुरैना जिले और प्रदेश का नाम रोशन करें। विधायक मावई ने कहा कि यह चुनावी साल है दो-तीन महीने के अंदर चुनाव होना है। अगर आप लोगों ने मुझे फिर से द्वारा विधायक के रूप में चुनाव तो मैं आप सभी को भरोसा दिलाता हूं कि बड़े से बड़ी खेल प्रतियोगिता विधानसभा मुरैना के इस शहर मुरैना में कराई जायेगी। विधायक मावई ने बताया कि इससे पहले भी यहां खेल प्रतियोगिताएं हो चुकी है खिलाड़ियों की सुविधा को देखते हुए खेल अधिकारी ने मुझे अवगत कराया कि यहां एक मिनी स्टैंड होना चाहिए।

# भाई का बार- बार मिलना गुजरा नागवार, प्रेमिका की कर दी हत्या

### शाहपुर पुलिस ने किया अंधे कत्ल का खुलासा

**बैतूल, देशबन्धु।** कुछ दिनों पूर्व थाना क्षेत्र में हुई एक महिला की जघन्य हत्या का खुलासा पुलिस ने किया है। महिला की हत्या उसी के प्रेमी के भाइयों ने मिलकर की थी। प्रेमी के भाइयों को यह पसंद नहीं था कि महिला बार बार उनके भाई को मिलने बुलाती है। फरियादी प्रेम इरपाचे उम्र 50 साल निवासी ढप्पा थाना शाहपुर ने रिपोर्ट किया कि मैं ग्राम ढप्पा रहता हूं। हम्माली का काम इटारसी मंडी में करता हूं , मंडी बंद होने से मैं वापस अपने घर 4 सितंबर को रात्रि करीबन 3 बजे पहुंचा घर में देखा तो मेरी पत्नी पार्वती घर में नहीं थी। उसी समय घर के बाहर से भय्यु की आवाज आई तो प्रेम इरपाचे और बेटा करण के साथ खेत में बने मकान मे पहुंचे तो देखा कि पार्वती इरपाचे मकान के अन्दर खून से लतपत पड़ी थी पत्नी के सिर में गाल में बाये तरफ बाय आंख के ऊपर चोट आकर खून निकल रहा था। पति प्रेम द्वारा पत्नी को आवाज दिया तो वह बोल नही पा रही थी। मेरे लड़के करण ने 108 एम्बुलेंस को काल करके बुलाया और उसे सरकारी अस्पताल बैतूल ईलाज हेतु भर्ती कराया। सुबह करीब 6 बजे पार्वती की ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई। पति प्रेम इरपाचे की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 302 भा.द.वि. का पाया जाने से कायम कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस अधीक्षक बैतूल सिद्धार्थ चौधरी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी एवं एस.डी.ओ.पी. किरण चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ए. बी. मर्सकोले के नेतृत्व में हत्या के अज्ञात आरोपी की तलाश हेतु टीम गठित की गई। विवेचना के दौरान मृतिका के परिजनो से पूछताछ पर जानकारी प्राप्त हुई कि ग्राम सेहरा निवासी रोहित वाडिवा से मृतक के अवैध प्रेम प्रसंग के बारे में पता चला। प्रेमी रोहित वाडिया से सख्ती से पूछताछ करने पर जानकारी प्राप्त हुई कि रोहित के मृतका से प्रेम प्रसंग को लेकर उसके भाई ख्याली वाडिया तथा पंकज वाडिवा काफी नाराज थे। उनके द्वारा मृतका को रोहित से नहीं मिलने हेतु कई बार समझाया गया, लेकिन मृतका रोहित को बार बार मिलने बुलाती थी। रोहित वाडिवा के मृतका से मिलने जाने की जानकारी उसके भाई ख्याली और पंकज वाडिवा को मिली। इसके बाद दोनों भाई मृतका के घर ग्राम धप्पा स्थित खेत में बने मकान में पहुंचे जहां पर मृतका को ख्याली ने समझाने का प्रयास किया कि मेरे भाई रोहित का पीछा छोड़ दे लेकिन मृतका नहीं मानी तो ख्याली ने डंडे से उसके सिर और गाल मे मार दिया तथा पंकज वाडिवा ने खलबट्टे से मृतका को चोट पहुंचाकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के उपरोक्त दोनों आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त डंडा, खलबट्टा एवं पहने हुए कपड़े जप्त किए गए। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जावेगा। हत्या के आरोपी के खुलासा करने मे थाना प्रभारी ए. बी. मर्सकोले, उनि मोनिका पटले, सउनि नरेन्द्र ठाकुर, सउनि अजय भाट, प्र. आर. मुकेश, प्र. आर. प्रहलाद, आर. प्रवेश राजवंशी, आर. विनय प्रताप, आर. धीरज काले, आर. प्रमोद की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### पॉलीटेक्निक 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी प्रथम वर्ष में एवं आईटीआई से द्वितीय वर्ष में प्रवेश ले सकेंगे

**रायसेन, देशबन्धु।** शासकीय पोलीटेकनिक महाविद्यालय रायसेन में वर्तमान में सीएलसी द्वारा प्रथम वर्ष में 10वीं के आधार पर संस्था में संचालित सिविल इंजी., इलेक्ट्रानिक्स एण्ड टेली कम्युनिकेषन इंजी., मैकेनिकल इंजी और इलेक्ट्रीकल इंजी. ब्रांच में दिनांक 15 सितम्बर तक प्रवेश चल रहे है। संस्था के प्राचार्य डॉ. एसपी कोरी द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त प्रवेष प्रक्रिया के साथ-साथ आईटी आई उत्तीर्ण विद्यार्थियों का डिप्लोमा द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेष हेतु लेट्रल इंट्री द्वारा सीएलसी काउंसलिंग 15 सितम्बर 2023 तक चल रही है। संस्था में सभी ब्रांच में द्वितीय वर्ष आईटीआई उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिये पार्याप्त सीटें है। विद्यार्थियों को न्यूनतम फीस में समस्त सुविधाओं सहित इंजीनियर बनने का सुनहरा अवसर है। उक्त अवसर का लाभ लेने हेतु विद्यार्थी एमपी ऑनलाइन के कियोस्क से रजिस्ट्रेषन उपरांत समस्त दस्तावेजों एवं फीस सहित उपस्थित होकर प्रवेष ले सकते है। अधिक जानकारी हेतु मोबाईल 9329443475, 9717581032 पर संपर्क कर प्रवेष तथा कैरियर अवसर की जानकारी प्राप्त कर उपलब्ध सीटों पर प्रवेष का अवसर प्राप्त कर सकते है। डी.टी.ई. काउंसिलिंग पोर्टल से अथवा एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क से रस्ट्रिेषन उपरांत सभी दस्तावेज, टी.सी. एवं फीस लेकर विद्यार्थी प्रवेष की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### उमड़े भक्त, जन्माष्टमी और शिवरात्रि पर उत्तम सागर में लगता है मेला



**मुलताई, देशबन्धु।** प्रभात पट्टन ब्लाक के ग्राम मासोद से लगे ग्राम पंचायत दतोरा के देवझिरी से लगे जंगलों की ऊंची पहाड़ी पर उत्तम सागर नामक पहाड़ी पर वर्ष में दो बार मेला लगता है। इस वर्ष जन्माष्टमी के पावन अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस उत्तम सागर की पहाड़ी पर भगवान शिव, गणेश जी एवं उत्तम सागर वाले बाबा की प्रतिमा स्थापित है। जहां पर प्रदेश सहित महाराष्ट्र के श्रद्धालु सैकड़ों की तादात में आकर पूजा अर्चना करते हैं। इस दो दिवसीय मेले का शुभारंभ उत्तम सागर मेला समिति द्वारा बुधवार को विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया गया था। जहा पर देर रात तक श्रद्धालुओं का आवागमन होते रहा और गुरुवार के दिन मेले का समापन हुआ। इस बार कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर मासोद , दतोरा, जामगांव, वंडली एवं वन विभाग मासोद के सहयोग से मेले में विशाल भंडारे का आयोजन कर मेले में पधारे श्रद्धालुओं को माहूर के पत्ते में प्रसाद दिया गया।

### जन्माष्टमी पर ताप्ती दर्जन करने पहुंचे गुजराती श्रद्धालु

**मुलताई, देशबन्धु।** मां ताप्ती की महिमा सुनकर मां ताप्ती के दर्शन करने गुजरात से श्रद्धालु जन्माष्टमी के अवसर पर मुलताई पहुंचे। उद्गम स्थली मुलताई में सामपुरा गुजरात से 48 श्रद्धालु के जत्थे को मां ताप्ती सम्पूर्ण परिक्रमा पदयात्रा समिति के प्रमुख राजू पाटनकर ने मां ताप्ती की महिमा से अवगत कराया। सामपुरा गुजरात से आए श्रद्धालुओं ने सर्वप्रथम मां ताप्ती सरोवर में आस्था की डुबकी लगाकर ताप्ती मंदिर में दर्शन पूजन कर पवित्र सरोवर की परिक्रमा की। जिसके बाद गजानन महाराज मंदिर में अल्पविश्राम किया। जिन्हे मन्दिर समिती ने जलपान चाय कॉफी कराते हुए राजू पाटनकर ने मां ताप्ती जी की महिमा से अवगत कराया और ताप्ती सम्पूर्ण परिक्रमा के फ़ोल्डर देकर बिदाई दी। सामपुरा के मगनभाई और राजूभाई ने बताया कि वे एक स्पेशल बस लेकर उज्जैन, ओंकारेश्वर के दर्शन करने के बाद मुलताई पहुचे, उन्हें गुजरात में ताप्ती महिमा के बारे में जानकारी मिली थी, जिसके बाद से मां ताप्ती के बारे में जानने और उनके दर्शन को इच्छा लेकर निकले थे। उन्होंने बताया कि यहां आकर उन्हे परम सुख और शान्ति की अनुभूति हुई। श्रद्धालुओ की सेवा में श्याम सेवतकर, निक्की मल्हार, सेफू कालभोर , नान्हू पवार, कुबेरसिंग, रामदीन सच्चू , बिल्ला प्रजापति विनय सोनी, आत्माराम पवार आदि उपस्थित थे।

### 7 दिवसीय अखंड रामसत्ता के समापन पर आज निकलेगी ध्वजा

**हरदा, देशबन्धु।** शहर के गोलापुरा स्थित गोसाईं मंदिर में सात दिवसीय अखंड श्री हरिनाम सप्ताह महायज्ञ रामसत्ता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें दिन में महिला और रात में पुरूष मंडलियों की ओर से पारंपरिक वाद्य यंत्रों पर भजनों की प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। शुक्रवार को सुबह मंदिर में हरे गोविंद-हरे गोविंद के जयकारों के साथ पारंपरिक तरीके से सूत की बनी बत्तियां प्रज्जवलित कर कांकड़ आरती होगी। इसके बाद मंदिर से भजन कीर्तन करते शहर के प्रमुख मार्गों पर ध्वज यात्रा निकाली जाएगी। मंदिर वापस लौटने पर महाआरती कर पंजीरी और माखन का प्रसाद बांटा जाएगा। गोसाई मंदिर में विगत 87 वर्षों से भुजरिया के दूसरे दिन से जन्माष्टमी तक रामसत्ता का आयोजन किया जा रहा है।

# रेलवे स्टेशन के टिकट घर में भरा बारिश का पानी, नहीं है निकासी व्यवस्था

**यात्री होते है परेशान**

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के रेलवे स्टेशन को अमृत योजना के तहत देश के चुनिंदा रेलवे स्टेशनों में शामिल किया गया है। जहां करोड़ रुपए की लागत से स्टेशन का कायाकल्प होना है, लेकिन गुरुवार को मात्र 1 घंटे बारिश होने पर रेलवे स्टेशन का मुख्य यात्री शेड तालाब बन गया और शेड से झरने के रूप में पानी सीधे नीचे बहने लगा, जिसके कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं रेलवे स्टेशन के टिकिट बुकिंग कार्यालय सहित अन्य ऑफिस में भी पानी घुस गया। गुरुवार प्लेटफार्म नंबर एक पर यात्री शेड में अचानक झरना फूट पड़ा। पानी के कारण जिन कुर्सियों पर यात्री बैठते हैं वह गीली हो गई थी और यात्रियों को सामान रखने तक के लिए जगह नहीं थी। कुछ



यात्रियों ने इस संबंध में रेलवे प्रशासन से शिकायत की, तो उनका कहना था की बारिश रुकने पर पाइप की सफाई कर दी जाएगी। बताया जा रहा है की बारिश के पूरे मौसम में इसी प्रकार के हाल प्लेटफार्म पर रहते हैं, जिसके कारण यात्री ट्रेन पकड़ने से पहले ही भीग जाते हैं। पहले भी कई बार इसकी शिकायत की जा चुकी है लेकिन कोई समाधान नहीं निकल पाया।

**करंट फैलने से हो सकता है बड़ा हादसा:** रेलवे स्टेशन के जिस शेड में पानी गिर रहा है, यहां पर तारों का जाल फैला हुआ है। यात्रियों को डर है कि पानी नीचे गिरने से शेड गीला होने से करंट भी फैल सकता है। जिसकी शिकायत रेलवे प्रबंधन से की गई है। हालांकि इस संबंध में अभी तक कोई सुधार कार्य नहीं किया गया है। यात्री मोहित पाल, रोहित पवार, पवन ओमकार का कहना है कि रेलवे की ओर से यात्रियों को सुविधा उपलब्ध करानी चाहिए।

# कृष्ण जन्मोत्सव की मनमोहक झांकियों के साथ यादव समाज ने निकाली शोभायात्रा

**बैतूल, देशबन्धु।** चिचोली ब्लॉक में यादव समाज ने जन्माष्टमी के मौके पर विशाल शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में यादव समाज सहित सैकड़ों की संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे। शोभायात्रा में मनमोहक झांकियां का प्रदर्शन किया गया था। घोड़ाडोंगरी विधानसभा के प्रबल दावेदार व आदिवासी कांग्रेस नेता जनपद पंचायत उपाध्यक्ष घोड़ाडोगरी ज्ञानसिंह परते एवं आदिवासी समाज के नेता राजकुमार उइके नसीराबाद के नेतृत्व में जय स्तम्भ चौक चिचोली में विशाल शोभायात्रा का स्वागत किया गया। यादव समाज के वरिष्ठ लोगों का फूल मालाओं से स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दी। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने रैली में फूल बरसा कर व केले के फल वितरण किए और समस्त यादव समाज का स्वागत अभिनंदन किया गया। शोभायात्रा का स्वागत करने वालों में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सुरका सिंह उइके दूधिया, जयस नेता सुरेंद्र कुमरे मलाजपुर, महेश उइके असाड़ी, सुनील, नोमेश इवने गोधना, डोमासिंह कुमरे, राकेश गजाम, पूर्व सरपंच प्रकाश धुर्वे, गोविंद, नंदन परते एवं समस्त सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर में मनाया जन्मोत्सव



**मुलताई, देशबन्धु।** मां ताप्ती की पवित्र नगरी मुलताई के ताप्ती तट पर स्थित प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर में कृष्ण जन्म उत्सव बड़े धूमधाम और हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भक्तगण कृष्ण भक्ति में लीन होकर भजनों पर झूमते दिखाई दिए। भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के इंतजार में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु राधा कृष्ण मंदिर में रात 12 बजे तक भजनों का आनंद लेते रहे। जैसे ही 12 बजे भगवान श्री कृष्ण के जन्म की सभी ने एक दूसरे को बधाईया दी और इसके बाद भगवान श्री कृष्ण की आरती की गई। भगवान कृष्ण के जन्म की खुशियां मनाते हुए भक्तो ने जमकर गुलाल खेला। आरती के बाद सभी भक्तो को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर युवा समाज सेवी लोकेश गीतकार एवं उनके युवा साथी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### पटवारी संघ के धरना स्थल पहुंचे डागा, बोले-कांग्रेस की सरकार बनने पर सभी मांगे होगी पूरी



**बैतूल, देशबन्धु।** पटवारी संघ द्वारा लंबित मांगों को लेकर पिछले 9 दिनों से जिला उद्योग कार्यालय के समाने बैठकर धरना प्रदर्शन कर रहे है। लंबित मांगों के समर्थन करने के लिए मंगलवार को बैतूल विधायक निलय विनोद डागा धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने संगठन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की प्रदेश में सरकार बनते ही आपकी हर मांग को पूरा किया जाएगा। पटवारी संघ द्वारा धरना स्थल पर सरकार से मांगे पूरी कराने को लेकर सुंदरकांड का आयोजन किया था। इस दौरान विधायक निलय डागा भी शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि प्रदेश भर के लगभग 19000 पटवारी लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे है। जिसके बाद भी सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है।

# आम आदमी पार्टी ने दी जनता की सुविधाओं की गारंटी

**बैतूल, देशबन्धु।** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली पंजाब सरकार की तर्ज पर जनहितैषी योजनाओं को गारंटी पत्र में शामिल कर जनहित की आठ गारंटी जारी की है। आम आदमी पार्टी के लोकसभा प्रमुख बैतूल अजय सोनी ने प्रेस वार्ता में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी ने सतना में पार्टी सुप्रीमों दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की टाउन हॉल में हुई मीटिंग में दिल्ली पंजाब सरकार के जनहित के कार्यों को अपनी गारंटी में शामिल किया। पहली गारंटी शिक्षा की गारंटी,हर बच्चे को अच्छी और निशुल्क शिक्षा,बेहतर सरकारी स्कूल शिक्षकों को नियमित करने, दूसरी गारंटी बिजली की गारंटी, 300 यूनिट बिजली फ्री,24 घंटे मुफ्त बिजली,मध्य प्रदेश के समस्त घरेलू बिल माफ किए जाएंगे। तीसरी रोजगार की गारंटी जिसमें 10 लाख नई सरकारी नौकरियां निकाली जाएगी। प्रतिमाह मध्य प्रदेश के हर बेरोजगार युवा को 3 हजार महीना बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। चौथी गारंटी समस्त शासकीय विभागों में कर्मचारियों को पक्का किया जाएगा। संविदा व ठेका प्रथा टोटली बंद की जाएगी। पांचवी स्वास्थ्य की गारंटी जिसमें हर गांव हर वार्ड में मोहल्ला क्लीनिक,दवाइयां,टेस्ट और ऑपरेशन मुफ्त किए जाएंगे। सड़क दुर्घटना में घायल होने पर मध्य प्रदेश के सभी निजी अस्पतालों में उपचार मुफ्त दिया जाएगा।

# आरोपी पति के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया मामला

**मारपीट करने से परेशान पत्नी ने डीजल डालकर खुद को आग लगाकर दी थी जान**

**मुलताई, देशबन्धु।** ग्राम चिखली कला में बीते 3 अगस्त को पति की प्रताड़ना से तंग आकर पत्नी में अपनी जान दे दी थी। इस मामले में पुलिस द्वारा आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम चिखली कला निवासी सरिता पति मन्द्रेश बिहारे 29 साल को जलने के कारण परिजनों द्वारा मुलताई के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

प्राथमिक उपचार के बाद सरिता को जिला चिकित्सालय बैतुल रेफर किया था। सरिता की हालत गंभीर होने से जिला चिकित्सालय द्वारा उसे हमीदिया अस्पताल भोपाल रेफर किया गया था। जहां पर उपचार के दौरान बीते 9 अगस्त 2023 को सरिता की मृत्यु हो गई थी। बीते 31 अगस्त को मर्ग डायरी प्राप्त होने के बाद प्रकरण नव विवाहिता की मौत से संबंधित होने के कारण एसडीओपी सुरेश पाल सिंह द्वारा मामले की जांच करते हुए मृतिका के मायके पक्ष एवं ससुराल पक्ष से पूछताछ की गई तो सामने आया कि मृतिका सरिता का विवाह 12 मई 2019 को जाति रीति रिवाज के अनुसार ग्राम चिखली कला निवासी मन्द्रेश उर्फ महेंद्र पिता नीलू बिहारे निवासी चिखली कला के साथ हुआ था। करीब 2 साल से पति मन्द्रेश ने दारू पीना चालू कर दिया था। सरिता शराब पीने से मना करती तो मन्द्रेश शराब पीकर सरिता से मारपीट करता था। जब भी मृतिका सरिता अपने मायके जाती थी तो अपने माता पिता को यह बात बताती थी। सरिता के माता पिता ने भी मन्द्रेश को समझाया था। लेकिन वह नही माना और शराब पीकर सरिता से मारपीट करता था। जिसके चलते बीते 3 अगस्त को सरिता ने अपने ऊपर डीजल डालकर आग लगा ली थी। जिससे सरिता 85 प्रतिशत जल गई थी। सरिता जब हमीदिया अस्पताल में भर्ती थी तब उसकी मां रामरती बचले उसे देखने के लिए भोपाल आई थी। जहां सरिता ने अपनी मां रामरती को बताया था। मन्द्रेश आए दिन शराब पीकर ल?ाई झग?ा मारपीट करता है, समझाने पर भी नही मानता इसी कारण परेशान होकर उसने डीजल डालकर आग लगा ली थी। पुलिस द्वारा मामले में आरोपी पति मन्द्रेश के खिलाफ धारा 304 बी एवं 498 ए भादवि के तहत केस दर्ज किया है।

# बारिश होने से घोड़ाडोगरी ब्लॉक के डेढ़ सौ से अधिक गांवों के किसानों के खिले चेहरे

**86150 एकड़ के क्षेत्रफल में खरीफ की फसल की हुई है बुवाई**

**सारनी, देशबन्धु।** घोड़ाडोगरी ब्लॉक के 172 राजस्व गांव के किसानों के चेहरे पर बारिश शुरू होने पर रौनक दिखाई दे रही है। खरीफ की फसल घोड़ाडोगरी ब्लॉक के 172 गांव के किसानों के माध्यम से 34 हजार 460 हेक्टेयर लगभग 86 हजार 150 एकड़ में खरीफ की फसल लगाई गई है और बारिश के न होने के कारण यह फसल सूखने की स्थिति पर पहुंच गई थी, लेकिन पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश की वजह से किसानों में अब उम्मीद की किरण जाग गई है कि इस बार धान, मक्का, ज्वार, कोदो, कुटकी,सोयाबीन,मूंग की फसल बर्बाद नहीं होगी।

कृषि विभाग घोड़ाडोगरी के अधिकारियों के माध्यम से बीज शाखा उपसंचालक कृषि बैतूल को इस वर्ष घोड़ाडोगरी ब्लॉक के किन गांव में कितनी फसल खरीब की है इसकी जानकारी दी है। जिसमें बताया गया है कि धान की फसल 13 हजार 550 हेक्टेयर लगभग 33 हजार 875 एकड़ के क्षेत्रफल में लगाई गई है।इसके अलावा ज्वार 100 हेक्टर,मक्का 17 हजार हैकटेयर के क्षेत्रफल में लगाया गया है।किसानों के माध्यम से कोदो कुटकी 200



हेक्टेयर में सोयाबीन की फसल 18 सौ हेक्टेयर में,मूंग की फसल 100 हेक्टेयर में, उड़द 300 हेक्टेयर, अरहर 1150 हेक्टेयर, रामतील 30 हेक्टेयर, तिल 30 हेक्टेयर, मूंगफली 200 हैकटेयर इस तरह घोड़ाडोगरी ब्लॉक के 172 गांव में 34 हजार 460 हेक्टेयर में खरीफ की फसल लगाने का कार्य किसानों के माध्यम से किया गया है। जिसमें इस बार धान और मक्की की बंपर पैदावार होने की उम्मीद बनी हुई है। किसानों की माने तो इस बार धान और मक्के को जिस हिसाब से पानी मिलना चाहिए था पहले चरण में तो नहीं मिल पाया लेकिन दूसरी चरण में किसानों को पर्याप्त मात्रा में पानी मिल रहा है। किसानों की एक ही वर्तमान समय में परेशानी है कि बिजली विभाग के माध्यम से बिजली का की सप्लाई नहीं दी जा रही है। जिससे परेशानी उत्पन्न हो रही है। हालांकि इस बार खरीद की फसल में धान,ज्वार, मक्का,कोदो,कुटकी,सोयाबीन,मूंग,उड़द और मूंगफली सहित अन्य फसलों की पैदावार बंपर होने की संभावना कृषि विभाग के माध्यम से व्यक्त की गई है।

# अच्छी बारिश के लिए गायत्री परिवार ने दी आहुतियां और मनाई जन्माष्टमी



**सारनी, देशबन्धु।** गायत्री परिवार शाखा रानीपुर ने जन्माष्टमी पर्व मनाया। गायत्री प्रज्ञापीठ रानीपुर में गायत्री यज्ञ का आयोजन भी किया गया।गायत्री यज्ञ में विश्व शांति,जन कल्याण के साथ अच्छी बारिश के लिए वरुण, गायत्री मंत्र की आहुतियां अर्पित की गई। यज्ञ का संचालन परिव्राजक पं.अनिल कुमार शुक्ला के माध्यम से किया गया। गायत्री परिवार के रविशंकर पारखे ने भगवान श्री कृष्ण के जीवन दर्शन के बारे में भी सुंदर वर्णन किया और उनके बालक कथा से लेकर युवा अवस्था तक कथा और कहानियों के माध्यम से उपस्थित लोगों को जानकारी दी । इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक सुनील कुमार वर्मा,डॉ.लक्ष्मी नारायण मालवीय, दिलीप डांगे,रवि शंकर पारखे,गंगाराम पांडे,डॉ सुमित्रा मालवीय,लक्ष्मी देवी वर्मा,मुस्कान वर्मा,सुनीता सोनी,ममता पांडे सहित स्थानीय परिजन मौजूद रहे।

### ब्रह्माकुमारीज ने किया जन्माष्टमी पर आयोजन

**सारनी, देशबन्धु।** संपूर्ण नगर पालिका परिषद सारणी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हर्ष उल्लास के साथ भगवान कृष्ण का जन्म उत्सव मनाया गया शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्थानों पर भगवान कृष्ण की झांकी निकाली गई। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सलैया से यादव समाज के माध्यम से शोभायात्रा निकालने का कार्य किया गया था। इसके अलावा ब्रह्मकुमारी आश्रम में जन्म अष्टमी के पावन अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें ब्रह्माकुमारी आश्रम से जुड़े लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिसमें ब्रह्माकुमारी से जुड़े हुए बाल कलाकारों ने श्री कृष्ण की लीलाओं पर नृत्य एवं संगीत के माध्यम से बहुत सुंदर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी सारनी क्षेत्र के सदस्यों के अलावा ब्रह्माकुमारी सारनी की संचालिका ब्रह्माकुमारी सुनीता दीदी,ब्रह्माकुमारी अनिता बहन, ब्रह्माकुमारी प्रतिभा बहन सहित मुख्य रूप से उपस्थित थे।

*नगर में रही जन्माष्टमी की धूम, स्कूलों सहित कई जगह हुए आयोजन*

# नंद घर आनंद भयो... के जयकारों के साथ निकाली शोभायात्रा



**हरदा, देशबन्धु।** नंद घर आनंद भयो जय कन्हैयालाल के उदघोषों के साथ सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्रों, शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन ने नगर के प्रमुख मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में भगवान श्रीकृष्ण के द्वारा गीता उपदेश, श्रीकृष्ण-राधिका की सजीव झांकियां एवं कृष्ण सुदामा, महारास करते हुए की चलित झांकियां निकाली गई। लगभग 2 किलोमीटर की शोभायात्रा काविभिन्न समाजसेवी एवं समविचारी संस्थाओं द्वारा शोभायात्रा पर फूल वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा का समापन विद्यालय भवन में पूजन एवं महाआरती के साथ हुआ। शिशुवाटिका के नन्हें-मुन्हें छात्र-छात्राओं ने सजीवतापूर्ण श्रीकृष्ण-राधिका का स्वरूप धारण किया था। यहां भी विभिन्न झांकियां सजायी गई। शोभायात्रा के मार्ग में संस्कार केन्द्र के भैया-बहिनों की भी आकर्षक झांकियां प्रदशित की गई। शोभायात्रा में विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारी, विद्यालय के अभिभावक, गणमान्य नागरिक, समाजसेवी सहित बड़ी संख्या में विद्यालयीन छात्र-छात्राएं शामिल थे। शोभा यात्रा में बैंड दलों का आकर्षक प्रदर्शन रहा। उच्चतर विभाग की छात्राओं ने महारास प्रस्तुत किया। शिशुवाटिका विभाग में पृथक से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव सम्पन्न हुआ। जिसमें वाटिका के नन्हे-मुन्हे छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

**ज्ञान गंगा स्कूल में मनाया कृष्ण जन्मोत्सव:** ज्ञान गंगा हायर सेकेंडरी स्कूल में बड़े धूमधाम से कृष्ण जन्म उत्सव मनाया गया । नन्हे मुन्ने बच्चे राधा कृष्ण, वासुदेव, सुदामा, कंस, यशोदा, नंद बाबा, देवकी आदि का रूप धारण करके विद्यालय आये। विधिवत आरती पूजन करने के पश्चात डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात सजीव झांकी के साथ शोभा यात्रा स्कूल परिसर से निकलकर मेजर जोशी कॉलोनी, शिक्षक कॉलोनी, तवा कॉलोनी, बड़ी सिंधी कॉलोनी, महाराणा प्रताप चौक, नेहरू स्टेडियम, जिला पंचायत होते हुए वापस संस्था में आगमन हुआ, शोभा यात्रा का नगर में जनता जनार्दन द्वारा जमकर पुष्प वर्षा एवं फलाहार से स्वागत किया गया। अंत में संस्था प्राचार्य एवं समस्त ज्ञान गंगा स्कूल परिवार ने नगर की जनता जनार्दन, पुलिस प्रशासन एवं समस्त पालकों का आभार व्यक्त किया एवं शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात माखन मिश्री के प्रसाद वितरण के बाद यात्रा का समापन किया गया।





**शोभायात्राओं का नपा ने स्वागत किया:** नगर पालिका द्वारा भगवान श्री कृष्ण के जन्मउत्सव पर नगर में निकाली सरस्वती शिशु मंदिर,गाडरी समाज एवं गुरु जम्भेश्वर भगवान के 573 वें जन्मोत्सव पर निकली सभी शोभायात्राओं का स्वागत किया गया। जिसमें भाजपा अध्यक्ष अमर सिंह , सांसद प्रतिनिधि राजू कमेडिया, पार्षद लोकेश राव मराठा, मनोज महलवार, ओमप्रकाश मोरछले, संदीप पाराशर, विनोद गुर्जर ,राहुल अग्रवाल, दीपक चौबे एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### विधायक ने किया सारिका घारू का स्वागत



**इटारसी, देशबन्धु।** शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त कर दिल्ली से गृह नगर सोहागपुर लौटने पर माध्यमिक शाला सांडिया पिपरिया में पदस्थ विज्ञान शिक्षिका सारिका घारू का नगर के प्रवेश द्वार शिव पार्वती मंदिर पर सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह एवं नगर के गणमान्य नागरिकों पुष्पहारों से आत्मीयता से स्वागत किया।विधायक विजयपाल सिंह राजपूत ने राष्ट्रपति पुरस्कार मिलने पर कुमारी सारिका घारू को बधाई देते हुए कहा कि आपकी वजह से आज सोहागपुर गौरवान्वित है। विधायक प्रतिनिधि अश्विनी सरोज ने बताया कि सारिका की उपलब्धि पर समूचे सोहागपुर और शिक्षक जगत में हर्ष व्याप्त है, पिपरिया वासी भी हर्षोल्लासित हैं।

### जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** शहर में गुरुवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों से घरों में पूजा अर्चना की गई। वहीं काले महादेव मंदिर में भगवान महादेव का श्रीकृष्ण स्वरूप में श्रृंगार किया गया।

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक की, कहा-

# बाजार बैठकी वसूली बंद है, यदि कोई वसूलता है तो मुझसे करें शिकायत

- रोड पर रेत, गिट्टी व अन्य सामान मिला तो नपा लगाएगी जुर्माना
- पीएम आवास योजना के फोटो खींचने में तेजी लाने के निर्देश, अब वार्ड मुहर्रिर फोटो खिंचवाएंगे
- संपत्ति कर, जल कर सहित अन्य करों की वसूली में तेजी लाने के निर्देश



**इटारसी, देशबन्धु।** नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में सीएमओ रितु मेहरा, राजस्व सभापति अमृता मनीष ठाकुर सहित राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। बैठक के जरिए नपाध्यक्ष ने राजस्व विभाग के अमले को स्पष्ट संदेश दिया कि काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संपत्ति कर, जल कर सहित अन्य करों की वसूली में तेजी लाने के निर्देश के साथ ही वार्ड मुहर्रिरों को निर्देश दिए कि वह अपने अपने वार्ड क्षेत्र में सड़कों पर पड़ी रेत, गिट्टी, मलबा व अन्य सामान को जब्त कराएं या जुर्माना कराएं, उन्हें सड़कें खाली दिखनी चाहिए। जुर्माना राशि 1 हजार रुपये रखी गई है। इसके लिए सभी को नोटिस जारी करने के निर्देश नपा अध्यक्ष श्री चौरे ने दिए हैं। इसी तरह पीएम आवास योजना की प्रथम, द्वितीय व तृतीय किश्त के लिए फोटोग्राफ तेजी से निकलवाने के लिए कहा। वार्ड मोहर्रिर को जिम्मेदारी दी है कि वे अपने अपने क्षेत्र में फोटो निकलवाएं। सभापति अमृता मनीष ठाकुर ने कहा कि राजस्व अमला काफी बड़ा है, उसे अपनी मातृ संस्था के लिए ईमानदारी से काम करना चाहिए।

### वार्ड प्रभारी के पास है वार्ड की संपूर्ण जवाबदारी

सीएमओ रितु मेहरा ने वार्ड प्रभारियों को उनके काम गिनाते हुए कहा कि वार्ड की संपूर्ण जवाबदारी आपके पास है। आप सिर्फ कर वसूली करना मात्र अपनी ड्यूटी न समझें। अब तक जो था ठीक है, लेकिन अबसे वार्ड में कर वसूली से लेकर अतिक्रमण रोकना, स्वच्छता, ड्रेनेज, सभी प्रकार का सर्वे करना, पेंशन सबको मिल रही है या नहीं सुनिश्चित करना, क्षतिग्रस्त भवनों के मालिकों को नोटिस देना, वार्ड की सीएम हेल्पलाइन देखना, आवास का सर्वे करना, पट्टे का सर्वे करना भी आपका काम है, मैं किसी तरह के एक्सक्यूज नहीं सुनूंगी। आप यह नहीं कहेंगे कि मेरा कार्य क्षेत्र नहीं है।

#### यह भी दिए निर्देश

पेंशनधारकों की केवायसी कराएं, किसी भी व्यक्ति की पेंशन बंद हुई तो वार्ड मोहर्रिर पर कार्रवाई होगी। बाजार क्षेत्र में कर वसूली करने वाले मोहर्रिर उमेश चौबे को लापरवाही बरतने पर अतिक्रमण दस्ते व हॉका दल में भेजने को कहा। बाजार बैठकी बंद है, यदि कोई भी वसूली करने आए तो उसका फोटो निकालकर नपाध्यक्ष पंकज चौरे को मोबाइल नंबर 9893240411 पर भेजें। पीएम आवास योजना के पैसे लेने के बाद जो लोग मकान नहीं बना रहे हैं उन्हें नोटिस जारी होंगे।

## डॉक्टर की कार से युवक घायल

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** शहर के भोपाल चौराहे के पास 2 सितंबर को जिला अस्पताल के सिविल सर्जन की कार से हुए एक्सीडेंट के मामले में केस दर्ज हुआ है। घटना के पांचवें दिन कोतवाली थाने में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर सुधीर विजयवर्गीय की गाड़ी के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज हुआ। फरियादी को केस दर्ज कराने के लिए थाने के चक्कर काटने पड़े। जानकारी के मुताबिक फरियादी हिमांशु तिवारी निवासी जुमेराती नर्मदापुरम है। जो बीकॉम सेकंड ईयर का छात्र है। 2 सितंबर की रात करीब 10 बजे फरियादी हिमांशु रसूलिया से अपने घर जुमेराती की तरफ जा रहा था, भोपाल चौराहा के पास नमन नर्मदा गार्डन के सामने लाल रंग की कार एमपी 04 सीडब्ल्यू 1506 ने लापरवाही पूर्वक स्कुटी को दाहिने तरफ टक्कर मार दी। जिससे हिमांशु स्कुटी सहित गिर गया। हिमांशु ने बताया कार डॉक्टर विजय वर्गीय स्वयं चला रहे थे। एक्सीडेंट के बाद डॉक्टर विजयवर्गीय ने उतरकर मुझे देखा। घायल को उपचार कराने नर्मदा अस्पताल ले आया गया। मामले में परिजन ने थाने में शिकायत की। फरियादी हिमांशु व उसकी मम्मी रजनी तिवारी को थाने में केस दर्ज कराने के लिए चक्कर लगाने पड़े। तब जाकर बुधवार देर रात को कार के ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज हुआ। इधर डॉक्टर विजयवर्गीय का कहना है कि कार में स्वयं चला रहा था, गाड़ी की स्पीड काफी धीमी थी। स्कुटी चालक जबरन रांग साइड से मेरी गाड़ी से टकराया। मैंने भी एक्सीडेंट को लेकर शिकायत की है।

## 16 साल के बालक ने फांसी लगाकर दी जान

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** शहर के बालागंज क्षेत्र की चौकसे कॉलोनी में एक 16 साल के बालक ने फांसी लगाकर जान दे दी। छात्र ने प्लास्टिंग की नली का फंदा बनाकर फांसी लगाई।

घटना बुधवार देर शाम की है। गुरुवार को छात्र के शव का पोस्टमार्टम किया गया। पुलिस के मुताबिक मृतक गौरव पिता रमेश नेमा (16) निवासी बालागंज नर्मदापुरम है। मृतक स्कूल में पढ़ता था। एएसआई सुशील कुशवाह ने बताया बुधवार शाम को छात्र कोचिंग से लौटा, जब घर में कोई भी नहीं था। उसने अकेले में एक कमरे में पीने के पानी वाली प्लॉस्टिक का फंदा बनाकर पंखे के कुंदे में फंसाया। फिर फांसी के फंदे पर लटक गया। कुछ देर बाद उसके पिता व परिजन घर पहुंचे। बेटे को फंदे पर लटका देख घबरा गए। उसे उतारकर अचैत अवस्था में जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर ने चेक कर मृत घोषित किया। सूचना पर कोतवाली थाने के एएसआई कुशवाह स्टॉफ के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जहां प्लास्टिक की नली का फंदा मिला। मौके पर सुसाइड नोट नहीं मिला। जिससे आत्महत्या की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई। परिजन के बयान व जांच के बाद सुसाइड का कारण स्पष्ट होगा।



## आदर्श चौरसिया महिला मंच ने किया शिक्षकों का सम्मान

**इटारसी, देशबन्धु।** शिक्षक दिवस के अवसर पर आदर्श चौरसिया महिला मंच द्वारा, राष्ट्रीय प्रभारी इंदु प्रदीप चौरसिया की उपस्थिति में, शासकीय पुत्री शाला के शिक्षकों, प्रिंसीपल श्रीमती सोनी, श्रीमती समीक्षा जैन, श्री चौरे का सम्मान श्रीफल, शाल व फूल माला द्वारा किया गया। श्रीमती मंजुला चौरसिया, श्रीमती निशा चौरसिया, श्रीमती गीता चौरसिया ने शिक्षकों के सम्मान में कविता पाठ किया। श्रीमती सीमा चौरसिया ने अपने जन्मदिन को बच्चों में मिठाई खिलाकर मनाया। महिला मंच की सदस्यों ने जलपान व बच्चों को बिस्कुट के पैकेट वितरण किये गये। श्रीमती आशा भारद्वाज, श्रीमती शशि चौरसिया, श्रीमती चंदा चौरसिया, श्रीमती गीता चौरसिया, श्रीमती मीना चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

## एसवीएम के बच्चों ने कृष्ण जन्मोत्सव सहित शिक्षक दिवस मनाया



**इटारसी, देशबन्धु।** न्यास कॉलोनी स्थित साईं विद्या मंदिर स्कूल में आज बच्चों ने कृष्ण जन्माष्टमी के साथ डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का भी जन्मदिवस मनाया।

कार्यक्रम सहसंयोजक श्रुति अग्रवाल, खुशबू मालवीय व टी कश्यप ने बताया कि साईं विद्धा मंदिर स्कूल में आज बड़ा ही मनोहारी दृश्य था। हर तरफ नन्हें कृष्ण व राधा दिखाई दे रहे थे, जो जन्मोत्सव मनाने आये थे। उन्होंने शिक्षा की अलख़ जगाने वाले शिक्षाविद् व देश के दूसरे राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को भी याद किया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने मनमोहक कृष्णलीला पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये तो वहीं कक्षा 5-8 के बच्चों ने अपने शिक्षकों के सम्मान में बहुमूल्य भाषण, गीत व कविताऐं प्रस्तुत की व मनोरंजक खेलों का समायोजन किया।

स्कूल संचालक आलोक गिरोटिया ने वर्षभर अपनी मेहनत से बच्चों का भविष्य तराशने वाले शिक्षकों का भेंट देकर सम्मान किया और उनका आभार प्रकट किया। संचालन तीसरी से आठवीं के बच्चे आराध्य बाजपयी, ईरम खान, चंचल नामदेव, आयुष बोरासी, अभिनव चौरे व मुकुल मेहरा ने किया।

## मण्डलम की बैठक में हुई विधानसभा चुनावों की तैयारियों पर चर्चा



**इटारसी, देशबन्धु।** नगर कांग्रेस इटारसी द्वारा इटारसी शहर में गठित चार मण्डलमों में पुरानी इटारसी मण्डलम की बैठक में मण्डलम के साथ ही सेक्टर वार्ड के अध्यक्ष एवं बूथ स्तर के बीएलए उपस्थित रहे।

बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा के साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी के संबंध में चर्चा की गयी। बैठक में नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल, अजय शुक्ला, एनएस चौहान, अजय मिश्रा, अर्जुन ठाकुर, नरेश चौहान, मुन्ना पटेल, राजू ठाकुर, पार्षद नारायण सिंह ठाकुर, अरविंद चंद्रवशी, दिलीप गोस्वामी, मनीष चौधरी, अवध पांडेय, नरेंद्र राजपूत (कल्लू), रविंद्र जोशी, बलदेव सिंह राजपूत, भिमि जवलकर, गोल्डी बेस, अमर चिमनिया, बंटी महतो, कन्हैया लाला बामने, जित्तु ठाकुर, सजल जयसवाल, आकाश कुशराम, प्रणीत मिश्रा, गौरव पांडेय, राहिल बड़कुर, संतोष बबलू, प्रणय मिश्रा, कपिल, देवु, भीम राजपूत, अर्जुन पांडेय, रोहित बकोरिया, रवि, राजा, सचिन, सलीम, आशीष मालवीय, सचिन तिवारी, सचिन मेहरा आदि उपस्थित थे।

## सहायक मंडल विद्युत अभियंता का स्वागत कर बतायी समस्याएं



**इटारसी, देशबन्धु।** आज वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ इटारसी टीआरएस/टीआरडी शाखा सचिव कुंदन आगलागे के नेतृत्व में सहायक मंडल विद्युत इंजीनियर प्रतीक नाचनकर का स्वागत किया गया और शेड कैंटीन से सबंधित समस्या पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि कैंटीन में महिला एवं सुपरवाइजर हेतु बैठक व्यवस्था कराई जाए एवं शेड के शौचालयों में सफाई व्यवस्था में सुधार लाने की अति आवश्यकता है। सहायक मंडल विद्युत इंजीनियर ने जल्द से जल्द उक्त समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से संघ सदस्य मिलन गुप्ता, शंकर राव, हेमराज सिसोदिया, हीरामन चौधरी अमित सोनिया, राहुल राणा, हेमंत सैनी, अमित चौपदार, जन्मयजय यादव, गुरपाल सिंह, विजय कुमार, राहुल राजपूत, निलेश राजपूत उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए कांग्रेस नेता हरगोविंद पुरबिया

## जन्माष्टमी पर बच्चों का हुआ सांस्कृतिक आयोजन



**सोहागपुर, देशबन्धु।** जन्माष्टमी के अवसर पर मुख्य बाजार में रानी लक्ष्मीबाई मंच पर समस्त स्कूलों के बच्चों का सामूहिक रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सुहागपुर विधानसभा के 25 विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस नेता हरगोविंद पुरबिया उपस्थित थे कार्यक्रम में सर्वप्रथम मंदिर में अतिथियों में पूजा अर्चना की उसके बाद गणेश वंदना नित्य के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर के गौरव संत पंडित मनमोहन प्रसाद मुगल महाराज ने की वहीं विशिष्ट अतिथि महंत हरकिशन दास जी बावड़ी वाले मंदिर के थे दिन भर चले शाम को बच्चों को प्रथम द्वितीय तृतीय चतुर्थ एवं अनेक सांत्वना पुरस्कार दिए गए इस मौके पर भारी संख्या में स्कूली बच्चे शिक्षक अपने-अपने बच्चों को राधा कृष्ण के रूप में सजाकर पहुंचे थे बच्चों ने भगवान कृष्ण पर शानदार प्रस्तुतियां दी इस मौके पर कांग्रेस नेता हरगोविंद पुरबिया ने कहा वह हमेशा धार्मिक सांस्कृतिक और खेलकूद जैसे आयोजन में सहयोग करते हैं आगे भी ऐसा ही सहयोग करते रहेंगे बच्चों को धर्म का ज्ञान देना जरूरी है ऐसे छोटे-छोटे आयोजनों से बच्चे धर्म के प्रति आकर्षित होते हैं और अपने ईस्ट के प्रति उन्हें जानकारी मिलती है सनातन धर्म को बढ़ाने के लिए इस प्रकार के आयोजन बहुत ही सराहनीय प्रतिवर्ष आगे भी होते रहना चाहिए पंडित मनमोहन प्रसाद ने सभी को आशीर्वाद दिया और भगवान श्री कृष्ण के चरित्र का वर्णन सुनाया इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय कवि एसडीओपी चौधरी मदन मोहन समर ने श्री कृष्ण के चरित्र का बहुत ही सुंदर वर्णन करते हुए उनके संघर्ष की बात बताई उन्होंने कहा कृष्ण भगवान का जन्म संघर्ष भरा था बचपन में जन्म जेल में हुआ और कंस से लड़ते-लड़ते हुए बड़े हुए निर्णायक के रूप में एसपीएस हाई सेकेंडरी स्कूल सेमरी हरचंद की प्राचार्य विधु लताआवटे और अलका पुरोहित थी साथ ही प्राचार्य संदीप साहू भावना शर्मा गेरैया मैडम विशेष रूप से उपस्थित रहे इस मौके पर अध्यक्ष जालम सिंह पटेल सुश्री राजू मालवीय प्रदेश प्रवक्ता भाजपा राघवेंद्र पटेल मंडल अध्यक्ष भी उपस्थित थे रूद्राक्ष क्लब के संयोजक मुकेश पुरोहित और अध्यक्ष आशीष डोनिवाल सभी अतिथियों का उसे माला से स्वागत किया इस कार्यक्रम का शानदार मंच संचालन जो आकर्षण का केंद्र था मंच का संचालन पवन सिंह चौहान और महिमा पुरोहित ने संयुक्त रूप से किया आभार प्रदर्शन आशीष धोनीवाल ने किया। इस अवसर पर स्कूलों के सभी शिक्षक छात्राएं सैकड़ो की संख्या में कार्यक्रम में पहुंचे वहीं गुरुवार होने के चलते आम

## गांधी चौक पर एक कॉस्मेटिक एवं जनरल स्टोर्स दुकान में आग

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** शहर में जिला अस्पताल के सामने गांधी चौक पर एक कॉस्मेटिक एवं जनरल स्टोर्स दुकान में आग लग गई। कुछ ही देर में आग भीषण हो गई। 8-10 फीट ऊंची आग की लपटें उठते हुए तेजी से दुकान का सामान जलने लगा।

आग की घटना बुधवार रात करीब 10.20 बजे की है। सूचना मिलते ही कुछ ही मिनिट में दमकल आई और आग बुझाना शुरू किया। करीब आधे घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। तब तक दुकान का कई सामान जल चुका था। दुकान में आग रोड से निकले लकड़ी से भरे से ट्रक सर्विस लाइन टूटने के कारण शॉर्ट सर्किट से हुआ। दुकान मालिक विपिन साहू ने बताया कि वह मूलत तिखड का रहने वाला है शहर में जैन मंदिर के पास रहकर दुकान संचालन कर रहा था। 12 लाख रुपए का लोन लेकर जनवरी में कॉस्मेटिक और जनरल स्टोर्स खोली थी। रात में 10 बजे दुकान बंद करके घर ही पहुंचा था कि लोगों के फोन आए की दुकान में आग लग चुकी है। दुकान का पूरा सामान खाक हो गया है। दो दमकलों की सहायता से पूरी आग बुझाई गई। सामान जलता देख दुकान मालिक व उनके परिजन रोते-बिलखते रहे।

राजेश पाराशर ने किया जीवविज्ञान को समझाने अनूठा कार्यक्रम, दिल से दिल को समझाया

## बच्चों ने पहले थामा कलेजा फिर कहा- अब नहीं रहा जीवविज्ञान से डर

- फेफड़े को फुलाकर समझा क्या नाता है दिल का फेफड़े से



**इटारसी, देशबन्धु।** दिल का मामला है, कलेजा थामना, दिमाग देखना जैसी बातें मुहावरे के रूप में हिन्दी बोलचाल या कक्षा में हिन्दी अध्यापन का भाग हो सकती हैं लेकिन ये सब कुछ हो रहा था विज्ञान की खुली कक्षा में। विज्ञान शिक्षक राजेश पाराशर द्वारा आयोजित खुला विज्ञान कार्यक्रम में सभी बच्चे और शिक्षक हाथों में ग्लब्ज़ पहने हार्ट, ब्रेन, लिवर के अलावा आई, किडनी, छोटी आंत, बड़ी आंत को स्वयं वैज्ञानिक अध्ययन कर रहे थे बल्कि इनकी शरीर में कार्यप्रणाली को समझ रहे थे। पाईप की मदद से फेफड़े को फुलाकर गुब्बारे की तरह बड़ा होता हुआ देखना किसी आश्चर्य से कम नहीं था। आमतौर पर केवल किताबों में छपे चित्र से ही बच्चे इन अंगों को पढ़ पाते हैं। कुछ नवाचारी शिक्षक मॉडल एवं चार्ट की मदद से समझाते हैं लेकिन वास्तविक पशु अंगों को हाथ में लेकर और उसको समझना सभी के लिये पहला अनुभव था इस कार्यक्रम में मस्तिष्क की कोमल संरचना को छूकर परिवहन के दौरान हेलमेट का महत्व बताया गया तो फेफड़े का अध्ययन कर धूम्रपान के नुकसान को बच्चों ने समझा ।

जन जातीय कार्यविभाग के कन्या शिक्षा परिसर तथा हायरसेकंडरी जुझारपुर में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से आमंत्रित रिसोर्स साइंटिस्ट लखन साहू एवं बी मरकाम ने मृत पशु के अंगों से जीव विज्ञान को सरल एवं सीखने योग्य तरीके से समझाने ये प्रयोग करवाये। इसके पहले ये स्त्रोत विद्वान साठ हजार से ज्यादा बच्चों के लिये इस तरीके से महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ में ये कार्यशाला कर चुके हैं। मध्यप्रदेश में राजेश पाराशर की पहल पर प्रथम बार बच्चों के लिये वैज्ञानिक जानकारी देने यह कार्यक्रम किया गया।कन्या शिक्षा परिसर के प्राचार्य यूएस राठौर ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चों में मेडिकल साइंस की ओर झुकाव बिना किसी दबाव के करने में मदद मिलती है। हायर सैकंड्री स्कूल जुझारपुर के प्राचार्य श्री प्रभाकर राय ने कहा कि करके सीखने में विज्ञान की समझ बढ़ती है। प्रयोग प्रक्रिया में एमएस नरवरिया ने सहयोग किया। हरीश चौधरी ने प्रयोगों की प्रारंभिक तैयारी में मदद की। कार्यक्रम में विद्यालय के विज्ञान शिक्षकों के साथ ही अन्य विषय के शिक्षकों ने भी इन प्रयोगों को स्वयं करके देखा तथा बच्चों की मदद भी की।

मुख्यमंत्री ने पत्रकार समागम में की कई घोषणाएं

# भोपाल में बनेगा सर्वसुविधायुक्त स्टेट मीडिया सेंटर

- बुजुर्ग पत्रकारों की सम्मान निधि बढ़ाई, बढ़ा प्रीमियम सरकार भरेगी
- पत्रकारों के उपचार के लिए सहायता राशि में की वृद्धि



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भोपाल के मालवीय नगर में पत्रकार भवन की भूमि पर स्टेट मीडिया सेंटर बनाया जाएगा। इस नवनिर्मित भवन में सभागार, पुस्तकालय, कैंटीन, सामान्य कक्ष सहित अन्य आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराएंगे।

श्री चौहान आज मुख्यमंत्री निवास में पत्रकार समागम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश के वरिष्ठ व बुजुर्ग पत्रकारों को मासिक सम्मान निधि की राशि बढ़ाने, बीमे की प्रीमियम राशि सरकार द्वारा भरने सहित कई घोषणाएं भी की हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मीडिया के लिए मेरे मन में बहुत आदर का स्थान है,पत्रकार साथी दिन-रात कार्य करते हैं, अनेक कठिनाइयों के बीच वे तथ्यों और समाचारों को जनता तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। यही नहीं सरकार और अन्य सभी के लिए सेतु के रूप में भी उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होती है।

इस पत्रकार समागम में पहली बार राजधानी में प्रदेश के कई जिलों के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया, न्यू मीडिया के विभिन्न माध्यमों और सोशल मीडिया के अलग-अलग माध्यमों के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। राजधानी भोपाल के अलावा प्रमुख नगरों इंदौर, उज्जैन, सागर, रीवा, शहडोल, चंबल, ग्वालियर और नर्मदापुरम सहित सभी संभागों से बड़ी संख्या में मीडियाकर्मी भी यहां पहुंचे हुए थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने संबोधन के बाद मीडिया के साथियों से भेंटकर कर चर्चा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री और जनसंपर्क विभाग के सचिव विवेक पोरवाल, आयुक्त जनसंपर्क मनीष सिंह, जनसंपर्क संचालक आशुतोष प्रताप सिंह और मुख्यमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### दिखा आत्मविश्वास, शिवराज बोले- हम फिर आ रहे हैं

पत्रकार समागम में मुख्यमंत्री श्री चौहान का गजब का आत्मविश्वास देखने को मिला। भाषण के अंत में श्री चौहान ने कहा कि मैंने जो घोषणाएं की हैं वह इसी कार्यकाल में पूरी होंगी। मैं एक बात और कह देता हूं कि हम फिर आ रहे हैं। आप सबके हित में आगे भी निर्णय लेंगे।

### पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने समिति बनाएंगे

मुख्यमंत्री ने लम्बे समय से चली आ रही पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने के लिए सहमति जताई। उन्होंने कहा कि इसके लिए वरिष्ठ पत्रकारों की समिति गठित की जाएगी। इस समिति से मिले सुझावों पर राज्य शासन द्वारा अमल किया जाएगा और उसी के मुताबिक पत्रकार सुरक्षा कानून का स्वरूप होगा।

### मुख्यमंत्री ने यह घोषणाएं की

श्री चौहान ने समागम में पत्रकारों के लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। प्रदेश के वरिष्ठ व बुजुर्ग पत्रकारों की मासिक सम्मान निधि की राशि 10 हजार के स्थान पर 20 हजार रुपए करने, सम्मान निधि प्राप्त करने वाले पत्रकार के अवसान की स्थिति में परिवार को 8 लाख रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। बीमार होने पर पत्रकारों को 20 हजार के स्थान पर 40 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। गंभीर बीमारी में यह राशि 50 हजार के स्थान पर 1 लाख रुपए होगी। अधिमान्यता प्राप्त पत्रकारों को आवास ऋण ब्याज अनुदान योजना के अंतर्गत अधिकतम ऋण की राशि 25 लाख से बढ़ाकर 30 लाख रुपए की जाएगी। बीमा कंपनी द्वारा प्रीमियम राशि में 27 प्रतिशत वृद्धि की गई थी, बढ़ी हुई राशि पत्रकारों को नहीं भरना होगी। राज्य सरकार बढ़ी हुई राशि वहन करेगी। गत वर्ष की तरह ही पत्रकारों को प्रीमियम देना होगा। 65 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ पत्रकारों को बीमा के लिए प्रीमियम राज्य सरकार द्वारा भरा जाएगा। पत्रकारों के जीवनसाथी (पति/पत्नी) के बीमा का प्रीमियम भी राज्य सरकार भरेगी। अधिमान्यता प्राप्त पत्रकारों के बेटे-बेटियों की शिक्षा के लिए बैंक से ऋण पर उसके ब्याज पर 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान 5 वर्ष के लिए राज्य सरकार वहन करेगी। प्रदेश के छोटे शहरों और कस्बों के पत्रकार साथियों की जरूरत के अनुसार उन्हें भोपाल में डिजिटल तकनीक का प्रशिक्षण दिलवाया जाएगा। इसके लिए माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता और संचार विश्वविद्यालय भोपाल का सहयोग भी प्राप्त किया जाएगा।

मुख्यमंत्री और चुनाव प्रभारियों ने किया भूमि पूजन

# जम्बूरी में 25 को होगा कार्यकर्ता महाकुंभ, मोदी आएंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा 25 सितंबर पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर जंबूरी मैदान में आयोजित कार्यकर्ता महाकुंभ आयोजित करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महाकुंभ को संबोधित करेंगे। पार्टी नेताओं का दावा है कि इस सम्मेलन में बूथ स्तर के तकरीबन 10 लाख कार्यकर्ता जुटेंगे। इस आयोजन के लिए कार्यक्रम स्थल का आज मुख्यमंत्री सहित वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भूमिपूजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर पार्टी नेताओं ने स्व. कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती पर चित्र पर माल्यार्पण किया।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 25 सितंबर को होने वाला कार्यकर्ता महाकुंभ को सफल बनाने के लिए हम सभी को काम में जुटना होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक सफलता सुनिश्चित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से परिश्रम की पराकाष्ठा करते हुए चुनाव में जुट जाने की बात कही। वहीं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती पर विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्येक बूथ से लगभग 10 लाख कार्यकर्ताओं का जंबूरी मैदान में महाकुंभ होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर उन्हें विजय का संकल्प देंगे।



भूमिपूजन के दौरान केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र यादव, केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक नरेन्द्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रभात झा व प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, वरिष्ठ नेता उमाशंकर गुप्ता, प्रदेश सरकार के मंत्री विश्वास सारंग, उत्तर प्रदेश सरकार के सहकारिता मंत्री जी.पी.एस. राठौर, प्रदेश उपाध्यक्ष व भोपाल उत्तर विधानसभा के प्रत्याशी आलोक शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह, प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, प्रदेश मंत्री लोकेंद्र पाराशर, राहुल कोठारी, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ राघवेंद्र शर्मा, मध्य विधानसभा के प्रत्याशी ध्रुवनारायण सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, प्रवक्ता नरेन्द्र सलूजा, पूर्व मीडिया प्रभारी दीपक विजयवर्गीय, जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी, विधायक श्रीमती कृष्णा गौर, रामेश्वर शर्मा, महापौर श्रीमती मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी : मुख्यमंत्री निवास में देर रात तक गूंजे भक्ति और आराधना के स्वर



**भोपाल, देशबन्धु।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर मुख्यमंत्री निवास पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वृंदावन के कलाकारों ने बृजवंदना, भक्ति गीत, भजन और नृत्य मधुर संगीत के साथ प्रस्तुत किए। इस अवसर पर गायक और नर्तक कलाकार दल ने भगवान श्रीकृष्ण की स्तुति में अनेक भजन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी भजन गाए।

मुख्यमंत्री और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह चौहान ने समारोह में पधारे श्रीकृष्ण भक्तों का आत्मीय स्वागत किया और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की बधाई दी। कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव, सांसद वी.डी. शर्मा, हितानंद शर्मा, महापौर श्रीमती मालती राय तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंच पर भगवान श्रीकृष्ण की विधि विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुआ।

इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने कहा था कि धर्म की रक्षा और दुष्टों के संहार के लिए मैं बार-बार जन्म लेता रहूंगा। हमारी सनातन संस्कृति हजारों साल पुरानी है। सनातन संस्कृति दुनिया को राह दिखाएगी।

## मोटरसाइकिलों की टक्कर में 5 की मौत

**राजकोट (गुजरात), एजेंसी।** गुजरात के राजकोट शहर के पास दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई टक्कर में कम से कम पांच लोगों की जान चली गई। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दुर्घटना बुधवार रात सरदार-भूपगढ़ रोड पर हुई।अजीदम थाना प्रभारी एसआई ए.जे. परमार द्वारा प्रारंभिक जांच निष्कर्षों के अनुसार एक मोटर साइकिल चालक के लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण यह हादसा हुआ। पीड़ितों की पहचान दिलीप भूरिया (25), अर्जुन मेड़ा (18), दिनेश राठौड़ (30), देवगन मकवाना, (22) और राजेश राठौड़ (22) के रूप में हुई है। सभी राजकोट जिले के साजादियाली गांव के निवासी हैं। भूरिया, मेड़ा और दिनेश किराने की खरीदारी के लिए मोटरसाइकिल पर सरदार गांव जा रहे थे, जबकि मकवाना और राजेश अपने दोपहिया वाहन पर सरदार से भूपगढ़ जा रहे थे।

## करीब ढाई किलो तस्करी के सोने के साथ शख्स गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने भुवनेश्वर में छापेमारी के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और बिस्कुट और बार के रूप में 2.465 किलोग्राम विदेशी-चिह्नित तस्करी का सोना बरामद किया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर भुवनेश्वर में कई जगहों पर छापेमारी की गई। अधिकारी ने कहा, 'जांच से पता चला कि सोना अवैध रूप से देश में तस्करी कर लाया गया था। इसे जब्त कर लिया गया है और सीमा शुल्क अधिनियम के प्रावधानों के तहत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।' आरोपी को एक स्थानीय अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उसे चौदह दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उससे आगे की पूछताछ होगी। मामले की जांच जारी है।

इसरो ने सोशल मीडिया पर अपलोड की तस्वीरें

# आदित्य-एल1 पृथ्वी व चंद्रमा की ली सेल्फी



**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने गुरुवार को कहा कि आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान ने पृथ्वी और चंद्रमा की सेल्फी और तस्वीरें ली हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनुसार, सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंज बिंदु (एल1) के लिए निर्धारित आदित्य-एल1 ने एक सेल्फी ली है और साथ ही पृथ्वी और चंद्रमा की तस्वीरें भी ली हैं। इसरो ने तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपलोड की हैं।

भारत की अंतरिक्ष आधारित सौर वेधशाला, आदित्य-एल1 को 2 सितंबर को ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान -एक्सएल (पीएसएलवी-एक्सएल) संस्करण नामक एक भारतीय रॉकेट द्वारा निम्न पृथ्वी कक्षा (एलईओ) में कक्षा में स्थापित किया गया था। तब से इसरो द्वारा अंतरिक्ष यान की कक्षा दो बार बढ़ाई गई है। जैसे ही अंतरिक्ष यान लैग्रेंज पॉइंट की ओर यात्रा करेगा, यह पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र से बाहर निकल जाएगा। एसओआई से बाहर निकलने के बाद, क्रूज़ चरण शुरू हो जाएगा और बाद में अंतरिक्ष यान को एल 1 के चारों ओर एक बड़ी प्रभामंडल कक्षा में इंजेक्ट किया जाएगा - वह बिंदु जहां दो बड़े पिंडों - सूर्य और पृथ्वी - का गुरुत्वाकर्षण खिंचाव बराबर होगा और इसलिए अंतरिक्ष यान किसी भी ग्रह की ओर गुरुत्वाकर्षण नहीं करेगा। लॉन्च से एल1 तक की कुल यात्रा में आदित्य-एल1 को लगभग चार महीने लगेंगे और पृथ्वी से दूरी लगभग 1.5 मिलियन किमी होगी।

# आरएसएस प्रमुख ने आरक्षण का किया समर्थन

राजद ने जाति जनगणना पर दी सलाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने एक दिन पहले कहा था कि समाज में भेदभाव मौजूद रहने तक आरक्षण जारी रहना चाहिए। इस बयान के अगले दिन गुरुवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें केंद्र से 'जाति जनगणना' पर सहमत होने के लिए कहना चाहिए।

राजद के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने कहा, 'जब मोहन भागवत आरक्षण की बात करते हैं तो मुझे लगा कि आज सूरज किस दिशा से उग आया है, क्योंकि ये अलग-अलग विचारधारा वाले लोग हैं। मुझे खुशी हुई कि कम से कम उन्होंने भारत के संविधान के अनुसार सोचना शुरू कर दिया।' उन्होंने आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा, 'भागवत जी आप अपने संगठन को सांस्कृतिक संगठन कहते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है, यह पूरी तरह से एक राजनीतिक संगठन है और सरकार चलाता है। सरकार एक मुखौटा है।' मनोज झा ने पूछा कि अगर आपको सोचना है तो आपको सरकार को बताना होगा कि वह जाति जनगणना पर चुप क्यों है? उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या मोहन भागवत को सीवर साफ करने वाले लोगों की स्थिति का पता नहीं है? राजद नेता ने आगे कहा कि ऐसा क्यों है कि इतने वर्षों के बाद भी उनकी स्थिति नहीं बदली है? सिर्फ बात करने से नहीं होगा।

आपको सोचने और सरकार से कहने की जरूरत है कि उसे जाति जनगणना के लिए 'हां' कहना चाहिए और अत्याचार की राजनीति को खत्म करने का प्रयास करना चाहिए। अन्यथा, हम सोचेंगे कि आपका बयान हेडलाइन मैनेजमेंट के लिए राजनीतिक दबाव के तहत है। राजद नेता की टिप्पणी मोहन भागवत के बुधवार को महाराष्ट्र के नागपुर में दिए गए बयान के बाद आया, जिसमें मोहन भागवत ने कहा था कि समाज में भेदभाव मौजूद रहने तक आरक्षण जारी रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा था कि आरएसएस संगठन 'संविधान में दिए गए आरक्षण का पूरी तरह से समर्थन करता है।'

## पुलिस ने मकवाना के खिलाफ लापरवाही से मौत का मामला दर्ज किया

**कोलकाता, एजेंसी।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने एक बलात्कार पीड़िता को परेशान करने के आरोप में कोलकाता के दो थानों के प्रभारी अधिकारियों (ओसी) पर जुर्माना लगाया है। न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति गौरांग कंठ की खंडपीठ ने लेक थाना और नरेंद्रपुर थाना के ओसी को निर्देश दिया कि वे पीड़ित को अनुचित व्यवहार और उत्पीड़न के मुआवजे के रूप में पांच-पांच हजार रुपए की टोकन राशि का भुगतान करें। अदालत ने दोनों अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से पीड़ित महिला से लिखित माफी मांगने का भी निर्देश दिया है। हालांकि यह निर्देश खंडपीठ ने 5 सितंबर को पारित किया था, आदेश की प्रति गुरुवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई।

# सनातन धर्म पर की गयी टिप्पणी से हम सहमत नहीं: कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने सनातन धर्म को लेकर विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन के सहयोगी तमिलनाडु में द्रमुक सरकार के युवा कल्याण मंत्री उदयनिधि स्टालिन के बयान से किनारा करते हुए कहा है कि पार्टी इस तरह की टिप्पणियों से सहमत नहीं है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस सभी धर्मों को साथ लेकर के चलती है और किसी को कम ज्यादा करके आंकने के खिलाफ है। संविधान इस तरह की टिप्पणियों के विरुद्ध है और कांग्रेस में भी हमेशा सभी धर्मों का सम्मान करने की परंपरा रही है। उन्होंने कहा 'कांग्रेस इस तरह की टिप्पणियों के साथ नहीं है और हमारी पार्टी ऐसी टिप्पणियों का समर्थन नहीं करती। हम सभी धर्मों को साथ लेकर चलते हैं। किसी धर्म या पंथ को कम ज्यादा नहीं करना चाहिए। संविधान भी इसकी इजाजत नहीं देता और कांग्रेस की परंपरा भी ऐसी नहीं है। कांग्रेस सर्वधर्म समभाव में विश्वास करती है। पहले भी स्पष्ट तौर पर कह चुकी है कि इसकी तरह की टिप्पणियों से कांग्रेस सहमत नहीं है।' गौरतलब है कि श्री स्टालिन इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल द्रमुक के नेता तथा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री

### तथ्यों को जाने बिना पीएम का टिप्पणी करना अनुचित



**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए तथ्यों की ठीक से जांच किए बिना उदयनिधि स्टालिन के बयान पर टिप्पणी करना 'अनुचित' है। मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा कि उदयनिधि स्टालिन ने 'सनातन धर्म में अमानवीय प्रथाओं' के बारे में कुछ टिप्पणी की थी, जिसके बारे में पहले भारतीय उपमहाद्वीप के थानथाई पेरियार, महात्मा गांधी, श्री नारायण गुरु, बाबा साहेब अम्बेडकर, वल्लालर और वैकुंठर जैसे महान समाज सुधारक भी कह चुके हैं। उन्होंने कहा कि इन समाज सुधारकों ने प्रतिगामी वर्णाश्रम-मनुवाद-सनातन विचारधाराओं के खिलाफ बात की थी जो किसी के जन्म के आधार पर भेदभाव और महिलाओं के उत्पीड़न को उचित ठहराते हैं।

सिर्फसोलो ट्रिप के लिए ही नहीं एडवेंचर टूरिम का भी आकर्षण बन रहा है कश्मीर

# कश्मीर साहसिक पर्यटन के लिए एक प्रमुख आकर्षण बनता जा रहा

### पिछले साल से कश्मीर में पर्यटन में तेजी देखी जा रही

**जम्मू, देशबन्धु।** इसके प्रति कोई दो राय नहीं है कि पिछले साल से कश्मीर में पर्यटन में तेजी देखी जा रही है और कश्मीर साहसिक पर्यटन के लिए एक प्रमुख आकर्षण बनता जा रहा है। साथ ही विभिन्न स्थानों से पर्यटकों को यहां के सुरम्य स्थानों को देखने के लिए बाइक पर कश्मीर आते देखा जा सकता है। जहां पर्यटक कश्मीर की सुंदरता की प्रशंसा कर रहे हैं।

जहां पर्यटक कश्मीर की सुंदरता की प्रशंसा कर रहे हैं, देश के विभिन्न हिस्सों से आए कई साहसिक पर्यटकों से बात करने पर उन्होंने अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। उनमें से, देश के विभिन्न कोनों से बाइकर्स का एक समूह अक्सर बाईपास के माध्यम से अपना रास्ता बना रहा है, अंतत: घाटी के दिल-श्रीनर शहर तक पहुंच रहा है।

उनकी यात्रा अक्सर मनाली के रास्ते दिल्ली की वापसी यात्रा के साथ समाप्त होती है, जिससे



वे रास्ते में देखी गई प्राकृतिक सुंदरता से मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। ये साहसी बाइकर्स कश्मीर के प्राकृतिक आकर्षण की ओर आकर्षित हुए हैं, यह क्षेत्र अपने लुभावने परिदृश्यों, खूबसूरत झीलों और राजसी पहाड़ों के लिए प्रसिद्ध है। जैसे-जैसे वे घुमावदार सड़कों को पार करते हैं, वे खुद को हरी-भरी घाटियों और बर्फसे ढकी चोटियों के दृश्य से घिरा हुआ पाते हैं।

हाल ही में इस अभियान पर निकले बाइकर्स के एक समूह ने अपना आश्चर्य साझा करते हुए बताया कि उन्होंने यहां कश्मीर में सुरम्य स्थानों को देखा। गुजरात की एक महिला पर्यटक ने कहा कि यह मेरी कश्मीर की पहली यात्रा है और मैं बहुत खुश हूं। मैंने श्रीनर की खूबसूरत जहें देखी हैं, और मेरी योजना अपने बाइक समूह के साथ पहले लद्दाख, फिर मनाली और उसके बाद दिल्ली की यात्रा करने की है। मुंबई की एक अन्य महिला पर्यटक कहती थीं कि श्रीनर, लेह, लद्दाख और फिर दिल्ली तक बाइक से यात्रा करने का यह मेरा पहला अनुभव है और यह अद्भुत रहा है। अब तक, मेरी यात्रा अद्भुत रही है, मैंने यहां हर चीज का आनंद लिया है और कश्मीर बहुत सुंदर है, और यह वास्तव में पृथ्वी पर स्वर्ग है।

महाराष्ट्र से आने वाले अन्य दलों का कहना था कि बाइकर्स के रूप में हमने खुद को एक ऐसे परिदृश्य के बीच पाया जो सीधे एक सपने से बाहर लग रहा था, सड़क के प्रत्येक मोड़ और मोड़ के साथ नए और मंत्रमुग्ध कर देने वाले दृश्य सामने आ रहे थे। हमारे लिए मनाली के रास्ते दिल्ली की वापसी यात्रा उनके साहसिक चक्र को पूरा करने का एक तरीका है। यह चुनौतियों और परिदृश्यों का एक अलग नजारा पेश करता है, जिसमें हिमालय का ऊबड़-खाबड़ इलाका कश्मीर की शांत सुंदरता के बिल्कुल विपरीत है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**भारत ने सहयोग बढ़ाने....** आसियान भागीदारों के साथ भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर स्टैक को साझा करने, डिजिटल परावर्तन एवं वित्तीय कनेक्टिविटी में सहयोग पर ध्यान केंद्रित करते हुए डिजिटल भविष्य के लिए आसियान-भारत कोष स्थापित करने की घोषणा की गई। इसी प्रकार से 18वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने इस मंच के महत्व को दोहराया तथा इसे और मजबूत करने के लिए भारत के समर्थन की पुष्टि की।

**नफरत के बाजार में खुल....** ने यात्रा के दौरान अपने मन की बात नहीं की बल्कि इस अवसर का इस्तेमाल जनता की चिंता को सुनने के लिए किया। यह यात्रा अलग-अलग रूपों में आज भी जारी है। यह देश भर में छात्रों, ट्रक ड्राइवर्स, किसानों और कृषि श्रमिकों, मैकेनिकों, सब्जी व्यापारियों, एमएसएमई के साथ राहुल गांधी की मुलाक़ातों एवं मणिपुर में उनकी उपस्थिति के साथ-साथ लद्दाख की उनकी सप्ताह भर की विस्तारित यात्रा से स्पष्ट है।'

**भारत व इंडिया में भिड़ंत....** क्योंकि यह देश के वर्तमान और भविष्य के साथ जुड़ा हुआ है।' भारत छोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा, आज ऐतिहासिक 'भारत जोड़ो यात्रा' की पहली वर्षगांठ पर मैं लाखों निडर भारतीयों का धन्यवाद करता हूं। यह यात्रा मीलों और किलोमीटरों में नहीं नापी जा सकती है। यह यात्रा सैकड़ों भाषाएं, लाखों आहें, करोड़ों उम्मीदों के रास्ते से होते हुई भारत के दिल में समा गई। यह यात्रा अभी खत्म नहीं हुई है।

**सरकार स्वच्छ वायु सुनिश्चित...** प्रयासों से राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद मिल रही है। केंद्रीय मंत्री ने ठोस अपशिष्ट, प्लास्टिक अपशिष्ट, ई-अपशिष्ट, जैव-चिकित्सा अपशिष्ट, बैटरी अपशिष्ट, निर्माण, विध्वंस अपशिष्ट और टायर तथा खतरनाक अपशिष्ट को कवर करने वाले अपशिष्ट प्रबंधन नियमों की अधिसूचना पर प्रकाश डाला।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।